* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.com

26 अगस्त, 2022
भाद्रपद, कृष्ण पक्ष, चतुर्दशी
संवत 2079
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
शुक्रवार, वर्ष 07, अंक 306

कलम कलम बढ़ाये जा

आजाद सिपाही

राजू श्रीवास्तव को 15 दिन बाद आया होश, बेटी अंतरा ने कहा- पापा की हालत स्थिर

सीएम हेमंत सोरेन की सदस्यता पर फैसला कभी भी

राजभवन पहुंचा चुनाव आयोग का पत्र! : राज्यपाल रमेश बैस की तरफ सबकी नजर

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की विधानसभा सदस्यता पर फैसला कभी भी हो सकता है। गुरुवार को इस मामले से संबंधित चुनाव आयोग के फैसले की कॉपी झारखंड के राज्यपाल रमेश बैस को मिल गयी है।

राजभवन के एक अधिकारी ने चुनाव आयोग का पत्र मिलने की बात स्वीकार की। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग से एक सीलबंद लिफाफा आया है। इसमें क्या है, इस बारे में कोई जानकारी नहीं दी जा सकती।

राज्यपाल रमेश बैस दिल्ली से लौटे

चुनाव आयोग का पत्र मिलने के समय राज्यपाल रमेश बैस रांची में नहीं थे। वह सोमवार को ही दिल्ली गये थे। गुरुवार की दोपहर बाद वह रांची लौटे। रांची एयरपोर्ट पर पहुंचने के बाद जब मीडिया ने उनसे चुनाव आयोग की रिपोर्ट के बारे में सवाल पूछा, तो उन्होंने कहा कि उन्हें इसकी कोई जानकारी नहीं है। वह दिल्ली एम्स में इलाज करवाने के लिए गये थे। राजभवन पहुंच कर इसकी जानकारी लेंगे।

हालांकि देर शाम तक चुनाव आयोग के पत्र के बारे में आधिकारिक रूप से कोई जानकारी नहीं दी गयी थी।

क्या है पूरा मामला

रांची के अनगड़ा में 88 डिसमिल जमीन पर खदान लीज के मामले में झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पिछले कुछ माह से चर्चा में हैं। भाजपा ने इस मामले को ऑफिस ऑफ प्रॉफिट से जोड़ते हुए राज्यपाल से शिकायत की थी। शिकायत के अनुसार ऐसा कर उन्होंने अपने पद का दुरुपयोग किया। यह जन प्रतिनिधित्व कानून के प्रावधानों का उल्लंघन है। इसलिए हेमंत सोरेन की विधानसभा सदस्यता रद्द की जाये। इसी शिकायत के आलोक में राज्यपाल ने चुनाव आयोग से राय मांगी थी।

पिछले छह महीने से इस मामले में सुनवाई चल रही थी। आयोग ने मई में हेमंत सोरेन को एक नोटिस भेज कर खनन पट्टे पर उनका पक्ष मांगा था। 18 अगस्त को चुनाव आयोग ने दोनों पक्षों की सुनवाई पूरी कर ली थी। फैसला सुरक्षित रखा था। उस फैसले की कॉपी राज्यपाल को भेज दी गयी है। बंद लिफाफे में पहुंची रिपोर्ट में क्या लिखा है, इसकी जानकारी सार्वजनिक नहीं हुई है।

दिन भर सीएम हेमंत सोरेन के आवास के बाहर हलचल रही

रांची (आजाद सिपाही)। चुनाव आयोग का पत्र मिलने की सूचना आने के बाद झारखंड के सियासी गलियारे में हलचल तेज हो गयी है। गुरुवार को सीएम आवास के बाहर भी गहमागहमी रही। अधिकारियों और झामुमो नेताओं का आना-जाना लगा रहा। सीएम आवास के बाहर सुरक्षा बढ़ा दी गयी है। रांची के एसएसपी खुद सीएम आवास पहुंचे थे। कांग्रेस विधायक दल के नेता आलमगीर आलम, जगरनाथ महतो, हफीजुल हसन, मिथिलेश ठाकुर और झामुमो के दर्जन भर सीनियर नेता सीएम आवास गये थे।

भाजपा कार्यालय में भी गहमा-गहमी

उधर हरमू स्थित भाजपा के राज्य मुख्यालय में भी गहमा-गहमी रही। पार्टी के तमाम नेता वहां जमे रहे और झारखंड के पूरे राजनीतिक घटनाक्रम पर नजर बनाये रहे।

'भाजपा नेताओं और कठपुतली पत्रकारों ने तैयार की चुनाव आयोग की रिपोर्ट'

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। चुनाव आयोग का पत्र राजभवन को मिलने की जानकारी मिलने के बाद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा है कि ऐसा लगता है कि भाजपा के नेताओं सहित उनके सांसद और उनके कठपुतली पत्रकारों ने खुद चुनाव आयोग की रिपोर्ट का मसौदा तैयार किया है, जो सीलबंद लिफाफे में है, फिर इन्हें कैसे पता चल गया। एक ट्वीट में सीएम हेमंत सोरेन ने कहा है कि संवैधानिक प्राधिकरणों और सार्वजनिक एजेंसियों का घोर दुरुपयोग और शर्मनाक तरीके से भाजपा मुख्यालय द्वारा इसका अधिग्रहण भारतीय लोकतंत्र में अनदेखी है।

कुछ ट्वीट, जो सुर्खियों में रहे

भाजपा द्वारा संवैधानिक संस्थाओं का यह घोर दुरुपयोग और एक शर्मनाक तरीके से उनका पूर्ण अधिग्रहण देश के लोकतंत्र की नींव पर गहरा कुठाराघात है-हेमंत सोरेन

आग से तो हम हमेशा खेलते रहे

इस बारे में मीडिया ने जब मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से पूछा कि क्या वह अग्नि परीक्षा के लिए तैयार हैं, हेमंत सोरेन ने कहा: आग से तो हम हमेशा खेलते रहे।

भाजपा पर निशाना साधा

तीसरे पहर करीब चार बजे हेमंत सोरेन ने भाजपा पर निशाना साधते हुए ट्वीट किया: संवैधानिक संस्थानों को तो खरीद लोगे, जन समर्थन कैसे खरीद पाओगे? झारखंड के हमारे हजारों मेहनती पुलिसकर्मियों का यह स्नेह और यहां की जनता का समर्थन ही मेरी ताकत है। हैं तैयार हम! जय झारखंड!

हेमंत सरकार को कोई खतरा नहीं : सुप्रियो

झामुमो नेता सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि चुनाव आयोग द्वारा राज्यपाल को भेजे गये सीलबंद लिफाफे को अगर कोई सांसद सार्वजनिक करने का दावा करता है, तो यह क्रिमिनल ऑफेंस है। उन्होंने कहा कि सरकार पूरी तरह से स्थिर है। हेमंत सरकार को कोई खतरा नहीं है।

चुनाव आयोग या राज्यपाल से सीएमओ को कोई पत्र नहीं मिला है : आलमगीर

कांग्रेस नेता सह मंत्री आलमगीर आलम ने मीडिया से बात करते हुए कहा था कि कई मीडिया रिपोर्टों में यह खबर प्रकाशित की जा रही है कि चुनाव आयोग ने सीएम को विधायक के रूप में उनकी अयोग्यता की सिफारिश को लेकर फैसला सुनाया है। हालांकि इस संबंध में चुनाव आयोग या राज्यपाल से सीएमओ को कोई पत्र नहीं मिला है।

हेमंत के नेतृत्व में मजबूती से सरकार चल रही है, चलेगी : सुप्रियो भट्टाचार्य

झामुमो शिवालय का घंटा है क्या, कोई भी बजा कर चला जाता है

- भाजपा पर साधा निशाना, कहा- बिलकिस बानो के दोषियों को माला पहनाने वाले सत्यमेव जयते कह रहे

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से जुड़े खनन पट्टा लीज मामले में चुनाव आयोग के संभावित फैसले को लेकर सियासी हलचल तेज है। इसी बीच गुरुवार को जेएमएम की तरफ से प्रेस कॉन्फ्रेंस की गयी, जहां जेएमएम के वरिष्ठ नेता सुप्रियो भट्टाचार्य ने जम कर भाजपा पर निशाना साधा है।

उन्होंने कहा कि ये संपूर्ण पटकथा बीजेपी द्वारा लिखी गयी है। लग रहा है कि चुनाव आयोग का जो फैसला है, वो या तो पंडित दीनदयाल उपाध्याय मार्ग में लिखी गयी हो या बिरसा मुंडा राजपथ स्थित बीजेपी कार्यालय में लिखी गयी हो। माननीय राज्यपाल रांची आये, उन्होंने कहा कि मेरी जानकारी में ऐसी कोई बात नहीं है कि चुनाव आयोग ने कोई पत्र भेजा है। मैं राजभवन पहुंचूंगा तभी कुछ बता पाऊंगा, लेकिन भारतीय जनता पार्टी के नेताओं को जो पता है, वह राज्यपाल को नहीं पता ये अजीब विडंबना है।

उन्होंने कहा कि भारत के निर्वाचन आयोग से मांग है कि उनके अभिमान, स्वायत्तता के साथ भाजपा सांसद ने खिलवाड़ किया है। उनको स्वतः संज्ञान लेते हुए, ऐसे व्यक्ति, जो संसद का सदस्य है, उनकी ना केवल सदस्यता रद्द हो, बल्कि आपराधिक मुकदमा भी दर्ज हो। आपके पास अगर ऑफिशियल दस्तावेज है, तो उसे सार्वजनिक कर रहे हैं, जिसमें आप सक्षम नहीं है तो संविधान की अवमानना के लिए मुकदमा दर्ज हो। ये कतई बर्दाश्त नहीं करेंगे। राजनीतिक तौर पर बीजेपी के साथ हर प्रकार से, हर वक्त, प्रतिद्वंद्विता के लिए तैयार हैं। 2019 में हमने उनको हराया। चार उपचुनावों में बीजेपी को हार मिली। जितना षडयंत्र करना हो करे। जिन पुलिसकर्मियों को 20 साल तक रघुवर दास और पूर्ववर्ती सीएम ने रूलाया। हमने उन्हें हंसाया। हमने पारा शिक्षकों को हंसाया। युवाओं को रोजगार देने का काम किया। स्वास्थ्य सुविधा बेहतर की है। महिला सशक्तिकरण को बल दिया है। ये बीजेपी को रास नहीं आ रहा है।

सुप्रियो भट्टाचार्य ने इस दौरान कहा कि झामुमो शिवालय का घंटा बन गया है, जो भी आता है बजा कर चला जाता है। हम संघर्ष करके यहां तक पहुंचे हैं। हमें सबके सुझाव चाहिए लेकिन हमें निर्देशन नहीं चाहिए।

सुप्रियो भट्टाचार्य सरयू राय के ट्वीट पर प्रतिक्रिया दे रहे थे। उन्होंने कहा किहमें हमारा कमिटमेंट पता है। राजनीतिक विकल्पों की काई कमी नहीं है। हमारा विकल्प हेमंत सोरेन है। वहीं हमारे नेता है। हम आईन के तहत ही चलेंगे। पूरी मजबूती के सात हमारी सरकार चलेगी। 2024 तक मजे में चलेगी हमारी सरकार। उन्होंने भाजपा की तरफ इशारा करते हुए कहा कि सत्यमेव जयते होते तो बिलकिस बानो के दोषियों को माला नहीं पहनाते। कठुआ गैंगरेप के आरोपियों के पक्ष में तिरंगा यात्रा निकाली गयी थी। ये लोग सत्यमेव जयते करेंगे।

वहीं विजय हांसदा ने कहा कि निर्णय चाहे जो भी आये उसके लिए हम तैयार हैं। संविधान हमारा मजबूत नींव के साथ तैयार हुआ है। संवैधानिक संस्थाओं से पहले कुछ लोग फैसले के बारे में बोलते हैं तो हम सोचने को मजबूर हुए। कहा जा रहा है कि सरकार गिर सकती है। लेकिन हमारे नेता बहुत मजबूती के साथ खड़े हैं। जो जनादेश हमें मिला है हम उसके लिए काम कर रहे हैं। जनता का विश्वास मजबूत होता जा रहा है।

प्रेम प्रकाश को इडी ने लिया छह दिनों की रिमांड पर

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। पावर ब्रोकर के नाम से चर्चित प्रेम प्रकाश से इडी अब रिमांड पर लेकर पूछताछ करेगी। प्रेम प्रकाश को गिरफ्तार करने के बाद इडी की टीम ने उसे न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया। इस दौरान इडी की ओर से प्रेम प्रकाश को 14 दिनों की रिमांड पर लेने का आवेदन दिया गया, लेकिन कोर्ट ने सिर्फ छह दिनों के रिमांड की ही मंजूरी दी है। अब इडी छह दिनों तक प्रेम प्रकाश से पूछताछ करेगी। बता दें कि प्रेम प्रकाश को कड़ी सुरक्षा के बीच इडी की विशेष अदालत के समक्ष पेश किया गया।

मनी लॉन्ड्रिंग के तहत इडी ने की थी छापेमारी : इससे पहले झारखंड के राजनेता और अफसरों के करीबी प्रेम प्रकाश के ठिकानों पर बुधवार देर रात तक इडी की टीम ने छापेमारी की, जिसके बाद इडी ने प्रेम प्रकाश को गिरफ्तार कर लिया। इडी की टीम ने बुधवार की रात 12 बजे तक छापेमारी की। गौरतलब है कि बुधवार सुबह 7 बजे से ही इडी प्रेम प्रकाश के 17 ठिकानों पर छापेमारी कर रही थी। इस दौरान इडी ने प्रेम प्रकाश के हरमू स्थित शैलोदय आवास से दो एके-47 बरामद किया है। इस मामले में रांची जिला बल के दो आरक्षी को निलंबित कर दिया गया है।

बता दें कि अवैध खनन और मनरेगा घोटाले में मनी लॉन्ड्रिंग के तहत अनुसंधान के दौरान प्रेम प्रकाश का नाम सामने आया था। इसके बाद इडी ने लंबे समय तक प्रेम प्रकाश से पूछताछ भी की थी और पूर्व में बीते 25 मई को उनसे जुड़े लगभग दर्जन भर ठिकानों पर छापेमारी भी की थी। तब इडी को विदेशी नस्ल का कछुआ और करोड़ों के लेनदेन संबंधित दस्तावेज भी हाथ लगे थे। पूर्व में मिले इनपुट के आधार पर इडी ने उनकी चल अचल संपत्ति को भी खंगाला था। प्रेम प्रकाश पर राजनेताओं और अफसरों की मिलीभगत से ट्रांसफर पोस्टिंग कराने से लेकर ठेका पट्टा दिलाने तक में भूमिका पर भी इडी ने जांच की है।

आजाद सिपाही
187200 Subscribers
झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
Channel

सर्राफा

सोना (बिक्री)	49,100 रु./10 ग्राम
सोना (खरीद)	46,100 रु./10 ग्राम
चांदी	59,500 रु./प्रति किलो

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 26 अगस्त, 2022
www.azadsipahi.com

आखिर इतनी डरी हुई क्यों है आम आदमी पार्टी!

अपने विधायकों को क्यों संभाल नहीं पा रहे केजरीवाल : उलटा होगा इस राजनीतिक प्रहसन का असर

आजाद सिपाही विशेष

भ्रष्टाचार के खिलाफ आंदोलन की कोख से पैदा हुई आम आदमी पार्टी ने 2020 में जब दिल्ली विधानसभा की 70 में से 62 सीटें जीती थीं, तब कहा गया था कि 2024 में वह भाजपा और कांग्रेस के मुकाबले के लिए तैयार होगी। अब आप के मुखिया अरविंद केजरीवाल दिल्ली के बाद पंजाब में चुनावी जीत हासिल करने के बाद अगला प्रधानमंत्री बनने का सपना देखने लगे हैं। लेकिन उनके सबसे मजबूत गढ़, यानी दिल्ली में ही एक अनजाना डर उन्हें सताने लगा है और यह डर 25 अगस्त को सामने आ भी गया। केजरीवाल ने अपने विधायकों की बैठक बुलायी थी, लेकिन उसमें नौ विधायक नहीं पहुंचे। उन्होंने तत्काल आरोप लगा दिया कि उनकी सरकार को अस्थिर करने की साजिश रची गयी है और आप विधायकों को खरीदने के लिए आठ सौ करोड़ रुपये तैयार हैं। उनका यह आरोप भाजपा पर लगा, लेकिन कुछ ही देर बाद स्थिति स्पष्ट हो गयी और एक बार फिर केजरीवाल ने 'ऑपरेशन लोटस' के फेल होने का एलान कर दिया। इससे पहले उनके डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया ने अपने ठिकानों पर हुई सीबीआइ की छापामारी के बाद आरोप लगाया था कि उन्हें भाजपा की ओर से पार्टी को तोड़ने और इसके बदले सभी केस वापस लेने का ऑफर आया है। ऐसे में आखिर आम आदमी पार्टी क्या साबित करना चाहती है। जिस पार्टी के पास इतना प्रचंड बहुमत है, वह इतनी डरी हुई क्यों है, यह सवाल आज राजनीतिक हलकों में पूछा जा रहा है। इसका जवाब कम से कम अरविंद केजरीवाल और उनकी पार्टी के नेताओं के पास तो नहीं ही है। तो फिर अपनी विश्वसनीयता को दांव पर क्यों लगा रहे हैं केजरीवाल, इसे समझना बहुत जरूरी है। आप की इस राजनीति का परत-दर-परत विश्लेषण कर रहे हैं आजाद सिपाही के **विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

राकेश सिंह

भ्रष्टाचार के खिलाफ आंदोलन की कोख से 2 अक्टूबर 2012 को पैदा हुई आम आदमी पार्टी इन दिनों एक अजीब किस्म की बेचैनी से जूझ रही है। इसके नेता अरविंद केजरीवाल दिल्ली के बाद पंजाब में मिली चुनावी सफलता के कारण खुद को 'पीएम एलीमेंट' मानने लगे हैं और आप को लगता है कि 2024 में नरेंद्र मोदी को सबसे सशक्त चुनौती अरविंद केजरीवाल ही पेश करेंगे। यह सपना कितना हकीकत बनेगा, यह तो अभी नहीं कहा जा सकता है, लेकिन केजरीवाल और उनकी पार्टी अभी से ही खुद को असुरक्षित मानने लगी है। इतनी असुरक्षित कि 70 सदस्यीय दिल्ली विधानसभा में 62 सीटें होने के बावजूद वह अपनी सरकार का तख्ता पलटने की साजिश रचे जाने का आरोप लगा रही है। दरअसल आम आदमी पार्टी के भीतर में सब कुछ ठीक नहीं चल रहा है। यदि यह कहा जाये कि पार्टी अपने सबसे बुरे दौर से गुजर रही है, तो गलत नहीं होगा। पार्टी के सपने तो बहुत बड़े हैं, लेकिन उसके पास उन्हें पूरा करने के लिए न विजन है और न जरूरी ताकत। आप और इसके नेता इस कमी को दूर करने की बजाय खुद को 'विक्टिम' बताने लगे हैं। उनका कहना है कि पार्टी की बढ़ती लोकप्रियता को देखते हुए उसे भीतर से कमजोर करने की साजिश रची जाने लगी है। लेकिन उसे अपने भीतर की कमजोरी दिखायी नहीं दे रही है।

अब यहां सवाल उठता है कि भाजपा क्यों दिल्ली की आम आदमी पार्टी की सरकार को गिराना चाहेगी। आम आदमी पार्टी की सरकार खुद ही हर दिन नये संकट मोल ले रही है। उसके करीब दो दर्जन विधायक अलग-अलग मामलों में फंसे हुए हैं, एक मंत्री जेल में है। डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया शराब घोटाले में फंस गये हैं। ऐसे माहौल में भाजपा अपने सिर पर बदनामी क्यों लेना चाहेगी। इधर 25 अगस्त को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की ओर से बुलायी गयी विधायकों की बैठक से यह साफ हो गया है कि पार्टी के सभी विधायक एकजुट हैं और सरकार पर कोई खतरा नहीं है। केजरीवाल की बैठक में 53 विधायक पहुंचे, जबकि आठ विभिन्न कारणों से दिल्ली से बाहर हैं। वहीं, स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन जेल में बंद होने की वजह से नहीं आ पाये। कुछ विधायकों के बैठक में देरी से पहुंचने के पहले ही आप के नेताओं ने आरोप लगा दिया कि उनके 40 विधायकों को खरीदने की कोशिश की जा रही है। प्रत्येक विधायक को 20-20 करोड़ रुपये का ऑफर दिया गया है। जब स्थिति साफ हुई, तब केजरीवाल ने एलान कर दिया कि दिल्ली में 'ऑपरेशन लोटस' को फेल कर दिया गया है। आप नेताओं ने दावा किया कि उन्होंने भाजपा का ऑफर ठुकरा दिया है। आप नेताओं ने कहा कि उन्हें धमकी दी गयी है कि प्रस्ताव ठुकराने पर उनके खिलाफ उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की तरह फर्जी मामले दर्ज किये जायेंगे। इस दौरान उन्होंने उन्हें दिये गये प्रस्ताव का कोई ऑडियो या वीडियो सबूत के तौर पर पेश नहीं किया।

दरअसल, आप का यह डर उसके भीतर पनप रहे असंतोष का परिचायक है। मनीष सिसोदिया के शराब घोटाले में घिरने के बाद से आप को लग रहा है कि उसका राजनीतिक भविष्य खतरे में है। इसमें कुछ हकीकत भी है, क्योंकि जिस भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज बुलंद कर आप सत्ता में आयी थी, अब एक-एक कर उसके भीतर का भ्रष्टाचार सामने आ रहा है और उसकी जमीन खिसक रही है।

आप के आरोप को भाजपा ने ड्रामा बताया। पार्टी का कहना है कि केजरीवाल सरकार शराब घोटाले से ध्यान भटकाने के लिए इस तरह की बातें कर रही है। पार्टी ने कहा कि उसे आम आदमी पार्टी की सरकार तोड़ने की जरूरत नहीं है। वह 'वादा पूरा करने' की बात करती है। पार्टी ने आम आदमी पार्टी के विधायकों को 20-25 करोड़ रुपये के ऑफर को पूरी तरह से खारिज करते हुए कहा कि भाजपा से कोई उन्हें ऑफर नहीं कर रहा है और केजरीवाल को उस व्यक्ति का नाम भी बताना चाहिए, जिसने आप के विधायकों को यह ऑफर किया है। भाजपा ने कहा कि शराब घोटाले में पूछे गये सवालों का जवाब देने की बजाय ये इधर-उधर की बात कर रहे हैं और इनके विधायकों को शराब माफियाओं के ऑफर की आदत पड़ गयी है।

यहां सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या इतने प्रचंड बहुमत वाले विधायक दल को तोड़ने की कोशिश की जा सकती है। राजनीति का कोई नया खिलाड़ी भी इस बात को समझ सकता है कि महज आठ विधायकों वाली पार्टी 70 सदस्यीय सदन में बहुमत हासिल करने की साजिश रच सकती है।

कुल मिला कर आप और उसके नेताओं का यह डर उनकी खिसकती जमीन का परिचायक है, जो अगले कुछ दिनों में खुद-ब-खुद सामने आ जायेगा। बार-बार आरोप लगाने के पहले अरविंद केजरीवाल को खुद आत्ममंथन करना चाहिए कि क्या उनका नेतृत्व इतना कमजोर है, क्या उनके विधायक इतने लालची हैं कि 20-25 करोड़ रुपये में बिक जायेंगे। अगर ऐसा है, तो अरविंद केजरीवाल को मान लेना चाहिए कि उन्होंने सही व्यक्ति को टिकट नहीं दिया, बल्कि पैसे से दिल्ली का सौदा करनेवालों को चुनावी मैदान में उतारा। ऐसी टीम से दिल्ली का भला नहीं हो सकता, जिसके पास नैतिकता नहीं हो, पार्टी के प्रति प्रतिबद्धता नहीं हो।

ट्विटर पर चला सीएम हेमंत हमारा अभिमान

जेएमएम ने पूछा : चुनाव आयोग का नाम क्या भाजपा आयोग करना चाहिए?

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की सदस्यता के संबंध में अपना फैसला केंद्रीय निर्वाचन आयोग ने राज्यपाल रमेश बैस को भेज दिया है। अब जल्द ही राजभवन इस बारे में फैसला जारी करेगा। इस बीच मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पार्टी झामुमो के द्वारा सीएम हेमंत हमारा अभिमान हैशटैग चलाया जा रहा है। इसके साथ ही झामुमो ने पूछा है कि क्या चुनाव आयोग का नाम बदल कर भाजपा आयोग कर देना चाहिए?

अपने ऑफिशियल ट्वीटर हैंडल पर झामुमो ने लिखा है कि क्या संवैधानिक संस्थाओं ने अपने आपको बिका दिया है? चुनाव आयोग के सीलबंद लिफाफे के अंदर की जानकारी क्या है, यह भाजपा सांसद, इनके नेताओं और गोदी मीडिया के तथाकथित पत्रकारों को कैसे पता चला?

झामुमो ने लिखा है कि जनता के दरवाजे में भाजपा के निर्लज्ज नेता झारखंड के आदिवासी पुत्र और झारखंडी सरकार से बार-बार हारते चले गये। इनसे कुछ न बन सका, तो यह संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग करने पर उतारू हो गये। मगर यह भी झारखंड है। शोषण का जवाब देना हम जानते हैं।

अर्जुन मुंडा ने रांची पुलिस की भूमिका पर खड़ा किया प्रश्न चिह्न

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने प्रेम प्रकाश के घर से बरामद हथियार के मामले में रांची पुलिस की भूमिका पर प्रश्न चिह्न खड़ा किया है। अर्जुन मुंडा ने गुरुवार को कहा कि रांची में पिछले कुछ दिनों से सुर्खियों में आये किसी प्रेम प्रकाश के घर से एके 47 और गोली निकलना बहुत ही गंभीर विषय है।

उन्होंने कहा कि दो बॉडी गार्ड के ये हथियार थे। झारखंड पुलिस के ये बॉडी गार्ड किसके नाम, कब और कहां के लिए थे और उन्होंने जो हथियार रखने के बहाने ढूंढ़े वह हास्यास्पद है। मुंडा ने इस मामले की किसी स्वतंत्र एजेंसी से जांच की मांग की है।

उन्होंने कहा कि इस मामले में मैंने जब झारखंड के डीजीपी से बात की, तो उन्होंने कहा कि अभी तक उनको रिपोर्ट नहीं मिली। राजधानी में हुई इतनी बड़ी घटना की रिपोर्ट डीजीपी को नहीं मिलना गंभीर विषय है।

छठी जेपीएससी से जुड़े मामले में सुप्रीम कोर्ट का फैसला

हाइकोर्ट के सिंगल बेंच और डबल बेंच का आदेश निरस्त

326 अधिकारियों को राहत, 60 को बड़ा झटका

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। छठी जेपीएससी से जुड़े मामले में सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुना दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने हाइकोर्ट के सिंगल बेंच और डबल बेंच का आदेश निरस्त कर दिया है। इससे 326 अधिकारियों को राहत मिली है, जबकि 60 अभ्यर्थियों को बड़ा झटका लगा है।

सुप्रीम कोर्ट ने पहली रिकमंडेशन को सही करार दिया है। इसके साथ ही शीर्ष अदालत ने रिट कोर्ट में लिये गये स्टैंड को भी सही करार दिया है। रिट कोर्ट में जेपीएससी के अधिवक्ता संजोय पिपरवाला ने पक्ष रखा था। इस फैसले से इन 62 अभ्यर्थियों को बड़ा झटका लगा है।

28 जुलाई को फैसला रखा था सुरक्षित : बता दें कि 28 जुलाई को सभी पक्षों की दलीलें सुनने के बाद कोर्ट ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। इस दौरान सभी पक्षों के वकीलों की बहस को कोर्ट ने सुना है, जिसके बाद अदालत ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया।

हाइकोर्ट ने खारिज किया था छठी जेपीएससी का रिजल्ट : बता दें कि झारखंड हाइकोर्ट के चीफ जस्टिस डॉ रविरंजन और न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद की डबल बेंच ने एकल पीठ के फैसले को बरकरार रखते हुए छठी जेपीएससी के रिजल्ट को खारिज कर दिया था।

अदालत ने एलपीए 204 और 207 पर सुनवाई करते हुए यह आदेश दिया था। कोर्ट ने 7 जून 2021 को छठी जेपीएससी की नयी मेरिट लिस्ट जारी करने का फैसला दिया था, जिसके बाद यह मामला देश की सर्वोच्च अदालत के समक्ष पहुंचा।

जामताड़ा में आलू के भाव बिक रहा है काजू

एक प्रोसेसिंग प्लांट लग जाये, तो बात बन जाये

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। देश में कहीं भी साइबर क्राइम की घटना हो, सबसे पहले जुबान पर नाम आता है-जामताड़ा का। झारखंड का यह ऐसा शहर ह, जो बड़े-बड़े साइबर अपराध को अंजाम दे चुका है। यहां के साइबर अपराधी न सिर्फ अपराध को अंजाम देते हैं, बल्कि यहां साइबर क्राइम की पाठशाला में कई अपराधी प्रशिक्षण भी प्राप्त करते हैं। जामताड़ा शहर से करीब चार किलोमीटर दूर एक गांव है-नाला। इसे झारखंड की काजू नगरी कहा जाता है। यहां जो काजू का बगान है, झारखंड में ऐसा कहीं भी नहीं है। यहां काजू आपको आलू के भाव मिल जायेगा। यानी महज 20 से 30 रुपये प्रति किलो।

बंगाल के कारोबारी लोगों से खरीद कर ले जाते हैं : ग्रामीण बताते हैं कि पड़ोस के बंगाल के व्यापारियों को इसकी सूचना मिली। उन्होंने इन ग्रामीणों से काजू का फल खरीदना शुरू कर दिया। व्यापारी इसे थोक भाव में खरीद कर ले जाने लगे। बंगाल में ही प्रोसेसिंग कर इसे ज्यादा कीमत पर बेचने लगे। देखते ही देखते यह कारोबार विस्तार पा गया। आज भी इस इलाके से बंगाल के कारोबारी काजू खरीद कर ले जाते हैं। व्यापारी तो प्रोसेसिंग के बाद अधिक मुनाफा कमा लेते हैं, लेकिन ग्रामीणों को इसकी कोई उचित कीमत नहीं मिल पाती है।

काजू प्रोसेसिंग प्लांट की मांग कर चुके हैं ग्रामीण : ग्रामीणों की मानें तो अगर झारखंड सरकार इस इलाके में काजू प्रोसेसिंग प्लांट लगा दे, तो काजू की खेती घर-घर होने लगेगी। लोगों को रोजगार का साधन विकसित हो जायेगा। यहां गांव में किसी के पास ऐसी स्थिति नहीं है कि वह खुद के खर्चे से काजू का प्रोसेसिंग प्लांट स्थापित कर सके। स्थानीय ग्रामीण कई बार प्रशासन से इसके लिए पहल करने की मांग कर चुके हैं। ग्रामीण बताते हैं कि सामाजिक वानिकी कार्यक्रम के तहत ये पौधे वन विभाग की ओर से लगाये गये थे। बगान विकसित होने के बाद अब इस छोटे से गांव का नाम ही काजू नगरी हो गया है।

50 एकड़ में वन विभाग ने विकसित किया बगान

जामताड़ा के नाला गांव में करीब 50 एकड़ क्षेत्रफल में काजू का बगान है। यहां की जलवायु और मिट्टी काजू की खेती के लिए अनुकूल है। वर्ष 1990 के आसपास की बात है। वन विभाग को पता चला कि यहां की मिट्टी काजू की उपज के लिए बेहतर है। उसने बड़े पैमाने पर काजू का पौधा लगा दिया। देखते ही देखते पौधे पेड़ बन गये। हजारों की संख्या में काजू के पेड़ नजर आने लगे। पहली बार काजू का फल हुआ तो गांव वाले देख कर गदगद हो उठे। बगान से काजू चुन कर घर लाते और एकत्र कर सड़क किनारे औने-पौने दाम में बेच देते। चूंकि इलाके में कोई प्रोसेसिंग प्लांट नहीं था, इसलिए फलों से काजू निकालना उनके लिए संभव भी नहीं था।

काजू नगरी नाला में रोजगार का कोई साधन नहीं

झारखंड के इस जिले में कोई कल-कारखाना नहीं है। यहां कुटीर उद्योग भी नहीं है। बारिश के मौसम में यहां लोग धान की खेती करते हैं। इसके बाद लोग दूसरे शहरों में पलायन कर जाते हैं। बाहर के राज्यों में मजदूरी करना और पेट पालना यही इनकी जिंदगी बन गयी है। कई लोग मनरेगा योजना के तहत मजदूरी करते हैं, जिससे घर की दाल रोटी चलती है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि इलाके में काजू उत्पादन को ही कुटीर उद्योग का रूप दे दिया जाये तो लोगों की किस्मत बदल सकती है।

दक्षिणी छोटानागपुर में 45 दिन में चार बार बदले आयुक्त

नहीं लगी अदालत, 530 केस पेंडिंग

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। झारखंड सरकार ने भारतीय प्रशासनिक सेवा के 18 अधिकारियों का स्थानांतरण और पदस्थापन कार्मिक की अधिसूचना संख्या 4103 के माध्यम से 8 जुलाई को किया था। इसमें प्रमंडलीय आयुक्त नितिन मदन कुलकर्णी का भी स्थानांतरण किया गया था। नितिन मदन कुलकर्णी का मूल पद प्रमंडलीय आयुक्त का था। साथ ही अतिरिक्त प्रभार के रूप में राज्यपाल के प्रधान सचिव थे। जिस कारण से अगर नितिन मदन कुलकर्णी प्रमंडलीय आयुक्त का पद छोड़ देते, तो उन्हें राज्यपाल के प्रधान सचिव का पद भी तकनीकी वजहों से छोड़ना पड़ता। इसे लेकर राजभवन ने प्रभारी मुख्य सचिव को तलब भी किया था। प्रभारी मुख्य सचिव अरुण कुमार सिंह से पूछा था कि बिना पूछे उनके प्रधान सचिव नितिन मदन कुलकर्णी का ट्रांसफर किस परिस्थिति में किया गया।

इसी दौरान राज्यपाल ने प्रधान सचिव के तबादले पर आपत्ति जतायी थी। इस तबादले के 46 दिन बाद कार्मिक ने 24 अगस्त को पुनः अधिसूचना जारी कर पूर्व के आदेश को बदलते हुए राज्यपाल ने प्रधान सचिव के पद पर स्थानांतरण किया। नितिन मदन कुलकर्णी तबादले के बाद प्रमंडलीय आयुक्त पद पर बने रहे, लेकिन इस बीच कमिश्नर कोर्ट में एक भी सुनवाई नहीं हुई। कमिश्नर कोर्ट में 530 केस पेंडिंग हैं। सूत्रों के मुताबिक, जिस तरह प्रमंडलीय आयुक्त के पद पर नितिन मदन कुलकर्णी कार्य कर रहे थे, डेढ़ महीने में 30 से अधिक केस का डिस्पोजल कर दिया जाता। दक्षिणी छोटानागपुर कमिश्नर कोर्ट में 530 मामले अभी भी पेंडिंग हैं।

45 दिनों में नितिन मदन कुलकर्णी, प्रवीण टोप्पो, के श्रीनिवासन, ए मुथुकुमार भी बनाये गये आयुक्त : सरकार द्वारा प्रमंडलीय आयुक्त के पद से नितिन मदन कुलकर्णी को हटाये जाने की अधिसूचना जारी होने के बाद नितिन मदन कुलकर्णी के स्थान पर प्रवीण टोप्पो को प्रमंडलीय आयुक्त बनाया गया।

नितिन मदन कुलकर्णी के तबादले पर राजभवन ने जतायी थी आपत्ति

अधिसूचना संख्या 4103 के तबादले के मुताबिक, नितिन मदन कुलकर्णी को राज्य वित्त आयोग का अध्यक्ष बनाया गया, वहीं राहुल शर्मा को राज्यपाल के प्रधान सचिव का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया। राजभवन ने प्रभारी मुख्य सचिव से कहा कि इस मामले में मुख्यमंत्री सचिवालय से बात की जायेगी। राजभवन के अनुसार, अब तक की परंपरा रही है कि राज्यपाल के प्रधान सचिव, एडीसी आदि को पदस्थापित करने या तबादला करने से पहले एक बार पूछ लिया जाता है। राज्यपाल के पास इसके लिए तीन नाम भेजे जाते हैं, जिस पर उनकी सहमति के बाद किसी एक अधिकारी को पदस्थापित किया जाता है, लेकिन इस मामले में ऐसा नहीं किया गया।

आजाद सिपाही
18720 Subscribers
झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
1 Channel

वेदर

शहर	अधिकतम	न्यूनतम
रांची	30.4 ℃	21.7 ℃
सूर्यास्त (आज)	:	18.13 बजे
सूर्योदय (कल)	:	05.28 बजे

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 26 अगस्त, 2022
www.azadsipahi.com

सिंदरी में बवाल : हजारों की भीड़ ने सिंह मेंशन के करीबी लक्की सिंह के कार्यालय पर बोला हमला, जम कर तोड़फोड़

फायरिंग और पथराव के बाद हिंसक झड़प में तीन थानेदार घायल

- पुलिस और ग्रामीणों के बीच गोली फायरिंग से मची अफरा तफरी

आजाद सिपाही संवाददाता

धनबाद/सिंदरी। सिंह मेंशन के करीबी गौरव वक्ष उर्फ लक्की सिंह और फर्टिलाइजर वर्कर्स यूनियन के महामंत्री संतोष चौधरी के बीच चल रहे विवाद में गुरुवार की दोपहर एक बार फिर जम कर बवाल हुआ। दो दिन पूर्व हुई मारपीट की घटना के विरोध में बलियापुर बड़दाहा के सैकड़ों ग्रामीणों ने गुरुवार की दोपहर जुलूस निकाला। जुलूस जैसे ही शहरपुरा स्थित लक्की सिंह के कार्यालय के पास पहुंचा, उसमें शामिल ग्रामीणों ने कार्यालय पर हमला बोल दिया। जम कर तोड़फोड़ और पथराव भी किया। भीड़ को हटाने के लिए कार्यालय में पहले से तैनात पुलिस के जवानों ने हवाई फायरिंग की। इसके जवाब में भीड़ में शामिल लोगों ने भी फायरिंग शुरू कर दी। गोलियों की तड़तड़ाहट से पूरा इलाका दहल उठा। अफरा-तफरी में शहरपुरा बाजार में भगदड़ मच गया। लोग इधर-उधर भागने लगे। दुकानों के शटर बंद होने लगे। बताया जा रहा है कि पुलिस ने करीब दस राउंड फायरिंग की है। वहीं ग्रामीणों की ओर से भी फायरिंग की गयी है। तनाव का माहौल है। सिंदरी के लोग सकते में हैं। वहीं हमले में पाथरडीह थाना प्रभारी अभय कुमार, भौरा ओपी प्रभारी हिमांशु कुमार व अलकडीहा ओपी प्रभारी घायल हो गए हैं, जिनका इलाज अस्पताल में चल रहा है।

दो दिन पूर्व हुई मारपीट का हिंसक रूप आया सामने : ज्ञात हो कि बीते सोमवार को सिंदरी में सिंह मेंशन समर्थकों एवं आसपास के गांव के ग्रामीणों में भिड़ंत हो गयी थी। इस दौरान दो बार बवाल हुआ। दिन में दो बजे के करीब आधा दर्जन से अधिक ग्रामीण मेंशन समर्थक गौरव वक्ष उर्फ लक्की सिंह के कार्यालय पहुंचे। उनका कहना था कि तीन दिन पहले लक्की समर्थकों ने गांव के युवक किरण की पिटाई की थी। पिटाई करनेवालों को बख्शेंगे नहीं, इस पर बात बढ़ गयी। गौरव और उनके समर्थकों ने ग्रामीणों को लाठी-डंडों से पीटा। इसमें आधा दर्जन ग्रामीण जख्मी हो गये। सूचना पाकर सिंदरी थाना की पुलिस पहुंची और घायलों को अस्पताल भेजा।

इधर, सूचना जब आसपास के गांवों में पहुंची, तो करीब सौ से ज्यादा बाइक पर सवार ग्रामीणों ने रात करीब 11 बजे गौरव के कार्यालय पर हमला कर दिया और पथराव किया। वहां के शीशे एवं कुर्सियां आदि तोड़ दीं। हवा में छह राउंड फायरिंग भी की।

सूचना पाकर सिंदरी थाने से पुलिस पहुंची, तब तक हमलावर जा चुके थे। ग्रामीणों की संख्या देख गौरव समर्थक भी वहां से निकल भागे। इसके बाद से दोनों पक्षों में स्थिति तनावपूर्ण है। पुलिस क्षेत्र में गश्त कर रही थी, लेकिन इस बीच गुरुवार को अचानक हजार की संख्या में ग्रामीण हरवे-हथियार के साथ लैश होकर लक्की सिंह के कार्यालय और घर पर धाबा बोल दिया। उल्लेखनीय है कि सोमवार को दो पक्षों के बीच हुई मारपीट 8 लोग घायल हुए थे। घायलों में एक पक्ष के किरण महतो, राहुल महतो, विष्णु राणा, भीम कुमार महतो, दीपक कुमार महतो एवं मलय कुमार महतो शामिल हैं। विष्णु राणा आरएम फोर का, जबकि बाकी बड़ादाहा के रहने वाले हैं। लक्की सिंह समर्थक गुड्डू सिंह व छोटू कुमार को भी चोटें आयी थीं। इस बीच कार्यालय में तोड़फोड़ के मामले में लक्की सिंह के साले अमर सिंह ने सिंदरी थाना में 8 लोगों के खिलाफ मारपीट, रंगदारी मांगने और जान से मारने की कोशिश का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज करायी है। इसमें फर्टिलाइजर वर्क्स यूनियन के महामंत्री संतोष चौधरी, पवन यादव, जयराम सिंह यादव, मिनिस्टर यादव, राजा राम, विकास राम, विष्णु राणा एवं संटू गोराई को आरोपी बनाया है।

दोषियों पर होगी कड़ी कार्रवाई : डीएसपी

घटना को लेकर सिंदरी एसडीपीओ अभिषेक कुमार ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से दो पक्षों के बीच विवाद चल रहा था। इसी को लेकर ग्रामीणों ने लक्की सिंह के कार्यालय पर पथराव किया है। भीड़ को हटाने के लिए पुलिस को हल्का बल प्रयोग करना पड़ा। गोली नही चली है। पथराव में तीन थाना प्रभारी घायल हैं। कई अन्य जवानों को भी चोटें आयी हैं। हर बिंदु पर जांच की जा रही है। दोषियों के खिलाफ जल्द कार्रवाई की जायेगी।

राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

मेष संतानपक्ष से हर्षदायक समाचार की प्राप्ति। कार्य में सफलता। मन प्रसन्न रहेगा।

वृष कानूनी उलझनों से छुटकारा। रोग-शोक-दु:श्चिंताओं से मुक्ति। विशिष्टजनों से संपर्क होगा।

मिथुन कामकाज की स्थिति बेहतर होगी। परिश्रम-प्रयास से उन्नति की ओर अग्रसर रहेंगे।

कर्क कार्य की अधिकता। रोजगार-व्यवसाय में समस्याओं के समाधान का रास्ता निकलेगा।

सिंह जमीन-मकान, आवास, वाहन संबंधी समस्या का समाधान मिलेगा। उलझने दूर होगी।

कन्या राजनीतिक लाभ। रचनात्मक काम शुरू होंगे। मानसिक परेशानियों में कमी होगी।

तुला धर्म-समाज के प्रति दायित्व पूरे होंगे। गृह-भूमि-वाहन का सुख। आमदनी बढ़ेगी।

वृश्चिक जीवन के सभी क्षेत्रों में अनुकूल परिस्थितियां बनेगी। चल-अचल संपत्ति से लाभ।

धनु सरकारी नौकरी से जुड़े लोग खुशहाल रहेंगे। उपहार और पुरस्कार की प्राप्ति होगी।

मकर व्यावसायिक स्थिति में निरंतर मजबूती बढ़ेगी। शत्रु पराभूत होंगे। आकस्मिक धनलाभ।

कुंभ प्रेम प्रसंग में सफलता। विरोधियों पर विजय। पारिवारिक जीवन खुशहाल रहेगा।

मीन परिस्थिति में सुधार। महत्वपूर्ण कार्य में सफलता। धनलाभ। शुभ समाचार मिलेगा।

मुख्यमंत्री आवास पहुंच कर पुलिसकर्मियों ने हेमंत सोरेन का जताया आभार

हमारा प्रयास है राज्य का हर कर्मचारी खुले मन से निर्भीक होकर कार्य करे : मुख्यमंत्री

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। झारखंड पुलिस मेंस एसोशिएसन के बैनर तले पुलिसकर्मियों ने क्षतिपूर्ति अवकाश दिये जाने पर गुरुवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का आभार जताया। इसके लिए सैकड़ों की संख्या में पुलिसकर्मी ढोल नगाड़े के साथ मुख्यमंत्री आवास पहुंचे। पुलिसकर्मियों ने जम कर एक दूसरे को गुलाल लगाया और इस फैसले की बधाई एक दूसरे को दी। इस दौरान मुख्यमंत्री आवास में होली जैसा माहौल देखने को मिला। बैंड बाजे के साथ आयी मेंस एसोसिएशन की टीम ने मुख्यमंत्री को मिठाई खिला कर और रंग गुलाल उड़ा कर अपनी खुशी को मुख्यमंत्री से साझा किया।

वहीं इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारा हमेशा से प्रयास रहा है कि राज्य का हर कर्मचारी खुले मन से निर्भीक होकर कार्य कर सके और राज्य को नयी दिशा दें। उन्होंने कहा कि हमारे राज्य के पुलिसकर्मी जंगलों से लेकर शहर तक तैनात हैं। उन सबों का व्यक्तिगत जीवन, व्यक्तिगत भावनाएं होती हैं। उन्हें भी मान सम्मान से जीने का अधिकार है। उन सभी को मान-सम्मान मिले, इसके लिए हम सदैव प्रयासरत रहेंगे। इस अवसर पर पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के मंत्री मिथिलेश ठाकुर, अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति और पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के मंत्री चंपई सोरेन, अल्पसंख्यक कल्याण, पर्यटन, कला और संस्कृति, खेल, युवा मामले विभाग के मंत्री हफीजुल अंसारी, स्कूली शिक्षा, साक्षरता विभाग के मंत्री जगरनाथ महतो, सांसद विजय हांसदा और राज्यसभा सांसद महुआ माजी उपस्थित थीं।

एसबीयू एनएसएस यूनिट ने लगाया वैक्सीनेशन कैंप

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। सरला बिरला विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा विश्वविद्यालय परिसर में सदर अस्पताल रांची के सहयोग से कोरोना वैक्सीनेशन (प्रीक्यूशन डोज) कैंप का आयोजन किया गया। सदर अस्पताल रांची की मीनाक्षी रानी, रुचि साहू, जायसी तिर्की तथा देवंती नायक ने वैक्सीनेशन कार्य में सहयोग किया। वैक्सीनेशन कैंप में सरला बिरला विश्वविद्यालय, सरला बिरला पब्लिक स्कूल, महादेवी बिरला नर्सिंग इंस्टिट्यूट ऑफ नर्सिंग एंड टेक्नोलॉजी के छात्र-छात्राएं, पदाधिकारी, प्राध्यापक, शिक्षक शिक्षिकाएं तथा कर्मचारियों सहित 400 से अधिक कर्मियों ने कोविड प्रीक्यूशन डोज लगवाया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर गोपाल पाठक ने कहा कि सरला बिरला विश्वविद्यालय परिवार के सदस्यों व उनके परिजनों सहित आसपास के लोगों को कोरोना से बचाव के लिए कोविड प्रिक्यूशन डोज दिया जाना आवश्यक व सराहनीय कार्य है। उन्होंने सदर अस्पताल के कर्मचारियों के कार्यों की भी सराहना की। वैक्सीनेशन कैंप में विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रोफेसर विजय कुमार सिंह, नर्सिंग की डीन डॉ सुबानी बाड़ा, परीक्षा नियंत्रक प्रो राहुल वत्स, राष्ट्रीय सेवा योजना के विश्वविद्यालय कोऑर्डिनेटर डॉ संजीव कुमार सिन्हा, नर्सिंग कोऑर्डिनेटर आशुतोष द्विवेदी, एनएसएस यूनिट वन के प्रोग्राम ऑफिसर डॉ संजीव कुमार, एनएसएस यूनिट टू के प्रोग्राम ऑफिसर डॉ मेघा सिन्हा, डॉ संदीप कुमार, प्रवीण कुमार, प्रो आरोही आनंद, डॉ रिया मुखर्जी, डॉ नीतू सिंघी, डॉ भारद्वाज शुक्ल, अभिजीत चक्रवर्ती, सुभाष नारायण शाहदेव, राहुल रंजन सहित बड़ी संख्या में शिक्षको, छात्रों और कर्मचारियों ने कोविड प्रीक्यूशन डोज लगवाया।

निदेशक कार्मिक हर्ष नाथ मिश्रा ने योगदान दिया

रांची (आजाद सिपाही)। हर्ष नाथ मिश्रा ने सेंट्रल कोलफील्डस लिमिटेड (सीसीएल) के निदेशक (कार्मिक) के रूप में अपना योगदान दिया। सीसीएल के सीएमडी पीएम प्रसाद ने सीसीएल परिवार की ओर से नये निदेशक (कार्मिक) हर्ष नाथ मिश्रा का स्वागत किया। सीसीएल के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने श्री मिश्रा का हार्दिक स्वागत किया और भविष्य में उनके नेतृत्व में कंपनी की उत्तरोत्तर विकास हेतु शुभकामनाएं दीं। सीएमडी श्री प्रसाद ने विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि श्री मिश्रा के कुशल नेतृत्व में कार्मिक विभाग और सुदृढ़ होगा और कंपनी का चहुंमुखी विकास होगा। श्री मिश्रा अपना योगदान देने के बाद सीसीएल मुख्यालय, रांची में अधिकारियों और कर्मियों से मिले। श्री मिश्रा इससे पूर्व स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड में महाप्रबंधक के रूप में कार्यरत थे।

हेमंत के ट्वीट पर बाबूलाल का पलटवार बोले ये तो सोरेन परिवार के डीएनए में है

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। सीएम हेमंत सोरेन को लेकर चुनाव आयोग के संभावित फैसले से जुड़ी राजनीतिक हलचल के बीच अब सत्ताधारी झारखंड मुक्ति मोर्चा और मुख्य विपक्षी पार्टी, भारतीय जनता पार्टी के बीच ट्विटर वार भी छिड़ गया है। ट्वीट पर रिट्वीट्स हो रहे हैं। ताजा मामला मौजूदा मुख्यमंत्री सह झामुमो के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन और प्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री और बीजेपी विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी से जुड़ा है। इन दोनों के बीच ट्विटर

वार चर्चा का विषय बना हुआ है। दरअसल, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपने आवास के बाहर जुटे पुलिसकर्मियों का एक वीडियो शेयर करते हुए अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल पर लिखा है कि संवैधानिक संस्थानों को तो खरीद लोगे, जनसमर्थन कैसे खरीद पाओगे? झारखंड के हजारों पुलिसकर्मीयों का यह स्नेह और यहां की जनता का समर्थन ही मेरी ताकत है। है तैयार हम! जय झारखंड! मुख्यमंत्री के उपरोक्त ट्वीट पर रिट्वीट करते हुए बीजेपी विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी ने लिखा कि खरीदना बेचना, मैनेज करना, रिश्वत लेना तो सोरेन परिवार के डीएनए में रहा है। चाहे अलग राज्य लेने का सवाल हो या और कुछ। इसलिए जो लोग ऐसा करते रहे हैं, उनकी सोच दूसरों के बारे में भी वैसी ही होती है।

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव का समापन समारोह

आयोजक समितियों को किया गया सम्मानित

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। श्री महावीर मंडल बड़ा तालाब रांची द्वारा श्री महावीर मंडल बड़ा तालाब रांची के संरक्षक राजीव रंजन मिश्रा के नेतृत्व में गुरुवार को दुर्गा मंदिर प्रांगण में श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव के समापन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विधि विधान के साथ लड्डू गोपाल की पूजा अर्चना कर आरती की गयी एवं प्रसाद वितरण किया गया । कार्यक्रम में मुख्य रूप से श्री महावीर मंडल रांची के अध्यक्ष अशोक पुरोहित एवं मंत्री कैलाश केसर, श्री चैती दुगार्पूजा महासमिति के महामंत्री गोपाल पारीक, श्री राम बानर सेना के अध्यक्ष लंकेश सिंह, औद्योगिक दुर्गापूजा समिति धुर्वा के अध्यक्ष वेद सिंह उपस्थित थे।

कार्यक्रम की शुरुआत श्री लड्डू गोपाल की पूजा अर्चना कर की गयी। पूजा अर्चना के पश्चात लड्डू गोपाल को भोग लगा कर महाआरती की गयी। कार्यक्रम में आरती के पश्चात प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम में राजधानी रांची के विभिन्न श्री कृष्ण जन्माष्टमी समारोह आयोजक समितियों को श्री कृष्ण नाम का पट्टा देकर सम्मानित किया गया। समापन समारोह में उपेंद्र रजक, रमेश सिंह, राहुल सिन्हा चंकी, पीयूष आनंद, युवराज पासवान, राम मनोज साहू, प्रदीप साहू, अभिषेक चौधरी, मनीष साहू, अंकित सिंह, अजित भारद्वाज, परमीत राज, प्रथम आनंद, निखिल चौधरी, छोटू पासवान, राहुल चौधरी, सपन बोस, अरविंद सोनी, नेहाल कुमार, ज्योति शंकर साहू, बलराम प्रसाद सहित दर्जनों सदस्य एवं पदाधिकारी उपस्थित थे।

झारखंड की अंतरराष्ट्रीय महिला हॉकी खिलाड़ियों को सीसीएल ने किया सम्मानित

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड ने मुख्यालय, रांची के कन्वेंशन सेंटर में आयोजित एक समारोह में झारखंड की अंतरराष्ट्रीय महिला हॉकी खिलाड़ियों को सम्मानित किया। सम्मानित की गयीं अंतरराष्ट्रीय महिला हॉकी खिलाड़ियों में से तीन वर्तमान अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी निक्की प्रधान, सलीमा टेटे और संगीता कुमारी हैं, जबकि चार पूर्व महिला अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी, जिनमें से ध्यानचंद पुरस्कार विजेता सुमराई टेटे, पूर्व भारतीय कप्तान असुंता लकड़ा, कांति बा और पुष्पा प्रधान समारोह में उपस्थित थीं। ये सभी खिलाड़ी भारतीय महिला हॉकी टीमों का हिस्सा रही हैं और देश का नाम रौशन कर चुकी हैं। सीएमडी, सीसीएल पीएम प्रसाद इस अवसर पर मुख्य अतिथि थे। निदेशक वित्त पीके मिश्रा, निदेशक (कार्मिक) एचएन मिश्रा के साथ सीवीओ, सीसीएल एसके सिन्हा भी इस अवसर पर उपस्थित थे। इस अवसर विशेष पर निदेशक (वित्त) पीके मिश्रा, निदेशक (कार्मिक) एचएन मिश्रा एवं सीवीओ एसके सिन्हा ने भी सभी खिलाड़ियों की प्रशंसा करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

सीसीएल के सीएमडी श्री प्रसाद ने इस अवसर पर बोलते हुए खिलाड़ियों के योगदान की सराहना की और कहा कि उनकी उपलब्धियां पूरे देश के लिए गर्व की बात हैं। उन्होंने कहा कि उन्होंने अपनी कड़ी मेहनत से सभी कठिन बाधाओं पर विजय प्राप्त की है। उन्होंने आगे कहा कि सीसीएल राज्य के उभरते खिलाड़ियों को आवश्यक सुविधाएं और बुनियादी ढांचा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। कंपनी ने हाल ही में सिमडेगा और खूंटी जिले के 200 प्रतिभाशाली हॉकी खिलाड़ियों को हॉकी स्टिक प्रदान की है। उन्होंने आगे दोहराया कि भविष्य में भी सीसीएल यह सुनिश्चित करने के लिए काम करेगा कि हॉकी खिलाड़ियों के लिए सुविधाओं की कोई कमी न हो। सभी खिलाड़ियों ने भी इस सम्मान के लिए सीसीएल प्रबंधन का आभार व्यक्त किया और अपने अनुभव को साझा किया। आयोजन की सफलता में एचओडी (कल्याण) रेखा पांडेय, प्रबंधक (खेल) आदिल हुसैन और टीम सीसीएल के अन्य सदस्यों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभायी। मुख्य प्रबंधक (वित्त) संजय कुमार ने पूरे कार्यक्रम का संचालन किया।

ट्विटर पर भी रही हलचल

सरयू राय

अति विश्वस्त सूत्रों के अनुसार निर्वाचन आयोग ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को विधायक पद से अयोग्य करार दिया है। विधायक बनने के लिये अयोग्य घोषित होने की अधिसूचना राज भवन से निकलते ही उन्हें त्याग पत्र देना होगा या माननीय न्यायालय से इस अधिसूचना पर स्थगन आदेश प्राप्त करना होगा। भारत के निर्वाचन आयोग ने झारखंड के राज्यपाल के पास अपनी अनुशंसा भेज दिया है कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भ्रष्ट आचरण के दोषी पाये गये हैं। फलतः ये विधायक नहीं रह सकते। इन्हें अगले तीन वर्षों तक विधायक का चुनाव लड़ने से अयोग्य करार दिया जा सकता है। जहां तक मेरा अनुमान है अयोग्य ठहराने की अधिसूचना राजभवन से निकलते ही हेमंत सोरेन इसके विरूद्ध हाईकोर्ट या सुप्रीम कोर्ट जाएंगे। उन्हें जाना भी चाहिए। यदि मुख्यमंत्री रहते न्यायालय से तुरंत स्थगन आदेश नहीं मिला तो मुख्यमंत्री पद छोड़ने के बाद भी वे न्यायिक लड़ाई लड़ सकते हैं।

निशिकांत दूबे

आएसएस के संस्कारों ने मुझे बड़ा किया,मेरा परिवार इमरजेंसी में जेल गया,भाजपा जैसी पार्टी ने मेरे जैसे छोटे कार्यकर्ता को सांसद बनाया जिसके नेतृत्व कर्ता माननीय प्रधानमंत्री मोदी जी पर हमें गर्व है। घोषणा थी कि अगस्त पार नहीं होगा,वहीं हुआ चुनाव आयोग का पत्र राज्यपाल जी को पहुंचा।

दीपक प्रकाश

सत्य परेशान हो सकता है, पराजित नहीं!
सत्य की जीत हुई, चुनाव आयोग का निर्णय आ गया है।
झारखंड के लिए एक नया सवेरा !

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 26 अगस्त, 2022
www.azadsipahi.com
04

अंतर्विभागीय समन्वय समिति की हुई बैठक, उपायुक्त ने दिये कई निर्देश

हजारीबाग (आजाद सिपाही) । समाहरणालय सभागार में गुरुवार को जिला समन्वय समिति की बैठक उपायुक्त नैंसी सहाय की अध्यक्षता में संपन्न हुई। उपायुक्त ने जिला समन्वय समिति की अध्यक्षता करते हुए केंद्र व राज्य सरकार के द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा की। विभागवार पदाधिकारियों से विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की अद्यतन स्थिति से अवगत हुए एवं पदाधिकारियों को आपसी समन्वय स्थापित करते हुए अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुचें यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होनें कहा की सप्ताह में दो दिन लगने वाले उपायुक्त के जनता दरबार में सभी प्रखंडों के आमजनमानस से जुड़ी समस्याओं के आवेदन आते है उन आवेदनों को संबंधित विभाग और अंचल में हस्तांतरित किया जाता है उन आवेदनों पर गंभीरता पूर्वक निष्पादन कर सूचित करने की बात कही। उन्होनें बरसात की कमी से हुए किसानो को नुकसान की भरपाई के लिए राज्य सरकार की फसल राहत योजना में किसानो के पंजीकरण में तेजी लाने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने प्रत्येक विद्यालयों में जाति प्रमाण पत्र निर्गत किए जाने वाले कार्य को गंभीरता से लेते हुए लक्ष्य निर्धारण कर कार्य करने को कहा। बैठक में उपायुक्त ने मनरेगा, श्रम, कृषि, स्वास्थ्य,

जिला समाज कल्याण, पंचायती राज, आपूर्ति विभाग, लघु सिचाई, चिकित्सा, कल्याण, मत्स्य, जेएसएलपीस, पेयजल विभाग समेत अन्य विभाग की समीक्षा कर ससमय योजनाओं का लाभ लाभुको को मिले इसे सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। पीएम आवास (ग्रामीण) की समीक्षा करते हुए अधूरे आवास को पूर्ण कराने में तेजी लाने का निर्देश दिया। स्वीकृत आवासों के प्रथम किश्त के भुगतान पर देरी नही करने का निर्देश दिया। साथ ही इस योजना पर विशेष ध्यान देने की बात कही। अम्बेडकर आवास योजना के सम्बंध में बेहद जरूरतमंद लाभुकों की पहचान कर जिला में अनुशंसित करने का निर्देश दिया। नियमित टीकाकरण एवं कोविड बूस्टर डोज कार्यक्रम को प्रभावी बनाने के लिए स्वास्थ्य एवं समाज कल्याण विभाग को बेहतर समन्वय बनाकर कार्य करने की सलाह दी। इसके अलावा उपायुक्त ने कार्यपालक अभियंता विद्युत,पेयजल को निर्देशित करते हुए कहा की वर्तमान में लगभग सभी विद्यालय प्रारंभ हो गए हैं इस परिस्थिति में विद्यालय में बिजली, पानी, शौचालय आदि पूर्णरूपेण क्रियाशील रहे यह सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी दी। सामाजिक सुरक्षा योजना के तहत सर्वजन पेंशन योजना के द्वारा समाज के विभिन्न श्रेणी के लोगों को दी जा रही पेंशन योजनाओं के लाभुकों का सत्यापन करने के लिए अभियान चलाने तथा इसका व्यापक प्रचार-प्रसार करने का निर्देश दिया। आपूर्ति विभाग द्वारा टाटी झरिया, चुरचू एवम कटकमसांडी के खाद्यान्न के गोदाम को क्रियाशील कर अनाजों का भंडारण करने की बात कही। साथ ही चलकुशा में खाद्यान्न गोदाम की छत की जर्जर स्थिति पर उपायुक्त ने छत मरम्मती के लिए एस्टीमेट रिपोर्ट बना कर समर्पित करने का निर्देश चलकुशा बीडीओ को दिया। इस अवसर पर उपायुक्त के अलावे, डीएफओ, बरही एसडीओ, सिविल सर्जन, जिला स्तरीय पदाधिकारी, बीडीओ सीओ व अन्य मौजूद थे।

महंगाई पर हल्ला बोल रैली में शामिल होने रामलीला मैदान जायेंगे कांग्रेस कार्यकर्ता

हजारीबाग (आजाद सिपाही)। जिला कांग्रेस कार्यालय कृष्ण बल्लभ आश्रम में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। आयोजित बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अवधेश कुमार सिंह ने किया। इस महत्वपूर्ण बैठक में अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के निदेर्शानुसार रामलीला मैदान नई दिल्ली में चार सितम्बर को होने वाली प्रस्तावित महंगाई पर हल्ला बोल रैली में दिल्ली चलो पर विचार विमर्श कर जिला कांग्रेस कमिटी हजारीबाग की ओर से मंहगाई पर हल्ला बोल रैली में अधिक से अधिक संख्या में रामलीला मैदान नई दिल्ली पहुच कर कार्यक्रम को सफल बनाने पर चर्चा हुई। इस महत्वपूर्ण बैठक में कार्यकारिणी के सदस्य अशोक देव, शशि मोहन सिंह, उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता निसार खान, मिथिलेश दुबे, लाल बिहारी सिंह, सुनिल सिंह राठौर, नरेश कुमार गुप्ता, शारदा रंजन दुबे, संजय कुमार तिवारी, मनोज मोदी, दिलीप कुमार रवि, असगर अली, दिलदार अंसारी, कृष्णदेव प्रसाद सिंह, ललितेश्वर प्रसाद चौधरी, विजय कुमार सिंह, शिव नंदन साहू, महेश प्रसाद साव, प्रखंड अध्यक्षों में रविन्द्र गुप्ता, अब्बास अंसारी, नरसिंह प्रजापति, गोवर्धन गंझू, अनवर हुसैन, बाबर अंसारी, सैयद अशरफ अली, सलामत अंसारी, प्रदीप कुमार साव, अफरोज अंसारी, लखन साव, तसलीम अंसारी, कयूम अंसारी के अलाव कई कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

प्रमुख ने विद्यालयों और आंगनबाड़ी केंद्रों का किया औचक निरीक्षण

टाटीझरिया/हजारीबाग (आजाद सिपाही)। प्रमुख संतोष मण्डल इन दिनों पूरी तरह से सक्रिय हैं। उन्होंने गुरुवार को प्लस टू उच्च विद्यालय धरमपुर, नव प्राथमिक विद्यालय मण्डपा और आंगनबाड़ी केंद्र मण्डपा का औचक निरीक्षण किया। इस क्रम में वे मण्डपा के विद्यालय में बच्चों से पूछताछ भी किये। विद्यालय के सचिव को उन्होंने नियमित साफ-सफाई,विद्यालय भवन के रख-रखाव, मध्याह्न भोजन की गुणवत्ता बरकरार रखने,विद्यालय में बच्चों की उपस्थिति पर विशेष चर्चा किये। धर्मपुर में राजकुमार सिन्हा और चेतनारायण प्रसाद से इन्होंने विद्यालय विकास पर विस्तृत चर्चा किया। मण्डपा आंगनबाड़ी के बन्द रहने की इन्हें सूचना दी गई थी। जब वे 12:30 बजे वहां पहुंचे तो सचमुच ताला लटका था, न सेविका और न सहायिका थी। उन्होंने बताया कि पर्यवेक्षिका से समोरक किया तो बताया गया कि वे ब्लॉक गई होगी। प्रमुख ने बताया कि इस प्रकार की लापरवाही वे बिल्कुल बर्दाश्त नहीं करेंगे। उन्हें प्रमुख इसीलिए बनाया गया है कि वे व्यवस्था को सुधारें,लापरवाही करने वाले अधिकारी, सरकारी या अर्धसरकारी कर्मी सतर्क रहें ,पकड़े जाने पर उनपर सीधे कार्रवाई होगी।

दूसरे का अच्छा करेंगे तो हमारा भी अच्छा होगा : राखी भदानी

झुमरीतिलैया(आजाद सिपाही)। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय अड्डी बंगला, झुमरी तिलैया में संस्थान की द्वितीय मुख्य प्रशासिक राजयोगिनी दादी प्रकाशमणि जी का 15वां पुण्य स्मृति दिवस 'विश्व बंधुत्व दिवस' के रूप में मनाया गया।कार्यक्रम में मुख्य रूप से समाजसेवी विशाल भदानी तथा प्रोफेसर राखी भदानी उपस्थित थे। केंद्र संचालिका बीके लक्ष्मी बहन ने कार्यक्रम का प्रारंभ दीप प्रज्वलन तथा पुष्पमाला व श्रद्धांजलि अर्पण कर किया। बीके लक्ष्मी बहन ने दादी जी के व्यक्तित्व जीवन पर विशेष प्रकाश डालते हुए कहा कि वदादी प्रकाशमणि वह दर्पण थी जिसे देख आज भी हम आगे बढ़ रहे हैं। दादी जी एक आदर्श थी जहां शक्ति स्वरूपा और मातृ स्वरूपा एक हो जाता है। उनके दिल में सदैव विश्व के प्रति यही संकल्प होते थे कि परमात्मा के ज्ञान से सर्व आत्माओं का कल्याण हो जाए तथा सभी आपस में एक दूसरे से सत्य स्नेह व प्रेम के संबंध में बंध जाए। उनका कहना था सारा विश्व एक हो जाए। उन्होंने कहा दादी जी को उनके समर्पण भाव को देखकर यूनाइटेड नेशन ने' विश्व शांति' पुरस्कार से नवाजा और विश्व की एक प्रेरणा स्त्रोत बनी। वहीं विशाल भदानी ने कहा कि हम सब दादी जी के श्रेष्ठ चरित्रवान जीवन से प्रेरणा लेकर स्वयं तथा समाज में परिवर्तन लाएंगे और एक सभ्य समाज का निर्माण करेंगे। प्रो राखी भदानी ने भी अपने अनुभव से सभी को प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि यदि हम किसी के लिए अच्छा सोचेंगे, अच्छा बोलेंगे और अच्छा करेंगे तो हमारे लिए भी हमेशा अच्छा ही होगा। कार्यक्रम में सभी भाई -बहनों ने दादी को भावभीनी श्रद्धांजलि दी तथा उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया कार्यक्रम के पश्चात ब्रह्मा भोजन का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सुनील बरनवाल, बीके कुसुम, बीके स्वाति, संगीता, मंजू, शंकर भाई, राजेंद्र भाई, चंद्रेश भाई, प्रदीप भाई आदि उपस्थित रहे।

ग्रामीणों ने श्रमदान कर होरम पुल से मिट्टी को हटाया

बड़कागांव (आजाद सिपाही) । बड़कागांव प्रखंड मुख्यालय से बादम जाने वाली सड़क स्थित होरम मोड़ के पास स्थित पुल काफी नीचे हो जाने के कारण पानी के बहाव से सभी मिट्टी पुल में ही जमा हो गया था और मिट्टी के वजह से ऊंचा नीचा हो जाने के कारण कई दोपहिया वाहन का दुर्घटनाएं भी आए दिन हो रहा था। जिसके वजह से लोगों को काफी चोटें भी आती थी। इसके अलावा पूल में जल जमा होने के कारण पूल भी खराब हो रहा था। बताते चलें कि इस ऊंचा नीचा पुल में होने के कारण पांचबहनी का एक मजदूर का पिछले साल गिरकर मौत हो गई था। जिसको देखते हुए होरम गांव के नवयुवकों ने श्रमदान कर पुल से जमे मिट्टी को उठा कर फेंक दिया और पुल को साफ कर दिया।इस श्रमदान करने वालों में मुख्य रूप से राजेंद्र राणा, पारसनाथ कुमार, प्रदीप कुमार, संदीप कुमार, जितेंद्र कुमार, खिरोधर महतो सहित दर्जनों ग्रामीण शामिल थे।

ट्रांसफार्मर का किया गया उद्घाटन

विष्णुगढ़(आजाद सिपाही) । प्रखण्ड के गोविंदपुर के हरिजन टोला में सौ केवी के ट्रांसफॉर्मर का उद्घाटन विष्णुगढ़ उपप्रमुख सरयु साव ने किया।इस अवसर पर उपप्रमुख ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि जनता ने मुझे जिस विश्वाश के साथ चुना है। मैं यथासम्भव सभी समस्याओं का निदान करने का प्रयास करूंगा और आपसबों के बीच 24 घंटा उपस्थित रहूंगा। मौके पर मुखिया रीता देवी,पूर्व मुखिया तिलक साव, पूर्वी पंचयात समिति सदस्य प्रतिनिधि महेश महतो, विजय , प्रवेश राम, माही बाबू, करन मिर्धा, वीरेंद्र, राहुल महतो उपस्थित थे।

पुलिस ने पांच साइबर अपराधी को भेजा जेल

बरकट्ठा(आजाद सिपाही) । बीते रात्री गश्ती के दौरान गुप्त सूचना मिली कि ग्राम किमनिया से बसरिया जाने वाली कच्ची सड़क के किनारें जंगल में कुछ लड़के पार्टी मना रहे है तथा साइबर का काम मोबाइल से कर रहे है जिसके सत्यापन एवं आवश्यक करवाई करते हुए पाँच लड़का क्रमशः रोहित कुमार साहू पिता नन्दलाल साहू 2.पवित्र कुमार यादव पिता कैलाश यादव 3.दीपक कुमार यादव पिता अशोक यादव 4.संदीप कुमार पिता रामलखन प्रसाद सभी ग्राम किमनिया 5.हरिओम चौधरी पिता डेगलाल चौधरी ग्राम गंगपाचो सभी थाना बरकट्ठा जिला हजारीबाग को पकड़ा गया । पकड़ाए लड़कों के पास से बरामद मोबाईल फोन को चेक करने पर पाया गया कि अवैध तरीके से एडल्ट वेबसाइट के जरिये लड़कियों का आपत्तिजनक तस्वीर व्हाट्सएप पर भेजकर उन लड़कियों से एस्काट सर्विस दिलाने के नाम पर पैसा की लेन-देन एवं धमकी भरे गाली गलौज करने की चैटिंग पाई गई।

विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल का स्थापना दिवस इचाक मोड़ में मनाया गया

इचाक (आजाद सिपाही)। विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल का स्थापना दिवस कार्यक्रम इचाक मोड़ स्थित शिव मंदिर प्रांगण में मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्व हिंदू परिषद के जिला उपाध्यक्ष अरविंद मेहता एवं संचालन जिला संयोजक प्रशांत जी के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में विश्व हिंदू परिषद की स्थापना का उद्देश्य एवं उपलब्धि के बारे में कार्यकताओं को बताया गया। साथ ही साथ कुछ नवीन दायित्व की घोषणा की गई। जिसमें बजरंग दल प्रखंड संयोजक सोनू गुप्ता को बनाया गया। डुमरौन पंचायत संयोजक सतीश मेहता, सह संयोजक शुभम गुप्ता, संदीप कुमार, विद्यार्थी प्रमुख अखिलेश कुमार, मिलन प्रमुख राहुल कुमार, अखाड़ा प्रमुख अंकित कुमार, रंजीत कुमार, सुरक्षा प्रमुख अजीत कुमार, बोंगा पंचायत से अभिषेक पांडे, अंशु मेहता, गोबरबंदा पंचायत से संयोजक रोशन कुमार, सह संयोजक सिकंदर कुमार, आनंद कुमार, बरियठ से संयोजक श्याम मेहता बने।

तापीन साउथ कोल डंप में विस्थापित प्रभावित संघर्ष मोर्चा का धरना चौथे दिन भी

चरही : चरही कोयलांचल क्षेत्र के तापीन साउथ कॉल डम्प में छह सूत्री मांग को लेकर अनिश्चितकालीन धरना का आयोजन किया गया जिसका रौशनी टुडू के अध्यक्षता में हुआ सभा को संबोधित करते हुए रौशनी टुडू ने कहा कि पुर्व में मोर्चा के द्वारा सीसीएल जेनररल मनेजर को एक लिखित पत्र दिया गया था जिसमें मुख्य रूप से छह सूत्री मांग का जिक्र किया है। तापीन साउथ कॉल डम्प से कुछ लोगों ने मजदूरों के नाम पर करोड़ों रुपए की उगाही की है, तापीन साउथ परियोजना के विस्थापित प्रभावित को 75 प्रतिशत रोजगार की भागीदारी सुनिश्चित करें, तापीन साउथ में स्वास्थ्य केंद्र एंव डीएवी स्कूल का पुनंह खोला जाए, अंदोलनकारी पर मुकदमा को अविलंब वापस लो, कोयला उठाव हाईवा से मजदूरों का मजदूरी दिया जाए, 21 अगस्त को आवेदन में 11 सुत्री मांगों चालू करें ये तमाम बातों को प्रमुखता से रखा और मंच के माध्यम से कहा कि जब तक सीसीएल प्रबंधन मांगों को धरातल में लागू नहीं करता है तब तक अंदोलन चालू रहेगा। इस धरना में दर्जनों गांव से सैकड़ों की संख्या में लोग शामिल हुए।

वज्रपात से मृत महिला के परिजनों से मिली अंबा प्रसाद

बड़कागांव (आजाद सिपाही) । दिन बुधवार को बड़कागांव प्रखंड अंतर्गत सीकरी गांव स्थित एमडीओ कॉलोनी के समीप धान रोपाई कर रही 45 वर्षीय रीता देवी पति पारसनाथ महतो की मौत वज्रपात से हो गई थी जिसकी सूचना पाकर स्थानीय विधायक अंबा प्रसाद ने दिन बृहस्पतिवार को सीकरी पहुंचकर शोक संतप्त परिजनों से मुलाकात की एवं ढाढस बंधायो वही विधायक ने मृतक रीता देवी के अंतिम दर्शन किए तथा परिजनों से मुलाकात कर दुख की घड़ी में साहस रखने का हौसला दिलवाया उन्होंने परिजनों को आश्वस्त किया कि विधायक के द्वारा हर संभव मदद व सरकारी सुविधाएं मृतक के परिजनों को उपलब्ध कराई जाएगी ।

रोजगार दिवस पर सांढ़ पंचायत में पौधरोपण कर पर्यावरण संतुलन बनाने का लिया संकल्प

बड़कागांव (आजाद सिपाही) । बड़कागांव प्रखंड के सांढ़ पंचायत भवन के स्थित पंडरी पोखर के चारो और रोजगार दिवस पर पूर्व मुखिया भीखन महतो के नेतृत्व में पौधा रोपण कार्यक्रम का आयोजन कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर पूर्व मुखिया भीखन महतो ने कहा कि वर्तमान समय में सभी लोग पर्यावरण को दूषित करने के लिए उतारू हैं। दैनिक जीवन में जो भी प्रयोग हो रही है उससे प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से चाहे वह जल, वायु एवं मिट्टी पर्यावरण ही क्यों ना हो सभी असंतुलित हो रही है। यही कारण है कि आज तरह-तरह की बीमारियां महामारी बनकर उत्पन्न हो रही है। मनुष्य के साथ-साथ जीव जंतु को भी प्रभावित किया जा रहा है। जब तक इन बीमारियों के बारे में जानकारी होती है तब तक करोड़ों लोग जान गवा दे रहे हैं। इसलिए पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए जल, जंगल, जमीन की संरक्षण नितांत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि मनुष्य का असंतुलित जीवन शैली के कारण ही आज तरह- तरह की महामारी आ फैल रही है और इसका एकमात्र उपाय है पौधारोपण कर पर्यावरण को संरक्षण बनाए रखना। पौधारोपण कार्यक्रम के दौरान सैकड़ों फलदार आम ,जामुन पौधा लगाया गया।वही पंचायत समिति सदस्य उपेंद्र कुमार व गिरेन्द्र प्रसाद ने कहा कि प्राकृतिक को प्रदूषण से बचाने के लिए पौधा रोपण के अलावा जंगल हरे -भरे रखना चाहिए। पूर्व वार्ड सदस्य सह वर्तमान वार्ड सदस्य प्रतिनिधि आनंद कुमार पासवान ने कहा कि बड़कागांव में बढ़ते हुए प्रदूषण को रोकने के लिए जंगलों की कटाई एंव पेड़ -पौधे की संरक्षण करना सभी लोगों की महत्वपूर्ण भूमिका होनी चाहिए जैसे बुढ़वा महादेव वन संरक्षण समिति लगातार मेहनत कर रहे हैं।मौके पर मुख्य रूप से गिरेन्द्र प्रसाद ,तुलसी प्रसाद, दीपक कुमार ,बैजनाथ महतो, जागते महतो, प्रकाश महतो, छोटू मोटू, पूनम कुमारी, प्रतिभा कुमारी के अलावा अन्य लोग पौधारोपण कार्यक्रम में उपस्थित थे।

राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा ने बीपी मंडल की जयंती मनायी

हजारीबाग (आजाद सिपाही)। मंडल कमिशन के प्रणेता डॉ बीपी मंडल की जयन्ती राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा हजारीबाग जिला कमिटी के द्वारा मनाया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के प्रदेश सचिव अजय कुमार मेहता ने कहा कि बीपी मंडल की कमिटी ने ओबीसी के लिए केंद्र सरकार को 40 सिफारिश किये जिसमें से बहुत संघर्ष के बाद मात्र दो सिफारिश लागू हुई, जो ओबीसी समुदाय के साथ अन्याय हुआ है। जिला अध्यक्ष बिरजू प्रसाद मेहता ने कहा कि केन्द्र सरकार अतिशीघ्र मंडल कमिशन की सभी सिफारिशों को लागू करे। अन्य वक्तव्यों में जिला सचिव कृष्णा कुमार मेहता, मनोज कुमार मेहता, महिला मोर्चा जिला उपाध्यक्ष कविता कुमारी, जिला कोषाध्यक्ष संतोष कुमार, उपेन्द्र कुमार, सूरज कुमार, विकास कुमार, जिला संगठन मंत्री देवकी प्रसाद मेहता, बालेश्वर प्रसाद मेहता, सीमा कुमारी व अन्य ने अपनी-अपनी बाते रखी। जिला सचिव कृष्णा कुमार मेहता ने कहा कि राज्य सरकार ओबीसी के आरक्षण कोटा नही बढ़ाई जो दुखद है। जिला संगठन मंत्री देवकी प्रसाद मेहता ने आउटसोर्सिंग के द्वारा नियुक्ति का विरोध किया। जिला सचिव मनोज मेहता ने कहा कि सरकार जाति जनगणना अतिशीघ्र कराये।

भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने प्लस टू हाई स्कूल में मास्क का किया वितरण

बड़कागांव (आजाद सिपाही) । बड़कागांव प्लस टू हाई स्कूल भाजयुमो कार्यकताओं के द्वारा हजारीबाग सांसद जयंत सिन्हा के सौजन्य से सभी छात्र छात्राओं के बीच मार्क्स का वितरण किया गया। माफ के वितरण करने वालों में मुख्य रूप से हजारीबाग जिला सोशल मीडिया प्रभारी शिव शंकर उर्फ शिबू मेहता, युवा नेता प्रह्लाद गुप्ता और मनीष पांडे ने किया। मौके पर भाजयुमो कार्यकताओं ने कहा कि गोविंद का प्रकोप फिर से बढ़ रहा है इसी को देखते हुए हजारीबाग सांसद के द्वारा मास उपलब्ध कराया गया है जिसे आप सभी बच्चों इसका उपयोग करें ताकि हम सभी लोग को भी के खिलाफ जंग लड़ सके। वही प्रबंधन समिति के अध्यक्ष संदीप कुमार सिंह ने कहा कि मांस के हम सभी लोगों के लिए अनिवार्य है हम सभी लोगों को मास्क लगाकर ही रहना चाहिए ताकि किसी भी प्रकार का कोई प्रकोप हम तक ना पहुंच सके। मौके पर विद्यालय के सभी शिक्षक व सैकड़ों छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

नवप्राथमिक विद्यालय छोटकी भेलवारा में एमडीएम सही से ना मिलने पर ग्रामीणों ने किया विरोध

विष्णुगढ़(आजाद सिपाही)। विष्णुगढ प्रखंड के भेलवारा पंचायत के नव प्राथमिक विद्यालय छोटकी भेलवारा में गुरुवार को एमडीएम और अध्यक्ष के चुनाव मनमाने ढंग से किये जाने पर ग्रामीणो ने विरोध किया। गुस्साए ग्रामीणो ने अपने बच्चो को स्कूल जाने से मना किया।जिससे स्कूल में एक भी बच्चा उपस्थित नहीं हुआ।ग्रामीणो का कहना है कि लॉकडाउन का छति पूर्ति भत्ता कुछ बच्चो को ही दिया गया,बाकी बच्चे वंचित रह गए।अध्यक्ष का चुनाव जैसे तैसे किया गया।लोगो ने फिर से अध्यक्ष का चुनाव कराने की मांग की है।अगर अध्यक्ष को नही हटाया गया तो इसके विरोध में जोरदार आंदोलन किया जायेगा।

28 अगस्त को होटल श्री विनायक में हरे कृष्ण कार्यक्रम का आयोजन

हजारीबाग (**आजाद सिपाही**)। हजारीबाग गुरुवार भक्तिवेदान्त विद्या भवन के द्वारा भगवान श्री कृष्ण जन्माष्टमी एवं राधा अष्टमी के उपलब्ध में 28 अगस्त रविवार को मटवारी स्थित होटल श्री विनायक में हरे कृष्ण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। दोपहर 12 बजे से भव्य नगर सकीर्तन कोर्रा से पद यात्रा करते हुए होटल विनायक भक्तगण पहुचेंगे।तद् उपरात दोपहर 2 बजे से, कथा, कीर्तन और बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम जैसे नाटक, नृत्य, इत्यादि प्रस्तुत किए जाएंगे। इस कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण राधा कृष्ण का महाअभिषेक है। जिसमें सभी भक्तों को अभिषेक करने का अवसर दिया जाएगाँ तथा सभी के लिए महाप्रसाद की व्यवस्था की गई है।कार्यक्रम के प्रमुख आयोजक एंव संचालक श्रीमान श्याम प्रभु संव उत्तानपाद प्रभु है। इस कार्यक्रम में भक्तिवेदान्त विद्या भवन के वरिष्ठ आचार्य श्रीमान केशवा आनंद, श्रीमान दास गधाधर दास तथा उनके साथ गुरुकुल के 'बच्चों का आगमन हो रहा है। अन्य 'आचार्यगण एवं सभी भक्त गणों से आग्रह है कि आप सभी इस आध्यात्मीक कार्यक्रम में उपस्थित होकर अपना जीवन सफल बनाएँ।

सरकारी स्कूलों को बेहतर बनाने का हो रहा प्रयास

कोडरमा (आजाद सिपाही)। आंगनवाड़ी केंद्रों की सुधार में प्रयास के बाद जिला प्रशासन द्वारा अब सरकारी स्कूल में बेहतर सुविधा को सुदृढ़ करने का प्रयास को शुरूआत किया है। सरकारी स्कूलों का दैनिक एवं साप्ताहिक सेड्यूल, बच्चों में अच्छी आदतों का विकास, को-केरिकुलर गतिविधियों जैसे खेल-कूद, वाद-विवाद, क्विज प्रतियोगिता आदि विषयों पर चुने हुए शिक्षकों को उपायुक्त द्वारा प्रशिक्षण दिया जाना है। इस हेतु उपायुक्त एवं अन्य पदाधिकारियों द्वारा प्रशिक्षण स्थल (परियोजना बालिका उच्च विद्यालय, कोडरमा) जाकर तैयारियों का जायजा लिया गया। इस क्रम में उपायुक्त के नेतृत्व में जिला स्तरीय पदाधिकारी एवं बच्चों के साथ मॉक ड्रिल किया गया।

रेल यात्री सेवा समिति के केंद्रीय जांच दल ने किया कोडरमा स्टेशन का दौरा

कोडरमा (आजाद सिपाही)। रेल यात्री सेवा समिति के केंद्रीय जांच दल ने बुधवार की देर शाम कोडरमा स्टेशन पहुंचे इसके पूर्व जांच दल ने अपने तीन दिवसीय धनबाद रेल मंडल के अंतर्गत पड़ने वाले नेताजी सुभाष चंद्र बोस रोड (गोमो), पारसनाथ सहित विभिन्न स्टेशनों का दौरा किया। समिति में जांच दल के 3 सदस्यों में शिवराज गोडगे, सुरमा पाढी और गुरविंदर सिंह सेठी ने दौरे के क्रम में स्टेशनों पर दिये जा रहे विभिन्न यात्री सुविधाओं की अद्यतन स्थिति की जानकारी प्राप्त की। इस दौरान उन्होंने स्टेशन के प्लेटफार्म, सामान्य व आरक्षण बुकिंग कार्यालय, पेयजल बूथ, खानपान के स्टॉलों के साफ- सफाई तथा प्रतीक्षालय का बारीकियों से निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने ट्रेन पकड़ने आए यात्रियों से बातचीत करते हुए स्टेशन पर उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी प्राप्त किया। अपने निरीक्षण के क्रम में जांच दल ने स्टेशन पर लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगालने के क्रम में आरपीएफ की उपलब्धियों की जमकर सराहना की और आरपीएफ जवानों को बतौर 5 हजार की राशि इनाम स्वरूप देने की घोषणा की। मौके पर अपर मंडल रेल प्रबंधक आशीष कुमार झा, वरीय मंडल इंजीनियर (समन्वय) अमित कुमार, वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर(सामान्य) दिनेश साह, सहायक सुरक्षा आयुक्त प्रेमदीप संजय सहित झुमरी तिलैया शहर के कई व्यवसायी व गणमान्य लोग भी मौजूद थे।

बड़कागांव के राजकीय कन्या मध्य विद्यालय में विदाई सम्मान समारोह

बड़कागांव (आजाद सिपाही)। बड़कागांव के राजकीय कन्या मध्य विद्यालय में विदाई समारोह का आयोजन किया गया।इसकी अध्यक्षता व संचालन संयुक्त रुप से शिक्षक चेतलाल राम एवं अवधेश कुमार ने किया।समारोह में प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी घनश्याम साहू ,सेवानिवृत्त शिक्षक मोतीलाल गंझु,रविकांत सिन्हा ,वासुदेव राम ,सुरेश कुमार दास ,वसीम अहमद ,तस्लीम आरिफ ,नकुल राणा एवं विक्रम सिंह को भावभीनी विदाई दी गई।बड़कागांव प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी घनश्याम साहू का स्थानांतरण पेटरवार में हुआ है।इसलिए इन्हें विदाई दी गई।समारोह में मुख्य अतिथि प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र कुमार पांडेय ने कहा कि प्रखंड के शिक्षा क्षेत्र में कार्य करने के दौरान मुझे बेस्ट बीईओ घनश्याम साहू जी लगे।इनकी कार्य शैली सकारात्मक रही।घनश्याम साहू ने कहा कि बड़कागांव प्रखंड के शिक्षकों ने मुझे काफी सहयोग किया। यही कारण है कि बड़कागांव प्रखंड जिला स्तर से लेकर राज्य स्तर में चर्चा रहा।कोरोना काल मे भी यहाँ के शिक्षकों की भूमिका कोरोना वॉरियर की तरह काम किया।राजकीय कन्या मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक रवि शंकर पाठक के दिशा निर्देश में छात्राओं ने स्वागत एवं विदाई गीत प्रस्तुत की। शिक्षकों के संबोधन व छात्राओं के गीत सुनकर बीईओ घनश्याम साहू भावुक हुए और उनकी आंखों में आंसू छलक आये। मौके पर आदर्श मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक अशोक कुमार, राजकीय कन्या मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक रवि शंकर पाठक, बीपीएम प्रहलाद गुप्ता, बीआरपी अभय कुमार ,शिक्षक देवकांत शर्मा, नागेंद्र कुमार ,शिवराम शर्मा ,नरेश यादव ,रंजीत सिन्हा ,सुधीर कुमार,अवध यादव, सागर कुमार, रवि कुमार रवि ,खेदन साव,सीआरपी अजय कुमार ,उचित्रा देवी, नगीना देवी,जैलाल सगीर, संतोष कुमार महतो ,संजय कुमार समेत अन्य उपस्थित थे।

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 26 अगस्त, 2022
www.azadsipahi.com

कोयला चारकोल की हेराफेरी में चांदी काट रहे ट्रांसपोर्टर

रामगढ़ के कोल साइडिंग में चल रहा है चारकोल मिलावटी का बड़ा खेल

शाम ढलते ही होती चारकोल की ट्रांसपोर्टिंग

सबसे बड़ी बात है कि सैकड़ों ट्रकों से चारकोल की ट्रांस्पोर्टिंग होती है। लेकिन कोई इसे हाथ नही लगाता है। रोजाना चारकोल की बड़ी खेप रामगढ़ जिला के अलावे अन्य जिलों में स्थापित कोल साइडिंगो में पहुंच रहा है।लेकिन उसे रोकने टोकने वाला कोई नहीं है।

बीरू कुमार/आजाद सिपाही

रामगढ़। जिला में कोयला हेराफेरी का बड़ा खेल हो रहा है। इस बार कोयला हेराफेरी का तरीका बदलकर मिलावटी का धंधा शुरू हुआ है। जिला के कोल साइडिंगों में चारकोल-कोयला मिलावटी का खेल खेला जा रहा है, जिसके कारण बाहर के पावर प्लांटों में मिलावटी कोयला पहुंच रहा है। जबकि अच्छा कोयला स्थानीय प्लांट से लेकर कोयला मंडी तक पहुंच रहा है। इस खेल में काफी पुराने धुरंधर शामिल है।

कैसे हो रहा है खेला

इधर बताया जाता है कि जिला में स्थापित पावर प्लांटो का रिजेक्ट चारकोल को कोल साइडिंगो में खपाया जा रहा है। कोल साइडिंगो में ट्रांसपोर्टिंग कार्य में लगे लोगों की मिलीभगत से कोलियरी की बेहतर क्वालिटी के कोयले में चारकोल को मिक्स किया जाता है। चारकोल मिक्सिंग के बाद कोयले को रैक लोडिंग कर राज्य के बाहर पावर प्लांटों में भेजा जा रहा है।

मिलावटी कोयला बाहर, बेहतर कोयला अंदर!

चारकोल मिलावटी के कारण बचे शेष कोयले को स्थानीय प्लांट के अलावे बाहर के कोल मंडियों में फर्जी कागजात के सहारे भेज दिया जा रहा है। जिसे रोकने टोकने वाला कोई नहीं है।

खुलेआम होती है चारकोल की ट्रंसपोर्टिंग

खासकर चारकोल की ट्रांसपोर्टिंग खुलेआम हो रही है। जिसे कोई भी नहीं रोक रहा है। जिसके कारण कोल साइडिंगो में चारकोल आसानी से पहुंच रहा है।

बेकार चारकोल का समय के साथ बदला स्वरूप, होने लगी खरीद बिक्री

पहले चारकोल को पावर प्लांट प्रबंधन इधर उधर फेक देते थे। लेकिन जैसे ही कोल साइडिंगो से कोल रैक लोडिंग शुरू हुआ। उसके बाद बेकार चारकोल की डिमांड बढ़ गई और खरीद बिक्री शुरू हो गया।

छह सौ से हजार रुपये टन बिकने लगा चारकोल

चारकोल डिमांड के बाद बेकार चारकोल छः सौ से हजार रुपए प्रति टन बिकने लगा। स्थानीय पावर प्लांट से चारकोल आसानी से साइडिंग पहुंच रहा है।

अतिक्रमण को ले सीसीएल प्रबंधन ने 88 दुकानदारों को थमाया नोटिस

भुरकुंडा (आजाद सिपाही)। सीसीएल बरका-सयाल प्रबंधन द्वारा गुरूवार को भुरकुंडा बाजार के 88 दुकानदारों को अतिक्रमण मामले को ले कारण बताओ नोटिस दिया गया है। नोटिस में कहा गया है कि यह विवादग्रस्त जमीन, मकान व क्वार्टर सीसीएल का है, जो सीसीएल के प्रशासनिक नियंत्रण में है। सीसीएल भारत सरकार का एक सार्वजनिक प्रतिष्ठान है। यह विवादग्रस्त जमीन, मकान, क्वार्टर एक लोक परिसर है। अतः उक्त मकान क्वार्टर में बिना हक के रहना अनाधिकृत अतिक्रमण है। इस नोटिस के तहत दुकानो व मकानो के मालिको को 8 सितंबर 2022 तक कारण बताओ नोटिस का जवाब देना अनिवार्य किया गया है। इधर नोटिस मिलने के बाद बाजार में तरह-तरह की चर्चा हो रही है ।

भक्ति जागरण के आयोजन से क्षेत्र में भक्ति का संचार होता है : पार्षद

गोला (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र के राघवानंद बाबा हरिमंदिर में बुधवार की रात को भक्ति जागरण का आयोजन किया गया।जिसका उद्घाटन पार्षद जलेश्वर महतो ने फीता काटकर व दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर कहा कि ऐसे आयोजनों से लोगों में भक्ति का भाव उत्पन होता है, समाज में भी इसका बहुत ही अच्छा प्रभाव होता है , लोगों का मन प्रसन्न होता है।साथ ही वातावरण भी शुद्ध होता है वही ऐसे आयोजनों से लोगो में भक्ति का संचार होता है।मौके परआजसू के केंद्रीय सदस्य अशोक कुमार, पूर्व पार्षद कपिल मुंडा , जिला उपाध्यक्ष सुबोध कुमार,मुन्ना कुशवाहा, लखींद्र कुशवाहा, निखिल दांगी, पवन ठाकुर, प्रकाश दांगी, महेंद्र प्रसाद, बिनोद प्रसाद, विकाश कुमार,सूरज कुमार, परमेश्वर राम दांगी, दिनेश महतोजानकी ठाकुर रविन्द्र मुंडा, निरंजन महतो,प्रकाश दाँगी, पिंटू शर्मा सहित हजारों श्रद्धालु उपस्थित थे।

रजरप्पा जीएम पीएन यादव बने दुर्गा पूजा समिति के संरक्षक

चितरपुर(आजाद सिपाही)। श्री श्री दुर्गा पूजा समिति रजरप्पा की बीते शाम हुई बैठक में पुराने कमेटी को भांग कर नए कमेटी का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से रजरप्पा क्षेत्र के महाप्रबंधक पीएन यादव को कमेटी का संरक्षक चुना गया। वही अध्यक्ष के लिए प्रोजेक्ट पीओ बिनोद कुमार और वाशरी पीओ मोहन बाबू को चुना गया। जबकि उपाध्यक्ष जगदीश महतो, गजेंद्र चौधरी को बनाया गया। इसी प्रकार सचिव राजेन्द्रनाथ चौधरी, सह सचिव महेंद्र मिस्त्री कोषाध्यक्ष चितरंजन दास चौधरी, उप कोषाध्यक्ष आर पी सिंह को चुना गया है। वही रजरप्पा क्षेत्र के सभी संचालित यूनियन के अध्यक्ष एवं सचिव संचालन समिति के सदस्य होंगे। इस दौरान बैठक में पूर्व की भांति रजरप्पा क्षेत्र में दुर्गा पूजा भव्य एवं आकर्षक पूजा मनाने के लिए विचार विमर्श किया गया। बैठक में समिति के दर्जनों लोग मौजूद थे।

सभी जरूरतमंद लोगों की समस्याओं का समाधान करना हमारा उद्देश्य : कुलदीप

चितरपुर(आजाद सिपाही)। चितरपुर प्रखंड अंतर्गत सेवई उत्तरी पंचायत स्थित कल्पना महिला समिति के जन वितरण प्रणाली दुकान में गुरूवार को सोना सोबरन योजना के तहत कई लोगों के बीच धोती-साड़ी का वितरण किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित सेवई उत्तरी पंचायत के मुखिया कुलदीप सिंह ने राशनकार्ड धारकों के बीच झारखंड सरकार की महत्वाकांक्षी योजना सोना सोबरन योजना के तहत धोती और साड़ी का वितरण किया। मौके पर उन्होंने कहा कि सेवई उत्तरी पंचायत के सभी जरूरतमंद लोगों की समस्याओं का समाधान करना हमारा उद्देश्य है। विकास योजनाओं को धरातल पर उतारकर लोगों की समस्याओं को दूर करने का हरसंभव प्रयास जारी है। मौके पर कल्पना महिला समिति की मालती देवी, जयमनी देवी, सूदन देवी, जीवन महतो, गणेश साहू, दुलेश्वर महतो, खिरोधर महतो के अलावे लाभुकों में मुगदी देवी, रूपमणि देवी, मंजू देवी, अंशु कुमार, कुंदन मिश्रा, राजूलाल रजक, सबीर अहमद सहित कई लोग उपस्थित थे।

डीएवी बरकाकाना ने किया स्वर्ण पदक विजेताओं को सम्मानित

बरकाकाना (आजाद सिपाही)। डीएवी बरकाकाना ने सम्मानित समारोह का आयोजन किया। समारोह के दौरान दो स्वर्ण पदक विजेताओं को सम्मानित किया गया। कॉमनवेल्थ गेम्स में लॉग बॉल में स्वर्णपदक विजेता रूपा रानी तिर्की एवं चेन्नई में आयोजित राष्ट्रीय स्तर के किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता के स्वर्ण पदक विजेता प्रवीण कुमार उपस्थित हुए।रूपा रानी तिर्की रामगढ़ जिले के खेल पदाधिकारी है एवम प्रवीण कुमार डीएवी बरकाकाना के बच्चों को बॉक्सिंग का प्रशिक्षण दे रहे हैं।समारोह के दौरान प्राचार्या सह क्षेत्रीय अधिकारी डॉ उर्मिला सिंह ने दोनो पदक विजेताओं को सर्वप्रथम हरित पौध प्रदान कर-के उनका स्वागत किया।उन्होंने रूपा रानी व प्रवीण कुमार को शॉल ओढ़ाकर एवं स्मृति चिन्ह भेटकर सम्मानित किया।रूपा रानी तिर्की के विजय सफर की चर्चा करते हुए मंच संचालक संजय कुमार ने उनके जीवन के संघर्षो से प्रेरणा लेने की बात कही।मौके पर उपस्थित रूपा रानी तिर्की ने अपने संबोधन में बच्चों को सफलता का मंत्र बताते हुए कहा कि धैर्य,अनुशासन और परिश्रम की माला बनाकर पहनने के बाद ही वे सफल हो सकते हैं।प्राचार्या ने विद्यालय के बच्चों को उनसे प्रेरणा लेने को कहा और उम्मीद व्यक्त किया कि डीएवी बरकाकाना के बच्चे भी एक दिन देश के लिए स्वर्ण पदक लाकर, विद्यालय, राज्य एवं देश का सम्मान बढ़ायेंगे।

विद्यालय में बच्चों का नामांकन व ठहराव जरूरी : डॉ सरफराज

मध्य विद्यालय लारी में हुआ शिक्षक अभिभावक गोष्ठी का आयोजन

चितरपुर (आजाद सिपाही)। चितरपुर मध्य विद्यालय लारी में बुधवार को शिक्षक अभिभावक गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी का उद्देश्य है कि बच्चों के सर्वांगीण विकास उनके शैक्षणिक विकास में शिक्षकों और अभिभावकों का सामंजस्य पूर्ण वातावरण तैयार करना था । मौके पर मुख्य रूप से मौजूद प्राचार्य डॉ सरफराज आलम ने कहा कि विद्यालय में बच्चों का नामांकन व ठहराव कराना जरूरी है। तभी विद्यालय का सही ढंग से चरितार्थ हो सकता है। इसके अलावे उन्होने कहा कि अभिभावकों की सक्रियता तथा शिक्षकों के साथ बेहतर संबंध, सामंजस्य लाये बिना छात्रों के शैक्षिणिक अथवा अन्य प्रगति को सकारात्मक रूप में लाना कठिन होता है। अतः इस तरह की गोष्ठी आयोजित कर बच्चों के शैक्षणिक, चारित्रिक गतिविधियों पर चर्चा कर इसे सही दिशा प्रदान कर सकते हैं। इस दौरान सरकारी लाभ का सही इस्तेमाल और इस सत्र में पोशाक की खरीदारी करने पर भी चर्चा किया गया। मौके पर शिक्षक मिसबाहुल इस्लाम, हातिम अंसारी, गीता देवी, दशमी देवी सुनीता देवी, सरिता देवी, आनंद प्रसाद, रमेश नायक, रेहाना खातून, किताबुन निसा, खुरशीद आलम, मो. इजहार, लुकमान, सुमन देवी, घनश्याम करमाली, उषा देवी, नवरत्न राम, बाबूलाल करमाली, नन्दकिशोर प्रसाद, सहित कई मौजूद थे।

नियमित पेयजलापूर्ति की मांग को लेकर जनप्रतिनिधियों ने पानी टंकी गेट में जड़ा ताला

कुजू(आजाद सिपाही)। हर घर नल जल योजना के तहत नियमित पेयजल आपूर्ति की मांग को लेकर जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों ने शिवपुरी कॉलोनी डटमामोड़ स्थित निर्मित पेयजल आपूर्ति केंद्र का गेट में गुरुवार को ताला जड़कर बवाल काटा। साथ ही, केंद्र के कर्मचारियों को बंधक बनाया। केंद्र के अधिकारियों द्वारा जल योजना के तहत नियमित रूप से पेयजल आपूर्ति करने के आश्वासन के बाद सभी कर्मचारियों को आधे घंटे के बाद मुक्त किया गया। जानकारी के अनुसार, गुरुवार को केंद्र अध्यक्ष सह कुजू पश्चिमी पंचायत मुखिया जय कुमार ओझा उर्फ बुच बाबा के नेतृत्व में करीब 8 बजे कुजू पूर्वी, पश्चिमी और दक्षिणी के जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने केंद्र पहुंच कर ताला जड़ दिया। साथ ही, केंद्र पर आरोप लगाते हुए कहा कि डीएमएफटी फंड से करोड़ो रुपये की लागत से 3 वर्ष पूर्व हर घर नल योजना के तहत पेयजलापूर्ति को लेकर पानी टंकी का निर्माण कराया गया था। लेकिन केंद्र के ठेकेदारों और कर्मचारियों का उदासीन रवैया और लापरवाही के कारण तीनों पंचायत में नियमित रूप से ग्रामीणों को योजना के तहत पानी उपलब्ध नहीं कराया जा सका है। जिस वजह से ग्रामीणों समेत जनप्रतिनिधियों में आक्रोश व्याप्त है। मौके पर जनप्रतिनिधि और ग्रामीणों ने मौजूद कर्मचारियों को बंधक बनाते हुए अपनी मांग को रखते हुए जल्द से जल्द पूरा करने की बात कही। जनप्रतिनिधियों ने स्पष्ट रूप से कहा कि ठेकेदार द्वारा तीनों पंचायतों में जलापूर्ति हेतु पाइप अब तक नहीं बिछाया गया है। जो कनेक्शन लिए गए हैं जहां पानी की उपलब्धता नहीं की जा रही है। मौके पर जनप्रतिनिधियों ने कहा कि पेयजल विभाग से भी इसकी शिकायत करने पर केवल आश्वासन दिया जाता है। मौजूद लोगों ने आरोप लगाते हुए कहा कि इस योजना से जुड़े हुए किसी प्रकार का लेखा जोखा अब तक प्रस्तुत नहीं किया गया। वही, ठेकेदार प्रतिनिधि ने दूरभाष पर आवेदन के आधार पर व्यवस्थित करने का आश्वासन दिया है।

भुरकुंडा क्षेत्र विकास मंच की भुरकुंडा में हुई बैठक, कई मुद्दों पर हुई चर्चा

भुरकुंडा(आजाद सिपाही)। भुरकुंडा पंचायत भवन में गुरूवार को भुरकुंडा क्षेत्र विकास मंच की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता पूर्व पार्षद दर्शन गंझू व संचालन सांसद प्रतिनिधि जगतार सिंह ने किया। बैठक में मुख्य रूप से भुरकुंडा बाजार क्षेत्र के सघन आबादी वाले क्षेत्रों में भारी वाहनों के आवागमन पर अविलंब रोक लगाने एवं वैकल्पिक मार्ग से ट्रांसपोर्टिंग करने की मांग जिला प्रशासन एवं स्थानीय पुलिस प्रशासन से की गई। बैठक में मंच के वरिष्ठ सदस्य गिरधारी गोप ने कहा भुरकुंडा क्षेत्र विकास मंच के संघर्षों में सक्रिय सहयोग देने वाले सभी साथी आगे आकर मंच द्वारा आंदोलनात्मक कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी निभाए। साथ ही क्षेत्र की विकास में अपनी सक्रिय योगदान दें। मंच के सहसंयोजक विनय कुमार सिंह ने कहा कि क्षेत्र के ग्रामीण क्षेत्रो की बदहाल सड़कों के जीर्णोद्धार हेतु संबंधित विभाग एवं जिम्मेवार जनप्रतिनिधियों से भेंटकर नवीनीकरण की मांग की जाएगी। मंच की रेणुका दास ने कहा कि अगली बैठक में स्थानीय सभी क्षेत्रों से आने वाले सामाजिक, बुद्धिजीवि, व्यवसायिक वर्ग, राजनीतिक एवं पंचायत के सभी जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति सुनिश्चित कराने का प्रयास किया जाएगा। साथ ही सभी को इसके सूचनार्थ पत्र भी प्रेषित किये जायेंगे। बताया गया कि मंच की अगली बैठक आगामी 3 सितंबर को पुनः भुरकुंडा पंचायत भवन में होगी। धन्यवाद ज्ञापन रामाकांत दुबे ने किया। मौके पर प्रेम नाथ साहू, गुलाबचंद्र मिश्रा, केसी दास, बबन पांडेय, प्रेमनाथ विश्वकर्मा, संतन सिंह, संतोष उरांव, आजाद अंसारी, हरिशंकर चैधरी, आजाद भुंइया, दीपक भुइयां आदि मौजूद थे।

मगध में एआइडिओए के बैनर तले बैठक

टंडवा(आजाद सिपाही)। मगध परियोजना के पिट कार्यालय में एआइडिओए के बैनर तले बैठक हुयी। जिसकी अध्यक्षता मगध संघमित्रा आम्रपाली चंद्रगुप्त के क्षेत्रीय अध्यक्ष शशिभूषण तिवारी ने किया। बैठक में माइनिंग कि ज्वलंत समस्याओ पर विचार विमर्श किया गया। और इसके बारे मे मैनेजमेंट से बातचीत करने का निर्णय लिया गया। इस मौके पर क्षेत्रीय सचिव संजय कुमार,आई.टी.शेल के आदर्श आत्माराम, दिपक, राजेश नायक, नवीन लकड़ा, जगगु, सुरज, रवि, निकलेश, दशमंत, गुडु उपस्तिथ थे।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का जनप्रतिनिधियों ने किया निरीक्षण

टंडवा। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र टंडवा राम भरोषे संचालन हो रही है।सभी प्रकार की सुविधाओ से संपन्न अस्पताल गौशाला एव गंदगी का अम्बार लगा है।बीते दिन अस्पताल के डॉक्टरों से दायित्वतो के निर्वाह नही करने से 24 वर्षीय घ्याल जितेंद्र गुप्ता की मौत हो गयी।इस बाबत जनप्रतिनिधि बीस सुत्री अध्यक्ष सुभाष यादव,दक्षिणी जिप सदस्य नेहा उरांव,आजसू केंद्रीय सचिव जागेश्वर दास,राज्य सभा सांसद प्रतिनिधि रवीन्द्र सिंह,उप प्रमुख जितेंद्र सिंह,बीस सुत्री उपाध्यक्ष नीरज तिवारी ने चिकित्सा प्रभारी कृष्णा कुमार के साथ अस्पताल का निरीक्षण किया।जहाँ सीसीएल प्रबंधन द्वारा अधिष्ठापित ऑक्सीजन प्लांट में गंदगी का अम्बार देख बीस सुत्री अध्यक्ष सुबाष यादव प्रभारी पर बिफरे।प्रतिनिधियो ने पूछे की सवाल एव कई दिशा निर्देश दिया।प्रभारी डॉक्टर कृष्णा कुमार ने बताया की जितनी तकनीकी उपकरण अस्पताल में मौजूद है, उसकी संचालन कुछ ही लोग जानते है।व्यक्ति और अनुभव के आभाव में सब अधूरे है बताया।इस मौके पर बीस सुत्री अध्यक्ष ने स्वास्थ्य मंत्री को पत्रचार कर टंडवा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के बारे में जानकारी देंगे बताया।

अंबा प्रसाद ने ग्रामीणों को दिलाया ट्रांसफार्मर, फीता काटकर किया उद्घाटन

भदानीनगर (आजाद सिपाही)। पतरातू प्रखंड अंतर्गत लपंगा पंचायत के मुस्लिम मोहल्ला मे खराब पड़ा 63 केवीए का ट्रांसफार्मर को बदलवाकर विधायक अंबा प्रसाद ने 100 केवीए का ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराया एवं स्थानीय निवासियों को बिजली मुहैया कराईं विगत दिनों पूर्व ट्रांसफार्मर जल जाने के कारण स्थानीय ग्रामीण अंधेरे में जीवन यापन करने को मजबूर थे तथा इसकी सूचना स्थानीय विधायक अंबा प्रसाद को दिए जाने पर विधायक ने मामले को संज्ञान में लेकर ग्रामीणों को ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराई जिसके बाद स्थानीय ग्रामीणों ने विधायक अंबा प्रसाद के हाथों से ट्रांसफार्मर का उद्घाटन दिन बृहस्पतिवार को करायो गांव में पुनः बिजली बहाल होने पर विधायक सुश्री अंबा प्रसाद का ग्रामीणों ने जोरदार तरीके से फूल माला पहनाकर स्वागत कियो इस अवसर पर राजू पांडे, धनंजय जी, नसीम अंसारी, रिहाना खातून, इशरत जहां, हसन सिराजुल, अनवर अंसारी, मुख्तार अंसारी, मशीन मकसूद अंसारी, आशिक यासीन जब्बार, मुस्तफा गुलाम नबी रसूल,गुलाम नबी, शमशेर अंसारी, तस्लीम रब्बानी समेत भारी संख्या में महिला-पुरुष मौजूद रहे ।

बिजली के करंट से दो भैंसों की हुई मौत

पतरातू (आजाद सिपाही)। पतरातू खैरा मांझी द्वार के पास गुरुवार की सुबह बिजली के करंट के चपेट में आने से खटाल के दो भैंसों की मौत हो गई। इससे राजकुमार यादव को करीब दो लाख रुपए की नुकसान होने की संभावना जताई जा रही है। भैंसों के मालिक राजकुमार ने बिजली विभाग से मुआवजे की मांग की है। बताया जाता है कि भैंस अन्य दिनों की तरह चरने गई थी। कि मेन सड़क के करीब 90 फीट की दूरी पर एक बिजली के खंभे में करंट आ रहा था। और पोल के इर्द गिर्द पानी भी जमा था। वहीं पर भैंस चरने के दौरान गई और 10 मिनट के अंदर तड़प कर मर गई। इस घटना से खटाल निवासीयों में बिजली विभाग के खिलाफ आक्रोश देखा जा रहा है।

पारगढ़ा में दुर्गा पूजा कमेटी का हुआ गठन

पतरातू (आजाद सिपाही)। पतरातू प्रखंड के पारगढ़ा में प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी दुर्गा पूजा मनाने को लेकर गुरुवार को दुर्गा मंडप परिसर में ग्रामीणों की बैठक हुई। इसमें पिछले वर्ष के आय व्यय बैठक में रखी गई। और फिर सर्वसम्मति से नई कमेटी का गठन किया गया। इसमें अध्यक्ष विनो मुर्मु को बनाया गया। इसी प्रकार उपाध्यक्ष बिरजु महतो, सचिव गोंबिन्द महतो, सह सचिव प्रेम मुर्मु, कोषाध्यक्ष रंजन कुमार व निल तिर्की व सह कोषाध्यक्ष शिवा कुमार व अनिल तिर्की को बनाया गया। इसके साथ ही अशेशर प्रसाद, बितन महतो, सुरेश मांझी, राजेन्द्र मुंडा, सरयु महतो, बसंत उरांव, महावीर मांझी, सहदेव महतो, महेन्द्र महतो, गणेश महतो, गोपाल महतो, लालेश्वर महतो आदि को कार्यकारिणी सदस्य के रुप में चयन किया गया। इसके साथ ही 38 अन्य लोगों को विभिन्न जिम्मेवारियां सौंपी गई।

पर्यावरण की सुरक्षा एवं संरक्षण के लिए वृक्षारोपण बहुत जरूरी : बीडीओ

रजरप्पा (आजाद सिपाही)। वन महोत्सव के अवसर पर चितरपुर महाविद्यालय परिसर में आम, कटहल, शरीफा, करम जामुन, सीताफल, काजू सहित दर्जनों फलदार वृक्ष लगाया गया। वन महोत्सव कार्यक्रम के मुख्य अतिथि चितरपुर प्रखंड विकास पदाधिकारी उदय कुमार एवं विशिष्ट अतिथि अंचलाधिकारी तृप्ति विजय कुजुर शामिल हुए महाविद्यालय परिसर में वन महोत्सव के अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचलाधिकारी ने वृक्षारोपण करते हुए अपने संबोधन में कहा कि पर्यावरण की सुरक्षा के लिए वृक्षारोपण बहुत जरूरी है और एक फलदार वृक्ष लगाते हैं तो 10 पुत्र के समान कहा जा सकता है पर्यावरण का संरक्षित के लिए वन महोत्सव जरूरी है तथा इस मौके पर वृक्षारोपण कर जीव जंतु को सुरक्षित करें एवं पर्यावरण को संतुलित बनाए रखने में सभी लोग को जीवन में अवश्य अपने घर बाड़ी आदि जगह पर वृक्षारोपण करना चाहिए इस मौके पर विशिष्ट अतिथि अंचलाधिकारी ने बताया कि वृक्ष हमें फल फूल और छाया देती है इसे सुरक्षित और संरक्षित रखना जरूरी है तथा बंजर भूमि पर हर हाल में वृक्षारोपण करना बहुत जरूरी है तभी हमारा जीवन सुरक्षित रह पाएगा इस मौके पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर संज्ञा प्रो निरंजन महतो , मनोज झा, कुदरतूलेन, ज्योति कुमारी, फहमीदा शाहनवाज खान, नाज शबाना अंजुम, अंजू कुमारी, ताराशंकर अग्रवाल, रेवालाल पटेल, उत्तम कुमार, रवि कुमार, राहुल सहित कई कॉलेज कर्मी शामिल थे।

राजस्व क्लर्क अरुण सिंह के आगे सीरियल किरदार शक्तिमान भी है फेल

चतरा(आजाद सिपाही)। जिले के लावालौंग प्रखण्ड के एसएफसी गोदाम के प्रभारी प्रबंधक अरुण सिंह के सामने बच्चों के प्रसिद्ध सुपर हीरो किरदार शक्तिमान भी फेल है। शक्तिमान को तो एक स्थान से दूसरे स्थान पर जाने के लिए उड़ना पड़ता था। लेकिन अरुण सिंह तो एक ही समय पर जिला मुख्यालय के राजस्व शाखा और दूसरे में लावालौंग प्रखंड मुख्यालय स्थित एसएफसी गोदामों में भी उपस्थित रहते हैं। वह भी लावालौंग प्रखंड की दूरी करीब 40 किलोमीटर दूर है। दरअसल सरकार के निर्देश के अनुसार डोर स्टेप डिलीवरी के लिए अनाजों का उठाव बिना गोदाम प्रबंधक की उपस्थिति के संभव नहीं है। लेकिन, सरकारी आंकड़ों के अनुसार चतरा जिले के लावालौंग प्रखंड में स्थित एसएफसी गोदामों से गोदाम प्रबंधक के बगैर अनाज उठाव हो रहा है । जानकारी के अनुसार डेढ़ वर्ष पूर्व क्लर्क अरुण सिंह को गोदाम प्रबंधक का प्रभार दिया गया । उदाहरण स्वरूप ऐसा मामला जिले में संभवतः पहला है कि क्लर्क (कर्मी) को गोदाम प्रबंधक का प्रभार सौंप दिया गया है । पिछले दो माह से जिला मुख्यालय स्थित समाहरणालय के राजस्व विभाग में क्लर्क के पद पर कार्यरत है और जिला मुख्यालय में प्रतिदिन उपस्थित भी है तथा लावालौंग प्रखण्ड स्थित अनाज गोदाम का संचालन फिल्मी किरदार शक्तिमान को फेल करते हुए पिछले दो माह से संचालित हो रहा है और सम्बंधित अधिकारी बेखबर है।

फिर अशांति की ओर पाकिस्तान

पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के खिलाफ रविवार को आतंकवाद विरोधी कानून के तहत मामला दर्ज होने के बाद जहां उन पर गिरफ्तारी की तलवार लटक गयी है, वहीं देश में सत्ता का संघर्ष और तीखा रूप ले चुका है। इसी साल अप्रैल में अविश्वास प्रस्ताव के जरिए सत्ता से हटाये जाने के बाद से इमरान फिर से चुनाव कराने की मांग कर रहे हैं। देश भर में रैलियां करते हुए वह न केवल मौजूदा सरकार पर हमले कर रहे हैं, बल्कि सेना को भी निशाना बना रहे हैं। इसी क्रम में उनके एक करीबी सहयोगी शहनाज गिल को पिछले दिनों तब गिरफ्तार किया गया, जब उन्होंने एक टीवी टॉक शो के दौरान कथित तौर पर सेना के अधिकारियों से आह्वान किया कि वे अपने वरिष्ठ अधिकारियों का आदेश न मानें। इमरान और उनकी पार्टी का आरोप है कि जेल में शहनाज गिल को बुरी तरह टॉर्चर किया गया। हालांकि सरकार इस आरोप को गलत बताती है, लेकिन इमरान ने यही आरोप दोहराते हुए एक सार्वजनिक सभा में दो पुलिस अफसरों और एक जज के नाम लेकर उनके खिलाफ एक्शन लेने की धमकी दी। इमरान ने वैसे तो कानूनी कार्रवाई की बात कही, लेकिन सरकार ने इसे न्यायपालिका और पुलिस प्रशासन को आतंकित कर उन्हें अपने कर्तव्य पालन से रोकने की कोशिश करार दिया। स्वतंत्र प्रक्षकों ने भी इमरान के इस बयान को गंभीर बताया है। उनके मुताबिक अगर किसी खास ऑफिसर की कार्रवाई पक्षपातपूर्ण लगती है, तो इमरान की पार्टी या उससे जुड़े लोगों के पास उन अधिकारियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई का विकल्प हमेशा खुला है, लेकिन एक पूर्व प्रधानमंत्री जब सार्वजनिक सभा में ऐसी धमकी दे, तो उसके निहितार्थ बहुत दूर तक जाते हैं। बहरहाल, सरकार के पास इमरान खान को गिरफ्तार करने का ठोस आधार भले आ गया हो, उनकी गिरफ्तारी पर पूरे पाकिस्तान में व्यापक प्रतिक्रिया होने के आसार काफी मजबूत बताये जा रहे हैं। सत्ता से बाहर होने के बाद से इमरान की लोकप्रियता बढ़ी है। देश के अलग-अलग हिस्सों में उनकी रैलियों में भीड़ उमड़ रही है। चुनावी कामयाबी भी उनकी इस बढ़ी हुई लोकप्रियता की पुष्टि करती है। जुलाई में पंजाब प्रांत के स्थानीय चुनावों में उनकी पार्टी पीटीआइ ने शानदार कामयाबी हासिल की तो इस महीने देश के व्यावसायिक केंद्र कराची में भी अच्छा प्रदर्शन किया। जाहिर है, पाकिस्तान में चल रहे इस सत्ता संघर्ष में कोई भी पक्ष पीछे हटने की स्थिति में नहीं है। और कदम आगे बढ़ाने का परिणाम देश भर में अशांति और सड़कों पर हिंसक प्रदर्शन के रूप में सामने आ सकता है।

जाहिर है, पाकिस्तान में चल रहे इस सत्ता संघर्ष में कोई भी पक्ष पीछे हटने की स्थिति में नहीं है। और कदम आगे बढ़ाने का परिणाम देश भर में अशांति और सड़कों पर हिंसक प्रदर्शन के रूप में सामने आ सकता है।

ओएनओआरसी के साथ, श्रमिक और उनके परिवार दोनों को आसानी से लाभ मिल सकता है। उनकी बचत बहुत अधिक है, क्योंकि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत भारी सब्सिडी वाले अनाज के अलावा, उन्हें प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत आपूर्ति भी निःशुल्क दी जा रही है। चूंकि यह योजना भारतीय श्रमिकों को आत्मनिर्भर बना रही है, इसलिए इसे अब आत्मानिर्भर भारत अभियान के तहत प्रधानमंत्री के प्रौद्योगिकी संचालित प्रणालीगत सुधारों का भी हिस्सा बनाया गया है।

खाद्य सुरक्षा-कल्याण के साथ प्रतिस्पर्धा का मेल

सुखदेव वशिष्ठ

लगभग 80 करोड़ भारतीयों को पूरे देश में किसी भी उचित मूल्य की दुकान से भारी सब्सिडी वाले अनाज खरीदने की स्वतंत्रता है। यह सुविधा लोगों को खाद्य सुरक्षा देने के साथ अभूतपूर्व रूप से सशक्त भी बना रही है और ऐसा लगता है कि देश भर में एक मूक क्रांति चल रही है। यह मोदी सरकार के कल्याण और गरीब-समर्थक दृष्टिकोण को एक नयी ऊंचाई पर ले जाती है और ऐसी प्रक्रियाओं की शुरुआत करती है, जिनका पूरे देश पर परिवर्तनकारी प्रभाव पड़ेगा, जो बहुत से लोगों की परिकल्पना से भी अधिक होगा।

उच्च प्रभाव वाली कल्याणकारी योजना नहीं है, जो वंचितों का समर्थन और पोषण करती है, बल्कि यह उचित मूल्य की दुकानों के बीच प्रतिस्पर्धा को भी जन्म देती है और एक आर्थिक उत्प्रेरक के रूप में कार्य करती है। अब प्रवासी शहरों में भी भारी सब्सिडी वाले अनाज खरीदने में सक्षम हैं और इस बचत का उपयोग अन्य उत्पादों की खरीद में कर सकते हैं।

भारत में, किसी खास सीजन के दौरान लगभग छह करोड़ लोग दूसरे राज्यों में और लगभग आठ करोड़ लोग अपने ही राज्य के अन्य हिस्सों में प्रवास करते हैं। ओएनओआरसी ओडिशा, बिहार, पश्चिम बंगाल, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश सहित विभिन्न राज्यों में प्रवासी श्रमिकों के लिए एक गेम चेंजर सिद्ध हुआ है। इससे पहले, जब ऐसे श्रमिक रोजगार के लिए शहरों में जाते थे, तो वे सब्सिडी अनाज पाने की अपनी पात्रता खो देते थे, क्योंकि उनकी यह सुविधा अपने निवास-स्थान के उचित मूल्य की दुकान से जुड़ी होती थी। यदि वे किसी शहर में उचित मूल्य की दुकान पर पंजीकृत होंगे, तो उनके परिवार को बाजार की ऊंची दरों पर अनाज खरीदना पड़ेगा!

सरकार ने 167 एफएम रेडियो और 91 सामुदायिक रेडियो स्टेशनों का उपयोग करके हिंदी और 10 अन्य क्षेत्रीय भाषाओं में एक रेडियो-आधारित अभियान चलाया।

ओएनओआरसी के साथ, श्रमिक और उनके परिवार दोनों को आसानी से लाभ मिल सकता है। उनकी बचत बहुत अधिक है, क्योंकि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत भारी सब्सिडी वाले अनाज के अलावा, उन्हें प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत आपूर्ति भी निःशुल्क दी जा रही है। चूंकि यह योजना भारतीय श्रमिकों को आत्मनिर्भर बना रही है, इसलिए इसे अब आत्मानिर्भर भारत अभियान के तहत प्रधानमंत्री के प्रौद्योगिकी संचालित प्रणालीगत सुधारों का भी हिस्सा बनाया गया है। इस योजना के अन्य दूरगामी प्रभाव भी हैं। दशकों तक पड़ोस की राशन की दुकान का एकाधिकार रहा था। लाभार्थियों के पास एक विशेष उचित मूल्य की दुकान पर जाने के अलावा कोई विकल्प नहीं था। दुकान के मालिकों का एकछत्र राज होता था और गुणवत्ता बनाये रखने के लिए कोई प्रोत्साहन भी मौजूद नहीं था।

ओएनओआरसी, न केवल प्रवासियों को, बल्कि प्रत्येक लाभार्थी को, किसी अन्य उचित मूल्य की दुकान से अनाज खरीदने का विकल्प देता है, यदि वह दुकानदार बेहतर गुणवत्ता वाले अनाज बेच रहा है, या बेहतर सेवा प्रदान कर रहा है। एक विक्रेता की देश के सभी राज्यों में स्थित कुल 5 लाख से अधिक दुकानों से प्रतिस्पर्धा है। यह एक ऐतिहासिक बदलाव है, क्योंकि यह दुकानदारों को गुणवत्ता के प्रति जागरूक होने और प्रतिस्पर्धी बनने के लिए प्रेरित करता है।

लाखों उचित मूल्य की दुकानों में प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देने से, देश के कारोबारी माहौल में समग्र रूप से सुधार होगा, जिससे देशवासियों को वस्तुओं और सेवाओं की बेहतर गुणवत्ता प्राप्त होगी। व्यापार करने के तरीकों में इस तरह के बदलाव से छोटे व्यवसायों को तेजी से विकास करने का मौका मिलेगा, लेकिन इसके लिए उन्हें गुणवत्ता में सुधार और निर्यात बाजार में प्रवेश करने की भी आवश्यकता होगी। इससे बड़ी संख्या में रोजगार के अवसरों का भी सृजन होगा।

एक राष्ट्र, एक राशन कार्ड (ओएनओआरसी) ने पहले ही बहुत मजबूत शुरुआत कर दी है। शहरी गरीब जैसे कूड़ा बीनने वाले, सड़क पर रहने वाले, संगठित और असंगठित क्षेत्रों के अस्थायी कर्मचारी समेत करोड़ों श्रमिक व दिहाड़ी मजदूर तथा घरेलू कामगार इस अग्रणी योजना का लाभ उठा रहे हैं। अगस्त, 2019 में इस योजना की शुरूआत के बाद से, मूल स्थान की बजाय अन्य स्थानों पर (पोर्टेबिलिटी) हुए लगभग 80 करोड़ लेनदेन दर्ज किये गये हैं। इनमें लाभार्थियों को नियमित होने वाले एनएफएसए और पीएमजीकेएवाइ खाद्यान्न वितरण के साथ राज्य के अन्य हिस्सों में और दूसरे राज्यों के हुए लेनदेन दोनों शामिल हैं। इनमें अप्रैल 2020 के बाद से कोविड अवधि के दौरान दर्ज किये गये 69 करोड़ लेनदेन भी शामिल हैं।

डिजिटल इंडिया पर प्रधानमंत्री के जोर ने देश के क्षमता-विकास में योगदान दिया है। प्रौद्योगिकी की सहायता से महामारी की चरम स्थिति के दौरान देश न केवल घर से काम करने (वर्क-फ्रॉम-होम) के नियमों को सहजता से अपनाने में सफल रहा, बल्कि इससे गरीबों और जरूरतमंदों को भोजन कराने में भी मदद मिली।

वर्तमान में 100 प्रतिशत राशन कार्ड डिजिटल हो गये हैं। इसके अलावा, उचित मूल्य की दुकानों में लगभग 5.3 लाख (99%) से अधिक इलेक्ट्रॉनिक प्वाइंट ऑफ सेल उपकरण स्थापित किये गये हैं।

सरकार ने यह सुनिश्चित करने के लिए अतिरिक्त प्रयास किये हैं, ताकि सभी पात्र लाभार्थी योजना का लाभ उठा पायें। इसे सुविधाजनक बनाने के लिए, खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग ने राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत अधिक लाभार्थियों को शामिल करने के उद्देश्य से 11 राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के लिए प्रायोगिक आधार पर एक 'सामान्य पंजीकरण सुविधा' शुरू की है। इसके अलावा, विभिन्न मंत्रालयों और विभागों ने इस योजना के बारे में लोगों को जागरूक करने के लिए रणनीतिक आउटरीच और संचार से जुड़े अपने प्रयासों को समन्वित किया है। सरकार ने 167 एफएम रेडियो और 91 सामुदायिक रेडियो स्टेशनों का उपयोग करके हिंदी और 10 अन्य क्षेत्रीय भाषाओं में एक रेडियो-आधारित अभियान चलाया। ट्रेनों में यात्रा करने वाले प्रवासी कामगारों को प्रधानमंत्री का संदेश देने के लिए 2400 रेलवे स्टेशनों पर घोषणाओं और प्रदर्शनों की व्यवस्था की गयी। संदेश के व्यापक प्रसार के लिए सार्वजनिक बसों का भी उपयोग किया गया।

यह योजना नरेंद्र मोदी सरकार के मूल दृष्टिकोण को प्रतिबिंबित करती है। सार्वजनिक नीति इस तरह से तैयार की जाती है कि यह समाज के सबसे गरीब और वंचित समुदायों को लाभान्वित करे। यह दर्शन ही इस सरकार के आठ परिवर्तनकारी वर्षों के दौरान सभी नीतियों और उपलब्धियों की मूल भावना रही है। शासन के इस दर्शन और दृष्टिकोण ने ही गरीब लोगों को बैंक खाते, सीधे नकद अंतरण, स्वास्थ्य बीमा, हर गांव में बिजली, दूरदराज के इलाकों में भी अच्छी गुणवत्ता वाली ग्रामीण सड़कों और गरीबों को रसोई गैस की आपूर्ति सहित अन्य सुविधाएं दी हैं।

आजादी की 75वीं वर्षगांठ पर, भारत तेजी से सभी के लिए विकल्पों की अधिक स्वतंत्रता की ओर आगे बढ़ रहा है। आइए हम उत्सव मनायें और इस विकल्प सुविधा को सक्षम बनायें।

जमशेदपुर की खबरें

सभी के जीवन में झूलेलाल जी की कृपा से सुख समृद्धि आये: काले

आजाद सिपाही संवाददाता

जमशेदपुर। रेफ्यूजी कालोनी में सिंधी समाज की ओर से भव्य रूप से आयोजित चालीस दिवसीय अखंड ज्योति महोत्सव (चालिया पर्व) संपन्न हुआ। आज समापन समारोह में भाजपा के पूर्व प्रदेश प्रवक्ता अमरप्रीत सिंह काले मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होकर पूजा-अर्चना की एवं प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर समाज की सैंकड़ों महिलायें, बच्चे एवं पुरूषों ने शामिल होकर प्रसाद ग्रहण किया। यह कार्यक्रम काफी गरिमामय तरीके से

आयोजित किया गया। इस अवसर पर अमरप्रीत सिंह काले ने कहा की शहर की अपनी एक पहचान है यहां सभी समुदाय के लोग काफी मिल जूल कर रहते है तथा एक दूसरे के दुःख सुख के सहभागी रहते है उन्होंने कहा की हमारे जमशेदपुर जैसा कोई शहर नहीं। उन्होंने झूलेलाल जी से शहर पर अपनी कृपा दृष्टि बनाये रखने के लिये प्रार्थना भी की। सभी के जीवन में झूलेलाल जी की कृपा से सुख समृद्धि आये। महोत्सव के दौरान झूलेलाल मंदिर को विशेष रूप से सुसज्जित किया गया था, तथा मंदिर में कथा, आरती, भजन-कीर्तन एवं भक्तजनों के लिये प्रसाद का आयोजन किया गया। इस मौके पर अमृत लाल, देवानंद जुमानी, बिहारी लाल, लाल चंद, भरत लाल, कार्तिक जुमानी, संत दास, एकता मोहनानी, शुशीला देवी, अंजू जुमानी, ज्योति जुमानी एवं अन्य मौजूद थे।

सूरज मुंडा हत्याकांड का पुलिस ने किया खुलासा
दो आरोपी गिरफ्तार, अन्य की तलाश जारी

आजाद सिपाही संवाददाता

आदित्यपुर। सरायकेला खरसावां जिले के आदित्यपुर पुलिस ने बीते 13 अगस्त की रात्रि थाना से सटे पीएचडी कॉलोनी से सटे गली नम्बर 14 में हुए सूरज मुंडा हत्याकांड का खुलासा करते हुए दो और अपराधियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। इस मामले के दो अभियुक्त गुड़िया दास और हरिओम पंडित को पूर्व में ही न्यायिक हिरासत में भेजे जा चुके हैं। गुरुवार को पुलिस की गिरफ्त में आए अपराधियों में आशीष दास उर्फ आमु दास और किशन सिंह शामिल है। पुलिस ने इनके पास से एक देशी कट्टा,दो जिंदा कारतूस एक स्प्लेंडर

मोटरसाइकिल एवं एक रॉयल इनफील्ड बुलेट और 4 मोबाइल बरामद कर लिया। इस संबंध में जानकारी देते हुए एसपी आनंद प्रकाश ने बताया हत्या के मामले में कुल आठ नामजद अभियुक्त थे। जबकि एक अप्राथमिकी अभियुक्त था। उन्होंने बताया प्राथमिकी अभियुक्त टिंकू दास, गुड़िया दास, हरिओम पंडित,अमु दास, सौरव दास,गोलू दास, साहिल दास और जितेन पासवान द्वारा साजिश के तहत सूरज सिंह मुंडा की हत्या कर दी गई थी। अबतक चार अभियुक्तों को गिरफ्तार किया जा चुका है। बाकी 5 अभियुक्त की गिरफ्तारी को लेकर छापेमारी की जा रही है। उन्होंने बताया सूरज सिंह मुंडा की हत्या साजिश के तहत की गई थी।

आपसी रंजिश के कारण सूरज की हत्या की

साजिशकर्ता टिंकू दास हत्या से 1 दिन पूर्व कोलकाता चला गया था। ताकि पुलिस को उस पर शक ना हो। लेकिन तफ्तीश के क्रम में साफ हो गया टिंकू दास ने अपने दोनों बेटों और पत्नी के साथ मिलकर सूरज की हत्या की साजिश की थी। उन्होंने बताया आपसी रंजिश के कारण सूरज की हत्या की गई। सभी आपस में एक दूसरे के घर आना-जाना करते थे। अन्य आरोपी जल्द ही गिरफ्तार किए जायेंगे।

ब्रह्माकुमारीज के प्रथम प्रशासक की 15वीं पुण्यतिथि विश्व बंधुत्व दिवस के रूप में मनी

आजाद सिपाही संवाददाता

जमशेदपुर। विश्व में प्रकाश फैलाने वाली एक ऐसी मणि है जिसका प्रकाश सारे विश्व में फैला है। यह जानकारी ब्रह्माकुमारीज के अंजू बहन ने दी। शुक्रवार को ब्रह्माकुमारीज के प्रथम मुख्य प्रशासक डॉक्टर दादी प्रकाशमणि जी के 15वीं पुण्यतिथि के पावन अवसर पर विश्व बंधुत्व दिवस कार्यक्रम मनाया गया। मौके पर उपस्थित अंजू बहन ने बताया दादी जी ने हैदराबाद में एक सिंधी परिवार में जन्म लिए थे। उनके पिताजी का अपना व्यापार भी था। वे ज्योतिषी भी थे। उन्होंने पहले से ही ज्ञान दिया था बेटी परमात्मा के लिए अपना जीवन समर्पित करेगी। उन्होंने उसी सुंदर भावना के साथ अपनी बेटी की पालन की। बाद में माता-पिता ने बड़े प्यार से उनको भगवान की सेवा में अर्पित कर दिया। दादी जी ने भारत में अनेक

स्थानों पर ईश्वरीय सेवा की और उनका अंतिम सेवा स्थान सन 1967- 68 में मुंबई गामदेवी था। दादी जी अधूरा देसी बुद्धि थी। ईश्वरीय सेवा के लिए कभी ना नहीं करती थी। दादी जी जानती थी कोई सच्चे दिल से सेवा करता है तो सुंदर परिणाम अवश्य निकलता है। मिलियन मिनिट्स के कार्यक्रम को सन 1986 इंटरनेशनल एयर ऑफिस में दादी जी के कहने से ही बहुत तेज गति से चलाया गया। फिर दादी जी आई और उन्हें पीस मैसेंजर अवार्ड यू एन ए में मिला था। दादी जी हर सेवा में पूर्ण सहयोग देती थी। अंजू बहन ने बताया दादी जी नव से देखकर दूसरों को प्रेरणा देने की कला में निपुण थी। इसके आलावे हर एक के संस्कारों को दादी संभाल लेती थी। सारे विश्व में प्रकाश फैलाने वाली ऐसी दादी प्रकाशमणि को आज भी हम सभी प्यार से याद करते हैं। उनसे प्रेरणा लेते हैं। उनके जन्म दिन हम सभी विश्व बंधुत्व दिवस के दिन रूप में मनाते हैं। मौके पर लगभग 700 ब्रह्माकुमारीज के भाई बहनों ने दादी जी को श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में ब्रम्हाकुमारी रागिनी बहन, संजू बहन, सुधा बहन, पूनम, कोमल बहन के आलावे समस्त ब्रह्माकुमारीज परिवार का सहयोग रहा।

1320 ग्राम गांजा के साथ तीन गिरफ्तार

जमशेदपुर (आजाद सिपाही)। पूर्वी सिंहभूम जिले के जमशेदपुर पुलिस नशीली पदार्थ के खिलाफ लगातार छापामारी कर रही है। एसएसपी प्रभात कुमार के निर्देश पर जुगसलाई पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर 1320 ग्राम गाजा के साथ तीन युवक को गिरफ्तार कर लिया। शुक्रवार को जिले के सिटी एसपी के विजय शंकर ने घटना की खुलासा की। घटना के संबंध में जानकारी देते हुए सिटी एसपी के विजय शंकर ने बताया पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी बिना नंबर के बाइक में गाजा का सप्लाई किया जारहा है। मौके पर डीएसपी के नेतृत में टीम का गठन कर छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान दो युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के पास से एक किलो गांजा बरामद किया गया। जांच करने पर एक कदमा भाटिया बस्ती का रहने वाला शिवम दीप और दूसरा कदमा मार्केट का रहने वाला तुसार शर्मा बताया।

श्री कृष्णा छठी उत्सव का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

जमशेदपुर। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी सिदगोड़ा श्री श्री कांवरिया धाम मंदिर समिति के द्वारा श्री कृष्ण जन्माष्टमी के उपरांत श्री कृष्ण छठी उत्सव का आयोजन किया गया। शुक्रवार को मंदिर कमेटी के सदस्यों के द्वारा श्री कृष्णा छठी उत्सव के उपलक्ष में अनिल सिंह एवं उनके टीम के द्वारा भजन एवं सोहर गायन प्रस्तुत किया गया। गायन टीम मै साज, कीबोर्ड पर तपन तिवारी, तबला पर प्रदीप सर्वे, ढोलक पर रवि तिवारी, बैंजो पर मकसूद, पैड पर राजू ने अपनी प्रस्तुति किया। भजन गायक टीम के द्वारा भजन एवं सोहर गायन की प्रस्तुति रश्मि रानी, मंजुला पटनायक एवं अनिल सिंह के द्वारा सोहर एवं भजन की प्रस्तुति की गई। मौके पर जमशेदपुर शहर के तमाम धर्म प्रेमी सज्जनों छठी उत्सव में शामिल होकर भजन एवं सोहर गायन का आनंद उठाया। छठी उत्सव के उपरांत धर्म प्रेमी सज्जनों के बीच महाप्रसाद का वितरण मंदिर कमेटी के सदस्यों के द्वारा किया गया। छठी उत्सव में मंदिर कमेटी के अध्यक्ष अरुण कुमार सिंह, महासचिव जितेंद्र कुमार सिंह, उदय सिंह, सुनील सिंह, चंद्रशेखर ओझा, संतोष सिंह, राजू नाथ, राज किशोर प्रसाद, रजनीश सिंह, सुरेश कुमार,चंद्रमणी राय, सत्येंद्र सिंह, रवि राज दुबे, महेंद्र प्रसाद, सुखदेव उपाध्याय, पवन कुमार, बंधु साहू,सीताराम गुप्ता,अशोक गुप्ता, अनिल कुमार सिंह, रमेश गुप्ता, गोविंद कुमार, शिव सिंह राजकुमार शाह के आलावे अन्य शामिल रहे।

एसएसपी ने थानेदारों का किया तबादला

आजाद सिपाही संवाददाता

जमशेदपुर। शहर की विधि व्यवस्था दुरूस्त करने के उद्देश्य से एसएसपी प्रभात कुमार ने शहर के सात थानेदारों का तबादला किया। शुक्रवार को एसएसपी के निर्देश पर साकची थाना प्रभारी राजेश कुमार सिंह को मानगो का यातायात थाना प्रभारी बनाया गया। एमजीएम थाना प्रभारी मिथिलेश कुमार को गोलमुरी का नया थाना प्रभारी बनाया गया। वही बमार्माइंस थाना प्रभारी राजू को एमजीएम थाना प्रभारी बनाया गया। अजय कुमार को टेल्को थाना से बमामाइंस प्रभारी बनाया गया। मानगो के यातायात थाना प्रभारी रणविजय शर्मा को टेल्को का थाना प्रभारी बनाया गया। वहीं शहर के साकची थाना प्रभारी

पुलिस केंद्र में योगदान दे रहे संजय कुमार को बनाया गया। साथ ही गोलमुरी यातायात थाना प्रभारी कमल नारायण सिंह को साकची का यातायात थाना प्रभारी बनाया गया। एसएसपी प्रभात कुमार ने सभी थाना प्रभारियों को तत्काल प्रभाव से ही प्रभार संभालने का आदेश दिया।

हमला : कृष्ण की छठी भंडारा में उपद्रवियों ने फर्नीचर व्यवसायी पर किया जानलेवा हमला, स्थिति गंभीर

व्यवसायी संघ ने थाना का घेराव कर दोषियों की गिरफ्तारी की मांग की

हमला में शामिल आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की

विरोध में व्यवसाइयों ने मझिआंव बाजार की सभी दुकानें रखी बंद

मझिआंव। मझिआंव राधा कृष्ण मंदिर में बुधवार की रात्रि आठ बजे भगवान श्री कृष्ण के छठी समारोह के दौरान चल रहे भंडारे के बाद मंदिर में भजन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए आ रहे फर्नीचर व्यवसायी सुदेश्वर शर्मा एवं उनके पुत्र अमरेश कुमार शर्मा के साथ असमाजिक तत्वों के द्वारा ईंट, लाठी डंडे,एवं तलवार से हमला करने का मामला प्रकाश में आया है। हमला के दौरान गंभीर रूप से घायल सुदेश्वर शर्मा को निजी क्लीनिक में प्राथमिक उपचार के बाद परिजनों द्वारा रेफरल अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से चिकित्सकों द्वारा बेहतर चिकित्सा के लिए गढ़वा सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। इसके साथ ही थाना में एफआईआर दर्ज कराने का निर्णय लिया एवं जानलेवा हमला करने वाले आरोपियों को तत्काल गिरफ्तार करने की मांग पुलिस प्रशासन से की गयी।

व्यवसायी सुदेश्वर शर्मा पर जानलेवा हमला के विरोध में आक्रोशित हजारों की संख्या में व्यवसायी दुर्गा मंदिर परिसर में बैठक के बाद पैदल चलकर मझिआंव थाना पहुंचे और थाना का घेराव कर हमला करने के आरोपियों को तत्काल गिरफ्तार करने की मांग की। इस दौरान घायल व्यवसायी के पुत्र अमरेश शर्मा द्वारा उसके पिता पर जानलेवा हमला करने वाले मझिआंव कला सुरवार टोला निवासी विजय सिंह के पुत्र बद्री सिंह एवं उनके भतीजे बलवीर सिंह सहित एक दर्जन लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी गयी।

दर्ज प्राथमिकी में कहा गया है कि वह राधा कृष्ण मंदिर के पुजारी बाबा केशव नारायण दास के बुलावे पर सांस्कृतिक कार्यक्रम मंडली के साथ मंदिर जा रहे थे। मंदिर के समीप बद्री सिंह एवं पंकज सिंह द्वारा उसे एवं उसके पिता को गाली गलौज करते हुए कालर पकड़कर मारपीट की गयी। उसके बाद कुछ लोगों के समझाने बुझाने के बाद वे लोग चले गए। थोड़ी ही देर बाद बद्री सिंह तथा बलबीर सिंह लगभग एक दर्जन लोगों को लेकर आये और तलवार लोहे की रॉड एवं ईंट से मारने लगे। मैं किसी तरह उन लोगों से बचकर उनके घेरे से बाहर निकला। इस दौरान तलवार, रॉड एवं ईंट की मार से मेरे पिता मूर्छित हो गए। इसके बाद हमला करने वाले लोग उन्हें मरा समझकर वहां से चले गए।

इधर प्राथमिकी दर्ज होने के बाद थाना प्रभारी कमलेश कुमार महतो द्वारा सभी आरोपियों को जल्द ही गिरफ्तार कर लेने के आश्वासन के बाद सभी व्यवसायी शांत हुए। इधर इस संबंध में थाना प्रभारी कमलेश कुमार महतो-ने बताया कि इस घटना में बद्री सिंह एवं उसके सहयोगियों पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। जल्द ही सभी आरोपियों की गिरफ्तारी की जाएगी।

पुलिस प्रशासन की मौजूदगी के बाद भी हमला होना व्यवसायी समाज के लिए खतरनाक : संघ

राधा कृष्ण मंदिर के समीप व्यवसायी पर हमला की घटना के विरोध में मझिआंव बाजार की सभी दुकानें बंद रहीं। गुरुवार की सुबह सैकड़ों व्यवसाइयों ने अपनी दुकानें बंद कर दुर्गा मंदिर परिसर में बैठक की। लोगों ने कहा कि मंदिर परिसर में पुलिस प्रशासन की मौजूदगी के बाद भी बिना इर भय के असमाजिक तत्वों द्वारा व्यवसायी पर जानलेवा हमला किया जाना व्यवसायी समाज के लिए काफी खतरनाक है। पिंकू सोनी ने कहा कि कुछ लोग दबंगई दिखाकर हम व्यवसायी वर्ग के लोगों में खौफ पैदा करना चाहते हैं, जिसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

दो माह पूर्व बनी पुलिया पहली बारिश में ही टूट कर बह गयी

सीआरपीएफ कैंप सहित कई गांवों के लोगों का आपस में संपर्क टूटा

आजाद सिपाही संवाददाता

भंडरिया। थाना क्षेत्र के अति उग्रवाद प्रभावित क्षेत्र बहेरा टोली एवं कोरवा डीह के बीच भूतहा नदी के पास दो माह पूर्व बनी पुलिया बरसात की पहली पानी और बरसात की पहली बारिश पुल नहीं झेल पायी और टूट कर बह गयी। टिहरी पंचायत अंतर्गत हेतु से बहरा टोली सड़क पर भुतहा नदी पर यह पुलिया 16 लाख की लागत से बनी थी। पुलिया के टूट जाने से आसपास के गांव तूरे तूमेरा बहेरा टोली, तरेर तुमरा करहु एवं पुनदाग का आसपास में संपर्क कट गया है। इससे लोगों को आवागमन में काफी कठिनाई हो रही है। उधर बूढ़ा पहाड़ से लगे सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्र में नक्सलियों के सफाये के लिए स्थापित शस्त्र एवं सीआरपीएफ कैंप में तैनात जवानों का भी सड़क मार्ग से संपर्क टूट गया है। दोनों कैंपों में तैनात सीआरपीएफ के जवान जरूरत के हिसाब से उक्त सड़क का इस्तेमाल आने जाने के लिए करते हैं। सबसे महत्वपूर्ण यह है कि नदी के एक किनारे बहरारा टोली सीआरपीएफ कैंप स्थापित है। वहीं दूसरी तरफ आदिम जनजाति बहुल गांव है। कोरवाडीह के ग्रामीण अखिलेश कोरबा, राजू कोरवा, मालती देवी, जैग कोरवा, पिंगड़ा कोरबा एवं गुना कोरबा ने उपायुक्त से पुलिया निर्माण की जांच कराने एवं जल्द पुलिया का निर्माण कराकर आवागमन बहाल करने की मांग की है।

कार्यालय, झारखण्ड शिक्षा परियोजना, कोडरमा

शिक्षा का अधिकार
सर्व शिक्षा अभियान
जब पढ़ें तब बढ़ें

अति अल्प निविदा

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विद्यालयों का निरीक्षण व अन्य विभागीय कार्यों में प्रयोग हेतु बोलेरो / स्कॉर्पियो / सूमो वाहन को मासिक किराये के आधार पर आवश्यकता है।

अतः इच्छुक वाहन स्वामियों से निम्न शर्तों के अनुसार दिनांक 07.09.2022 को अपराह्न 03:00 बजे तक सील बन्द लिफाफे में कोटेशन आमंत्रित की जाती है। निर्धारित तिथि एवं समय के बाद प्राप्त कोटेशन पर विचार नहीं किया जायेगा। कोटेशन दिनांक 08.09.2022 को अपराह्न 04:00 बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में खोला जायेगा। जिला के वेबसाईट www.koderma.nic.in पर देखा जा सकता है।

जिला शिक्षा पदाधिकारी सह
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी,
समग्र शिक्षा अभियान, कोडरमा।

PR 276414 Jharkhand Education Project Council(22-23)D

जिला खेल पदाधिकारी का कार्यालय, रामगढ़
(जिला खेल शाखा)

दूरभाष : ..... Email ID : dsoramgarh48@gmail.com

सूचना

मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल (बालक एवं बालिका) प्रतियोगिता 2022–23

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निदेशक, खेलकूद एवं युवाकार्य निदेशालय के पत्रांक–333 दिनांक 24.08.2022 के आलोक में खेलकुद एवं युवाकार्य निदेशालय झारखण्ड राँची द्वारा मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल (बालक एवं बालिका) प्रतियोगिता 2022–23 के आयोजन की तिथि निम्नवत् है:–

क्र0सं	आयोजन का स्तर	आयोजन का तिथि
1.	पंचायत स्तरीय (जिला के सभी पंचायत)	29 सितम्बर से 08 अक्टूबर–2022 तक
2.	प्रखण्ड स्तरीय (जिला के सभी प्रखण्ड)	14 अक्टूबर से 21 अक्टूबर, 2022 तक
3.	जिला स्तरीय	22 अक्टूबर से 03 नवम्बर, 2022 तक
4.	जोनल स्तरीय (चार जोन में)	05 नवम्बर से 08 नवम्बर, 2022 तक
5.	राज्य स्तरीय	10 नवम्बर से 14 नवम्बर, 2022 तक

उपरोक्त प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाडियों का विशेष जानकारी हेतु जिला खेल कार्यालय, रामगढ़ के मो0–8521422407, 8709816456 से सम्पर्क कर सकते है।

ह0/–
जिला खेल पदाधिकारी,
रामगढ़।

PR.NO.276415 District(22-23):D

समाजसेवी बबलू सिंह ने निजी खर्चे से ग्राम आदर में सड़क की मरम्मति करायी

बरडीहा (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम आदर में समाजसेवी सह विश्रामपुर विधानसभा के भावी उम्मीदवार बबलू सिंह उर्फ अभिमन्यु सिंह के नेतृत्व में ग्राम आदर पंचायत की जनता के अनुरोध पर बीच बस्ती की सड़क की मरम्मति करायी गयी। उक्त सड़क में गड्ढों में पानी भरे होने से लोगों को आवागमन में परेशानी हो रही थी। समाजसेवी ने अपने निजी खर्चे से सड़क को मिट्टी मोरम से भर कर चलने लायक बनाया। उन्होंने बताया कि बरडीहा प्रखंड वासियों एवं पूरे विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र की जनता के लिए मैं समर्पित हूं। मौके पर आदर पंचायत के मुखिया पति गयास-ुदीन अंसारी, पूर्व बीटीसी पति सुधीन अंसारी, अब्बास अंसारी, सगीर अंसारी, सुनर सिंह, उदय ठाकुर धर्मेंद्र साव मौके पर उपस्थित थे।

मेराल व्यवसायी संघ के कार्यकारी अध्यक्ष बने नवीन जायसवाल

मेराल (आजाद सिपाही)। मेराल के व्यवसायियों की एक बैठक बुधवार को बस स्टैंड स्थित कैलाश प्रसाद के मकान में डॉ अशोक प्रसाद की अध्यक्षता में हुई। बैठक में पूर्व अध्यक्ष कृष्णा प्रसाद कुशवाहा, संजय भगत, महेंद्र प्रसाद तथा बड़ी संख्या में स्थानीय व्यवसाइयों के साथ-साथ अतिथि के रूप में गढ़वा के व्यवसायी कंचन साहू, ज्योति प्रकाश आदि शामिल हुए। बैठक में निष्क्रिय व्यवसायी संघ को सक्रिय बनाने पर चर्चा हुई। विमर्श के बाद तय हुआ कि संघ के गठन से पहले सदस्यता अभियान चलाया जाए। इसके बाद संघ के पदाधिकारियों का चयन किया जाएगा। सदस्यता अभियान चलाने तथा संघ का चुनाव होने तक कार्यकारी अध्यक्ष का चयन किया जाए। बैठक में उपस्थित अधिकांश व्यवसायियों की राय से नवीन जायसवाल को कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया। नवीन को कार्यकारी अध्यक्ष बनाये जाने पर युवा व्यवसाइयों ने लड्डू बांटे तथा नवीन को फूल माला से लाद दिया। बाद में युवाओं ने जुलूस की शक्ल में मेराल बस स्टैंड में भ्रमण किया। सभी दुकानदारों को लड्डू खिलायी। मौके पर सभी दुकानदारों ने कार्यकारी अध्यक्ष को बधाई व शुभकामनाएं दी। मौके पर अतहर अली तथा संतोष सुमन ने कहा कि नवीन जायसवाल युवा ऊजार्वान व्यवसायी हैं, इनके नेतृत्व में व्यवसाइयों के हित में कार्य हो तथा मजबूत संघ के गठन के लिए कार्य करने की शुभकामनाएं दी। मौके पर सूर्य प्रकाश, ज्ञान रंजन मिश्र, प्रमोद महाजन, अनुज प्रसाद, पंकज जायसवाल, रेयाज अंसारी, अरविंद भगत, डब्लू, बबलू, चंदन, प्रमोद प्रसाद गुप्ता, अभिषेक कुमार मेहता, संत जयसवाल, शिव शंकर कुमार, तैयब अली, आकाश कुमार, मुन्ना राम, समीम रंगसाज, रवि जायसवाल, अजय विश्वकर्मा, आलोक सोनी, योगेंद्र कुमार, वाजुद्दीन अंसारी, संत कुमार, हमीद अंसारी सहित कई लोग शामिल थे।

पूर्व मंत्री गिरिनाथ सिंह ने हासनदाग पहुंचकर नथन चौधरी के परिजनों से की मुलाकात

कहा- हत्यारे एवं ग्रामीणों पर लाठी चार्ज के दोषियों खिलाफ हो कार्रवाई

आजाद सिपाही संवाददाता

मेराल। पूर्व मंत्री व भाजपा नेता गिरिनाथ सिंह गुरुवार को मेराल के हासनदाग में नथन चौधरी के परिजनों से मुलाकात कर घटना पर दुख व्यक्त किया तथा परिजनों को सांत्वना दी। उन्होंने नथन चौधरी की मृत्यु तथा उनके हत्यारे को गिरफ्तार करने की मांग करने गयी जनता पर हुए लाठीचार्ज की पूरी जानकारी प्राप्ति की। परिजनों तथा लाठीचार्ज में घायल लोगों से बात करने के बाद कहा कि घटना बेहद गंभीर है। यह प्रशासनिक विफलता है, इसके दोषी अधिकारियों पर अविलंब कार्रवाई की जानी चाहिए। हत्यारों को गिरफ्तार करने की मांग करने गए ग्रामीणों पर पुलिस द्वारा बर्बरता पूर्वक मारपीट करना बेहद संगीन मामला है। उन्होंने कहा कि मुझे जानकारी मिली है कि मेराल के सीओ अंगार नाथ स्वर्णकार द्वारा मेराल बस स्टैंड के निर्दोष दुकानदारों को लोहे के रड से पीटा गया, जो काफी निंदनीय है। उन्होंने पूरी घटना की न्यायिक जांच करने की मांग की। मौके पर भाजपा नेता गिरेन्द्र पांडे, रंजन चौबे, मुखिया पति हरेंद्र चौधरी, पूर्व मुखिया दुखन चौधरी, रामनाथ विश्वकर्मा, बिहारी चौधरी, कोमल चौधरी सहित कई लोग थे।

देसी कट्टा के साथ एक अपराधी गिरफ्तार

गिरफ्तार संजय शर्मा इसके पूर्व मर्डर एवं लूट मामले में जेल जा चुका है : एसडीपीओ

आजाद सिपाही संवाददाता

बंशीधर नगर। श्री बंशीधर नगर अनुमंडल अंतर्गत हरिहरपुर ओपी की पुलिस ने संजय शर्मा नामक अपराधी को देसी कट्टा के साथ गिरफ्तार किया है। वह पलामू जिला अंतर्गत रेहला थाना क्षेत्र का रहने वाला है।

गुरुवार को एसडीपीओ ऑफिस में आयोजित प्रेसवार्ता में एसडीपीओ प्रमोद कुमार केसरी ने बताया कि हरिहरपुर ओपी अंतर्गत महुआ धाम गांव में नीतीश होटल के पास दो अपराधकर्मियों के द्वारा बड़ी घटना को अंजाम देने की योजना बनाने की गुप्त सूचना मिली थी। सूचना के आधार पर हरिहरपुर ओपी प्रभारी रामभरोसा शर्मा के नेतृत्व में पुलिस ने वहां पहुंच कर मामले की जांच की। जांच के दौरान संजय शर्मा नामक व्यक्ति को पकड़ा गया। जबकि एक व्यक्ति पुलिस को देख भागने में सफल रहा।

उन्होंने बताया कि संजय शर्मा की तलाशी के दौरान उसके पास से एक देसी कट्टा, एक जिंदा गोली, पल्सर बाईक एवं मोबाईल बरामद किया गया। एसडीपीओ ने बताया कि संजय शर्मा पलामू जिला अंतर्गत रेहला थाना क्षेत्र के पांडेयपुर गांव का रहने वाला है। उन्होंने बताया कि संजय शर्मा इसके पूर्व मर्डर एवं लूट मामले में जेल की हवा खा चुका है। प्रेसवार्ता में पुअनि सह हरिहरपुर ओपी प्रभारी रामभरोसा शर्मा आदि मौजूद थे।

कार्यालय-प्रमंडलीय प्रबन्धक,
लघु वन पदार्थ परियोजना प्रमण्डल हजारीबाग

आवश्यक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निगम मुख्यालय राँची के निदेशानुसार हजारीबाग प्रमण्डल अन्तर्गत चरही / चौपारण / कर्मशाला / झुमरा वनागारों में भंडारित होने वाले सखुआ, शीशम, हार्ड उड, सॉफ्ट उड, जलावन पोल, खूँटा एवं अन्य विभिन्न प्रजाति के प्रकाष्ठो की विक्री आम नीलामी द्वारा की जायेगी। नीलामी में रखे गये प्रकाष्ठ प्रचयों की सूची प्रमंडलीय कार्यालय, हजारीबाग से प्राप्त कर अवलोकन किया जा सकता है। वनागारों में आम नीलामी की तिथि अगले चार माह के लिए निम्नवत् निर्धारित की जाती है।

वनागार का नाम	सितम्बर 22	अक्टूबर 22	नवम्बर 22	दिसम्बर 22
चरही वनागार	09.09.2022	14.10.2022	04.11.2022	09.12.2022
कर्मषाला वनागार	08.09.2022	13.10.2022	03.11.2022	08.12.2022
झुमरा वनागार	15.09.2022	21.10.2022	18.11.2022	16.12.2022
चौपारण वनागार	14.09.2022	20.10.2022	17.11.2022	15.12.2022

विश्वासभाजन
प्रमंडलीय प्रबन्धक
लघु वन पदार्थ परियोजना प्रमंडल
हजारीबाग।

PR.NO.276388 Forest, Environment and Climate Changes(22-23):D

सुनहरा अवसर सुनहरा अवसर सुनहरा अवसर

झारखण्ड सरकार
श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग
जिला नियोजन (रोजगार) कार्यालय, गढ़वा

जिला नियोजन (रोजगार) कार्यालय, गढ़वा एवं नन्दी फाउन्डेशन के महिन्द्रा प्राईड क्लास रूम के संयुक्त प्रयास से आयोजित सॉफ्ट स्कील डेवलपमेन्ट / पर्सनालटी डेवलपमेन्ट प्रोग्राम

निःशुल्क

SOFT SKILL DEVELOPMENT-CUM-PERSONALITY DEVELOPMENT PROGRAM TRAINING

7 Days (40-60 Hour's) Training Module Includes

1. **LIFE SKILLS-** compassion, respect, gratitude, being a responsible global citizen
2. **SOFT SKILL-** grooming, body language, teamwork, time management, social manners, etc
3. **COMMUNICATION SKILL-** functional English and the ability to express themselves clearly in the local language
4. **PERSENTATION SKILLS-** speaking clearly, coherently and confidently.
5. **INTERVIEW SKILL-** resume preparation, interview question, mock interviews

Limits Seats

सीटें सीमित हैं ..... आवेदन शीघ्र जमा करें।

अहर्त्ता (Eligibility)

1) नियोजनालय में निबंधित इण्टर / स्नातक / स्नातकोत्तर पास।
2) ITI / पोलिटेक्नीक / मेडिकल / इंजीनियरिंग / बी0ए0 एवं तकनीकि योग्यता संबंधित अन्तिम वर्ष में अध्ययनरत या पास।
3) झारखण्ड राज्य के किसी भी नियोजनालय में निबंधित होना अनिवार्य।

नोट :– ऐसे युवक / युवतियाँ जो नियोजनालय में निबंधित नहीं है वे अपना निबंधन नियोजनालय में करा कर उपरोक्त प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते हैं।

आवेदन कैसे करें (How to Apply)

1) प्रशिक्षण हेतु उम्मीदवार जिला नियोजन कार्यालय, गढ़वा / आई0टी0आई0,हंसकेर,गढ़वा / भण्डरिया एवं झगड़ाटांड़ या गढ़वा जिला प्रशासन के अधिकृत वेबसाईट www.garhwa.nic.in से रजिस्ट्रेशन फॉर्म प्राप्त कर सकते हैं।
2) नियोजनालय का निबंधन कार्ड की छायाप्रति।
3) शैक्षणिक योग्यता संबंधित प्रमाण पत्र की छायाप्रति।
4) अपना हाल का दो पासपोर्ट साईज फोटोग्राफ।

रजिस्ट्रेशन फॉर्म में माँगी गई वाँछित सूचना के साथ आवेदन (Registration Form) पूर्ण रूप से भर कर जिला नियोजन कार्यालय,गढ़वा को यथाशीघ्र हाथों–हाथ या निबंधित डाक से उपलब्ध करना सुनिश्चित करें, सीटों की संख्या सीमित है, प्रशिक्षण शीघ्र शुरू होने वाला है।

गढ़वा जिला के तमाम शिक्षित बेरोजगार युवक / युवतियों से अपील है कि निःशुल्क Soft Skill Training प्राप्त कर अपने आत्मविश्वास / व्यक्तित्व निखार / परीक्षा हेतु साक्षात्कार का मार्गदर्शन प्राप्त कर रोजगार प्राप्त करने की दिशा में अहम कदन बढ़ायें।

- प्रशिक्षण स्थल– जिला नियोजन कार्यालय, गढ़वा।
- विशेष जानकारी हेतु जिला नियोजन कार्यालय, गढ़वा से सम्पर्क कर सकते हैं।

निवेदक
जिला नियोजन पदाधिकारी
गढ़वा

PR 276416 Labour Employment and Traning (22-23)_D

अवैध अस्पताल : एक बार फिर झोला छाप डॉक्टरों की भेंट चढ़ा एक नवजात शिशु

रजिस्ट्रेशन रद्द होने के बावजूद अवैध रूप से हो रहा प्रगति हॉस्पिटल का संचालन

उपायुक्त के निर्देश पर बीडीओ व चिकित्सा प्रभारी ने मामले की जांच कर संचालक पर प्राथमिकी दर्ज करने की बात कही

आजाद सिपाही संवाददाता

कांडी। प्रखंड क्षेत्र में एक बार फिर झोला छाप डॉक्टरों की भेंट चढ़ा एक नवजात शिशु। हम बात कर रहे हैं प्रखंड मुख्यालय स्थित प्रगति हॉस्पिटल की जहां एक गर्भवती महिला का प्रसव कराने के दौरान नवजात शिशु की मृत्यु हो जाती है। यह मामला तब प्रकाश में आता है जब परिजनों के द्वारा हो हल्ला किया जाता है। मामले में किरकिरी होता देख गढ़वा उपायुक्त के निर्देशानुसार बीडीओ मनोज कुमार तिवारी व प्रभारी चिकित्सा प्रभारी गोविंद सेठ ने गुरुवार को प्रगति हॉस्पिटल पहुंच कर सम्पूर्ण मामले की जांच करते हुए उक्त संचालक पर प्राथमिकी दर्ज करने की बात कही। इस संबंध में बीडीओ व प्रभारी चिकित्सा प्रभारी ने संयुक्त रूप से जानकारी देते हुए कहा कि प्रगति हॉस्पिटल के संचालक मुकेश कुमार कुशवाहा के द्वारा उक्त अस्पताल को अवैध तरीके से चलाया जा रहा था। बुधवार की सुबह भवनाथपुर थाना क्षेत्र के गुरुड़ गांव निवासी बुलाकी पासवान की 22 वर्षीय पत्नी सीमा देवी के सफल प्रसव कराने के लिए ऑपरेशन करने को कहा गया। जिसका खर्च डॉक्टर के द्वारा बीस हजार रुपये बताया गया। परिजन आनन फानन में ऑपरेशन कराने के नाम पर बीस हजार में पांच हजार रुपये ही नगद जमा कर पाये थे। शेष ऑपरेशन करने बाद देने को कहा गया था। इधर गर्भवती महिला की हालत गंभीर होता देख संचालक अस्पताल छोड़ फरार हो चुका था। मामले की सूचना मिलते ही चिकित्सा पदाधिकारी द्वारा एम्बुलेंस के द्वारा महिला को बेहतर इलाज करने हेतु रेफरल अस्पताल मझिआंव भेज दिया गया।

ज्ञात हो कि गढ़वा उपायुक्त गढ़वा रमेश घोलप के द्वारा अवैध तरीके से चलाये जा रहे क्लिनिकों को सील किया जा रहा है। उसी क्रम में कांडी प्रखंड में अवैध रूप से चल रहे क्लीनिकों को चिन्हित कर कार्यवाही करने को कहा गया था। प्रगति हॉस्पिटल के रजिस्ट्रेशन को महीनों पहले सिविल सर्जन कमलेश कुमार के द्वारा रद्द कर दिया गया था। इसके बावजूद भी यह अस्पताल कार्रवाई की परवाह किये बिना धड़ल्ले से संचालित था। सच शब्दों में लिखा जाए तो प्रखंड क्षेत्र में ऐसे दर्जनों अवैध तरीके से क्लिनिक प्रतिदिन चल रहे हैं जो गरीबों का शोषण व जान से खिलवाड़ कर रहे हैं। और प्रशासन मूकदर्शक बन खड़ा रहता है। कोई ऐसी मौत की घटना होती है तो महज खानापूर्ति के नाम पर एक-दो दिन कार्रवाई कर दी जाती है।

पुण्यतिथि पर धार्मिक अनुष्ठान के साथ छाता वितरण किया

लोहरदगा (आजाद सिपाही)। कुंवर भवन में शकुंतला देवी एवं निर्मला कुंवर की पुण्यतिथि धार्मिक अनुष्ठान के साथ मनायी गई। मौके पर उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व की चर्चा की गई। इस अवसर पर कुंवर कोठी स्थित उनकी प्रतिमा पर भी माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सूमन अर्पित किया गया। धार्मिक अनुष्ठान के बाद उनके पैतृक गांव भट्ट खिजरी मे जरूरतमंदों के बीच छाता का वितरण किया गया। मौके पर बडी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे। इस अवसर पर लोगों ने बताया कि शकुंतला देबी एवं निर्मला कुंवर धार्मिक प्रवृत्ति की महिला थी। समाज के लिए उन्होंने काफी कुछ किया। जरूरत मंदों की मदद के लिए हमेशा तत्पर रहती थीं। लोगों को उनकी कमी काफी खलती है। मौके पर दीपक प्रकाश कुंवर, अनुपम प्रकाश कुंवर, मनोज चंद्र कुंवर, उदय शंकर कुंवर, गोपी कृष्ण कुंवर,विवेक कुंवर, गौरव कुंवर, हर्षवर्द्धन कुंवर, राजवदन कुंवर, सिद्धांत कुंवर,माला देबी, अंजू देवी, पूर्निमा कुंवर मिनू कुंवर, आकांक्षा ,आम्रपाली, खुशी कुंवर, प्रियंका कुंवर, मिनाक्षी कुंवर, श्रेया कुंवर, मनोज राय ,प्रदीप राय, मोहित राय, अजय कुमार सिन्हा, राजेंद्र उरांव,भरत उरांव, मारवाड़ी उरांव, अनिल उरांव, राजेश साहु, मंगरा उरांव, शिवनारायण लोहरा, सिताराम उरांव, पुनित उरांव, मंगरी लोहराइन, ललकू, हबिबुल अंसारी, अंजारुल अंसारी, लालू उरांव, रंजीत, मदन उरांव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

श्रीनगर में स्थानांतरण पर सीआरपीएफ कमांडेंट को दी विदाई

लोहरदगा (आजाद सिपाही)। गुरुवार को 158 बटालियन, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के अधिकारियों एवं जवानों द्वारा प्रभात कुमार संदवार, कमाण्डेन्ट को उनके 54 बटालियन, केंद्रीय रिर्जव पुलिस बल, श्रीनगर (जम्मू एवं कश्मीर) में स्थानांतरण पर कार्यमुक्त होने के फलस्वरूप भावभीनी विदाई दी गयी। इस अवसर पर बटालियन के नये कमांडेंट राहुल कुमार, द्वितीय कमान अधिकारी पीके. सिंह, मनोज कुमार, उप कमांडेंट उपस्थित थे। 158 बटालियन केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल मे अपनी करीब 03 साल 02 माह एवं 14 दिन की सेवा के दौरान इनके नेतृत्व में बटालियन ने परिचालनिक दायित्वों का भली-भांति निर्वहन करते हुए अनेको परिचालनिक उपलब्धियां हासिल की। जिसमें डबल बुल एक महत्वपूर्ण परिचालनिक उपलब्धी थी, जिसमें एक 10 लाख का इनामी नक्सली सहित 07 अन्य नक्सली गिरफ्तार किये गये थे एवं भारी मात्रा मे गोला-बारूद, हथियार तथा नक्सल इतिहास इत्यादि बरामद किया गया था। कमांडेंट प्रभात कुमार संदवार के कार्यकाल के दौरान बटालियन ने नक्सल विरोधी अभियान में जो उपलिब्धियां हासिल की है उसका परिणाम साफ तौर पर झलकने लगा।

बीएसएफ के साथ मारपीट करने वाला एक आरोपी गिरफ्तार

लातेहार (आजाद सिपाही)। सदर थाना क्षेत्र के बरियातू ग्राम में रविवार को एक बीएसएफ जवान और उसके साथी के साथ मारपीट करने के मामले में 14 नामजद आरोपियों में से एक को लातेहार पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इस संबंध में लातेहार थाना प्रभारी इंस्पेक्टर अमित कुमार गुप्ता ने बताया कि बीएसएफ जवान के साथ मारपीट करने के एक आरोपी मजीद आलम को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। वहीं अन्य नामजद अभियुक्त की गिरफ्तारी के लिए छापामारी की जा रही है। विदित हो कि पीड़ित बीएसएफ जवान प्रमोद कुमार यादव ने भाजपा नेता और राज्यसभा सांसद आदित्य साहू से मिलकर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की थी। इस संबंध में भाजपा जिला अध्यक्ष ने 24 घंटों में आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी थी। मालूम हो कि निदिर ग्राम के रहने वाले बीएसएफ जवान प्रमोद कुमार यादव पिता धनेश्वर यादव ने लातेहार थाना में आवेदन देकर बताया है कि 21 अगस्त 2022 को शाम 5 बजे मैं अपने दोस्त निदिर गांव निवासी मनोज प्रसाद पिता स्वर्गीय रामदेव प्रसाद के साथ मक्का बाजार से आ रहा था। इसी बीच बरियातू गांव के समीप एक फेरीवाला आ रहा था उस फेरी वालों को पेंट दिखाने की बात कही, पैंट दिखाने के दौरान बोरा में बंधा हुआ मांस का गंध आने लगा। पूछने पर मेरे साथ मारपीट शुरू कर दी गई। इसी दौरान फेरी वाला आदमी भागकर मुस्लिम इलाका में चला गया, तभी 10 से 20 संख्या में एक समुदाय के लोग लाठी डंडा गड़ासा तलवार से मारपीट करने लगे। इसी दौरान मारपीट की आवाज सुनकर गांव के एक सौ से अधिक संख्या में एक समुदाय ने मारपीट कर जान से मारने की नियत से बेहोशी की हालत में रेलवे पटरी पर फेंक दिया गया। बाद में पुलिस ने मारपीट की सूचना मिलने पर तुरंत घटनास्थल पहुंच घायल बीएसएफ जवान प्रमोद कुमार यादव को सदर अस्पताल लातेहार में भर्ती कराया गया।

लोहरदगा अधिवक्ता संघ का चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न, पुरानी कमिटी के लगभग सभी पदाधिकारी हारे

लोहरदगा (आजाद सिपाही)। झारखंड राज्य विधिक परिषद रांची के तत्वाधान मे लोहरदगा बार एसोसिएशन का चुनाव दिलचस्प और रोमांचक एवं अधिवक्तावाओं की भावना के अनुरूप संपन्न हुआ। पुराने कमिटी के लगभग सभी पदाधिकारी हारे और सारे नये पदाधिकारी चुनाव जीत कर आये। लोहरदगा जिला मे कुल 106 अधिवक्ता वोटर है। जिसमें से 101 वोटरों ने अपने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। अध्यक्ष पद मे प्रमोद कुमार पुजारी ने अपने निकटतम प्रत्यासी कृपा शंकर पांडेय को 36 वोट से हराया। वही तीसरे स्थान पर विमल किशोर नारायण तिवारी मात्र 17 वोट प्राप्त किये, महासचिव पद मे लाल दीपक कुमार ने अपने निकटतम प्रत्याशी अजय कुमार अग्रवाल को 39 मतों से पराजित किया। उपाध्यक्ष पद मे अमिंद्र सिंह सर्वाधिक 45 वोट लाकर विजयी हुई तथा कोषाध्यक्ष पद मे सतीश महतो 61 वोट, सह सचिव प्रशासनिक पद मे लाल धर्मेंद्र देव 54 वोट लाकर विजयी हुए। कार्यकारिणी के 6 सदस्यों मे अजय लकड़ा(62 मत), विनय कुमार साहू (76मत), फुनी साहू (77 मत), नरेंद मिंज (77 मत), राधाकृष्णन शर्मा (70 मत) लाकर विजयी हुए तो खालिद यूसुफ और विपिन बिहारी दुबे दोनों बराबर (52 मत) लाने पर टॉस में खालिद यूसुफ विजयी घोषित किये गये। वही निर्विरोध सह सचिव पुस्तकालय मे विक्रम कुमार तथा सह कोषाध्यक्ष मे पवन कुमार निर्विरोध जीते है। इस अवसर पर पर्यवेक्षक सह स्टेट बार कौंसिल के सदस्य बिजय विद्रोही ने कहा की यही असली लोकतंत्र है और लोकतंत्र की यही खुशबु होती है की अधिवक्ता गणों ने दिखा दिया की क्यों उसे बुद्धिजीवी और लोकतंत्र के प्रहरी कहा जाता है। प्रमोद पुजारी ने कहा की अधिवक्ता को सम्मान जो गिरवी रखा गया था, उसे विमुक्त की जायेगी और मुंशी संघ को मान्यता प्रदान की जायेगी। जांच होंगी ऑडिट मे जो भी दोषी होंगे सजा जरूर मिलेगी। मौके पर देवाशीष कार, हेमंत सिन्हा, प्रवीण भारती, विवेक कुमार, मनोज प्रसाद, लाल बक्शी नाथ शहदेव, आदि विशेष रूप से उपस्थित थे।

सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षक और अभिभावक प्रयास करें: प्राचार्य

कैरो (आजाद सिपाही)। प्रखंड विभागीय निर्देश के आलोक में आज दिनांक 25 जुलाई 2022 को शिक्षक-अभिभावक संगोष्ठी का आयोजन राजकीयकृत उत्क्रमित उर्दू उच्च विद्यालय गाराडीह के प्रांगण में संपन्न हुई। संगोष्ठी में स्वागत भाषण के साथ संगोष्ठी के उद्देश्य की विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुए विद्यालय के प्रधानाध्यापक देवनंदन नायक ने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षक और अभिभावक को मिलकर प्रयास करना होगा। सभा को संबोधित करते हुए एसएमसी के अध्यक्ष डहरु मुंडा ने प्रतिदिन अपने बच्चों को विद्यालय भेजने का अनुरोध किये। उपस्थित मुखिया पति चंद्रदेव उरांव ने अपने संबोधन में सभी अभिभावकों से बच्चों को साफ सुथरा से हर दिन स्कूल भेजने कीअपील की। कार्यक्रम में विद्यालय की बाल संसद सदस्य एवं छात्र-छात्राओं ने अपने भावना और गानों को सुंदर तरीके से प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पंचायत गजनी के मुखिया सुमन उरांव, पंचायत समिति सदस्य मीना कुमारी,वार्ड पार्षद रबीना खातून, अरशद अंसारी, विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष डहरु मुंडा,सदस्य रसीद अंसारी, रमिया उरांव, लखी उरांव, बुधु मुंडा, शिक्षक कृष्णा उरांव, सयुम अंसारी, महाबीर भगत, रौशन गुलाब सहित इबरार अंसारी, ज्याउल अंसारी, खदीजा खातून, नसीम अंसारी सहित बहुत से अभिभावक उपस्थित थे।

उपायुक्त की अगुवाई में लोहरदगा में संचालित विकास योजनाओं की समीक्षा हुई

क्रेडिट लिंकेज के कार्य को गति देने का निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता

लोहरदगा। उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में गुरुवार को सदर प्रखंड लोहरदगा में संचालित विकास योजनाओं की समीक्षा समाहरणालय सभागार में हुई। बैठक में सर्वप्रथम प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) 2021-22 की समीक्षा की गई। जिसमें तिगरा और भटखिजरी पंचायत का प्रदर्शन सबसे खराब पाया गया। दोनों पंचायतों के पंचायत सेवक एवं ग्राम रोजगार सेवक को नवंबर माह तक इस वित्तीय वर्ष की योजना पूर्ण किये जाने का निर्देश दिया गया। वर्ष 2016-21 अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) की समीक्षा में हरमू, हिरही, तिगरा, मन्हो की उपलब्धि सबसे कम पायी गई। सभी पंचायतों को नवंबर माह के अंत तक वर्ष 2021 से पूर्व के आवास निर्माण का कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त द्वारा मनरेगा अंतर्गत मानव दिवस सृजन, प्रति गांव में संचालित योजना, दीदी बाड़ी योजना, कुआं योजना, नीलांबर-पीतांबर जल समृद्धि योजना, वीर शहीद पोटो हो खेल विकास योजना, पशु शेड, योजनाओं की जियो टैगिंग, योजनाओं की पूर्णता, एरिया अफसर एप में बीडीओ/बीपीओ, एइइ/जेइइ का फील्ड विजिट इंट्री, मनरेगा मजदूरों का आधार कार्ड इंट्री, जेएसएलपीएस के सीआइएफ का गठन, क्रेडिट लिंकेज आदि बिंदुओं की समीक्षा की गई। मानव दिवस सृजन के लिए हरमू पंचायत में 15 दिन के भीतर लक्ष्य का 50 प्रतिशत उपलब्धि हासिल करने का निर्देश दिया गया। इसी प्रकार अगले 15 दिनों में हिरही पंचायत में 70 प्रतिशत, हेसल पंचायत में 75 प्रतिशत, जोरी पंचायत में 85 प्रतिशत और तिगरा पंचायत में 90 प्रतिशत मानव दिवस सृजन का निदेश दिया गया। साथ ही, जिन पंचायतों में अब तक 70 प्रतिशत या इससे अधिक मानव दिवस सृजन हुआ है। उन पंचायतों में अगले 15 दिनों के अंदर 100 फीसदी मानव दिवस सृजन किये जाने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने कहा कि अधिक से अधिक संख्या में योजनायें स्वीकृत कर प्रारंभ करें और मानव दिवस सृजन का लक्ष्य हासिल करें। मनरेगा परियोजना पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि चलंत एलइडी वैन के माध्यम से सभी गांवों में ग्रामीणो के बीच जल संरक्षण से संबंधित जागरूकता वीडियो दिखाये जाने का निर्देश दिया गया। इससे पूर्व एक टूर प्लान भी तैयार करने का निर्देश दिया गया। प्रति गांव संचालित योजनाओं की समीक्षा में पाया गया कि हिरही और बाघा पंचायत में लक्ष्य से कम योजनायें संचालित हैं, उपायुक्त द्वारा हिरही और बाघा पंचायत सेवक एवं रोजगार सेवक को निर्देश दिया गया कि स्वीकृत योजनाओं को अविलंब प्रारंभ करायें। योजनाओं की पूर्णता में उलब्धि बढ़ाने के लिए मनरेगा परियोजना पदाधिकारी को कार्यनीति बनाये जाने का निर्देश दिया गया।

बैठक में ये रहे उपस्थित

बैठक में उप विकास आयुक्त गरिमा सिंह, प्रखण्ड की वरीय प्रभारी मनीषा तिर्की, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी प्रतिभा कुजूर, मनरेगा परियोजना पदाधिकारी सुधीर मुर्मू, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) केके गुप्ता, जेएसएलपीएस डीपीएम प्रकाश रंजन, सभी पंचायतों के मुखिया, सभी सहायक अभियंता/कन्नीय अभियंता, पंचायत सेवक, रोजगार सेवक आदि उपस्थित थे।

80-90 फीसदी योजनाओं का चयन करें

उपायुक्त द्वारा सभी पंचायत सेवक और रोजगार सेवक को निर्देश दिया गया कि अगले चार दिनों के अंदर अपने-अपने पंचायत का प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन (एनआरएम) प्लान का अध्ययन करें और इसका सारांश तैयार कर अपने प्रखंड विकास पदाधिकारी को दें। बीडीओ, लोहरदगा नये वित्तीय वर्ष में ली जाने वाली योजनाओं में से इसी सारांश से 80-90 फीसदी योजनाओं का चयन करें। योजनाओं की जियो टैगिंग एक सप्ताह के भीतर पूर्ण किये जाने का निर्देश दिया गया। डीपीएम, जेएसएलपीएस को सीआइएफ की राशि निर्गत करने का निर्देश दिया गया एवं प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक, जेएसएलपीएस, लोहरदगा को क्रेडिट लिंकेज के कार्य को गति दिये जाने का निर्देश दिया गया।

सरकारी विद्यालय में होती है गुणवत्तापूर्ण पढ़ाई

नामांकन करायें और अपने बच्चों का भविष्य उज्ज्वल बनायें: मिला लकड़ा

आजाद सिपाही संवाददाता

लोहरदगा। रा.म.विद्यालय नवाड़ी पाड़ा लोहरदगा में शिक्षक अभिभावक गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा पारंपरिक रीति रिवाज के साथ स्वागत करते हुए बैठक स्थल में लाया गया एवं विद्यालय के छात्राओं द्वारा स्वागत गान प्रस्तुत कर अभिभावकों का स्वागत किया गया। बैठक में एसएमसी अध्यक्ष मिला लकड़ा ने बतलाया कि विद्यालय प्रधानाध्यापक अरुण राम के नेतृत्व में शिक्षकों ने सर्वांगीण विकास किया है। बैठक में बच्चों की सांस्कृतिक प्रस्तुति को देखकर, विद्यालय परिसर को देखकर संतुष्टि का अनुभव हो रहा है। प्रतिदिन विद्यालय के प्रार्थना सभा में सामान्य ज्ञान की जानकारी दी जाती है उससे बच्चे काफी लाभांवित हो रहे हैं। सरकार के द्वारा निर्देशित सभी कार्य योजनाओं को इस विद्यालय में लागू किया जाता है तब हीं तो रा मध्य विद्यालय जिला के उत्कृष्ट विद्यालय के रूप में जाना जाता है। मुझे खुशी हो रही है कि मैं इस उत्कृष्ट विद्यालय नवाड़ी पाड़ा का एसएमसी अध्यक्ष हूं। विद्यालय में बेहतरीन पठन पाठन होने से नामांकन में लगातार वृद्धि हो रही है। लोग निजी विद्यालय से अपने बच्चों का नाम कटाकर अपने विद्यालय में लिखा रहे हैं। लोगों का कहना है कि सरकारी विद्यालय में हीं अच्छी पढ़ाई हो रही है तो हम पैसा खर्च करके प्राइवेट स्कूल में क्यों पढ़ाने जायें।

150 से अधिक अभिभावक उपस्थित हुए

पोषक क्षेत्र के बच्चों का शत प्रतिशत नामांकन हो गया है। प्रधानाध्यापक अरुण राम द्वारा बैठक के मुख्य उद्देश्य पर प्रकाश डाला गया। सरकारी विद्यालय में योग्य शिक्षकों द्वारा बेहतरीन पठन पाठन के साथ साथ पौष्टिक मध्याह्न भोजन, पाठ्य पुस्तक, ड्रेस विद्यालय किट, जूता मोजा, छात्रवृत्ति सहित कई सुविधायें दी जाती है। अपने बच्चों को सरकारी विद्यालय में नामांकन करायें और बच्चों का भविष्य बनायें। बैठक में लगभग 150 से अधिक अभिभावकगण की उपस्थित हुई। कार्यक्रम को सफलता पूर्वक सम्पन्न कराने में अजय कुमार, प्रदीप कुमार, नेमहांति मिंज, सुमित्रा टोप्पो, मनीष कुमार, राहुल कुमार आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाया।

दसरा टोली में इंडियन आर्मी फुटबॉल प्रतियोगिता का भव्य आगाज

फुटबॉल प्रतियोगिता के पहले दिन कुल 16 टीमों ने भाग लेकर दिखायी अपनी प्रतिभा

आजाद सिपाही संवाददाता

किस्को/लोहरदगा। जिले के किस्को प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत खरकी के ग्राम दसरा टोली फुटबॉल मैदान में इंडियन आर्मी बीरेंद्र उरांव फुटबॉल प्रतियोगिता 2022 का भव्य आगाज किया गया। जिसमें पहले दिन के खेल में कुल 16 टीमें भाग लेकर अपनी प्रतिभा को प्रस्तुत कर दिखाया। जिसमें खखपरता, युवा क्लब होंदगा, बेटहठ, बंजार किस्को, जेएसएस बेड़ो रांची, हुआहार, मेरले, अरको पतराटोली, रेड जॉन, फ्रेंडशिप क्लब अलगडीहा, नरकोपी रांची, भैयागांव भंडरा, जनवल और शिम्पुर की टीम ग्रुप (ए) के प्रतियोगिता में शामिल होकर अपना जौहर दिखाया। इधर प्रथम चक्र में खखपरता, अल्फा एफसी, जेएसएस बेड़ो रांची, हुआहार, रेड जॉन, एफसी सडदेवरी, भैयागांव भंडरा और शिंपुर की टीम अपना पहला मैच जीतकर दूसरे चक्र में प्रवेश किया। बता दें कि दसरा टोली फुटबॉल मैदान में वर्षों से फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन कर दबे कुचले खिलाड़ियों को बेहतर प्लेटफार्म देने का प्रयास किया जाता रहा है। इधर प्रतियोगिता को हमेशा की तरह 2022 में भी पटल पर उतारने का सराहनीय प्रयास किया गया है जिससे क्षेत्र के खिलाड़ियों को खेल के प्रति रूचि लाने में बल मिल सके। उल्लेखनीय है कि प्रतियोगिता का समापन शनिवार को रंगारंग कार्यक्रम आयोजित कर किया जायेगा।

इनका रहा योगदान

इधर किस्को प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत खरकी के दसरा टोली में आयोजित फुटबॉल प्रतियोगिता के सफल आयोजन में बहादूर कच्छप, दिलीप कुजूर, दिसम्बर उरांव, अर्जुन कच्छप, सनातन बेक, जॉन कुजूर, रमेश कच्छप, शिबू सुरेश, सुरेंद्र उरांव, अशोक महतो, सुजित उरांव, गजेंद्र पन्ना, आनंद कच्छप, बीरेन्द्र उरांव, विनीत उरांव, रवि गोप, उजित उरांव, सुरजा उरांव एवं रामजीत उरांव का अहम योगदान रहा।

पीटीएम की बैठक संपन्न: प्रभारी प्रधानाध्यापक

लातेहार (आजाद सिपाही)। राजकीय मध्य विद्यालय करकट के सभागार में मासिक अभिभावक शिक्षक गोष्ठी का आयोजन अध्यक्ष मंजू देवी की अध्यक्षता में किया गया। प्रभारी प्रधानाध्यापक मोहन प्रसाद ने सभी का स्वागत करते हुए विद्यालय की सारी गतिविधि से सभी को अवगत कराया। शिक्षिका उमा कुमारी एवम जितेंद्र प्रसाद ने सभी अभिभावकों से विद्यार्थियों को नियमित विद्यालय भेजने का अनुरोध किया। सहायक अध्यापक अतुल कुमार ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी अपने बच्चो का जाति प्रमाण पत्र बनवाने में विद्यालय परिवार को सहयोग करें। साथ ही साथ नियमित मासिक बैठक में आकर आपलोग भी अपना अपना सुझाव देने का कार्य करें ताकि इसका अनुपालन करते हुए हम सभी और अच्छे तरीके से बच्चों को पठन पाठन का कार्य कराते रहे। कुछ अभिभावकों का सुझाव भी लिया गया और सभी ने वादा किया की नियमित रूप से बच्चो को विद्यालय भेजेंगे। इस अवसर पर पूर्व वार्ड पार्षद नसीरुद्दीन मियां विद्यालय के शिक्षकों में ज्ञान प्रभा मिंज, उमा कुमारी, जितेंद्र प्रसाद, मीना देवी, सुचिता मिंज, शायदा बीबी, रियासत अंसारी, जावेद अंसारी, शांति देवी, इकबाल अंसारी, मो इस्लाम अंसारी, अवधेश प्रसाद, फजलु अंसारी, कयूम मिया, हकीम अंसारी, अनिता देवी, बसंती देवी, समीना खातून, रुही बीबी, जुवेदा खातून, रियासत अंसारी, मंजरी देवी, सलिला बीबी, इंद्रजीत सिंह, रीना देवी, साइदून बीबी, रुखसन बीबी आदि ग्रामीण उपस्थित थे।

विहिप बजरंग दल से त्यागपत्र देकर पुनः लौटे जय श्री राम समिति में

लोहरदगा (आजाद सिपाही)। विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के कुछ दिन पूर्व बने पदाधिकारी ने अपने पद से त्यागपत्र देकर पुनः जय श्रीराम समिति में लौटे। ज्ञात हो कि नावाडीपाड़ा स्थित वार्ड 20 में जय श्रीराम समिति के पदाधिकारी को ही विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल का पदाधिकारी बनाया गया था, इसे लेकर जय श्रीराम समिति के जिला के पदाधिकारी एवं वार्ड 20 के समिति कार्यकर्ताओं के साथ अहम बैठक हुई। बैठक में मुख्य रूप से विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के बने पदाधिकारियों ने एक सुर में कहा हमें भ्रमित कर पदाधिकारी बनाया गया। हम लोग इसे समझ नहीं सके हम लोग शुरू से ही जय श्रीराम समिति के रहे हैं और रहेंगे। बैठक के दौरान ही सभी बने पदाधिकारियों ने अपना त्यागपत्र देते हुए पुनः जय श्रीराम समिति के पदों पर लौटे जिले के संरक्षक एवं पदाधिकारियों के समक्ष पुनः सर्वसम्मति से रंजीत नायक को अध्यक्ष, संजय सोनी को महामंत्री, मोनू कुमार गुप्ता को कोषाध्यक्ष, रूप राज साहू को उपाध्यक्ष एवं सुशील साहू, सुनील सोनी को संगठन मंत्री का दायित्व दिया गया। साथ ही पूरी कमेटी का विस्तार आगे किया जायेगा। कार्यकारी अध्यक्ष ओम महतो ने कहा समिति के लोगों को बरगलाने का काम अविलंब बंद हो, सभी संगठन एक है इसके लिए जय श्रीराम समिति हमेशा से प्रयासरत रही है। मौके पर जिला संरक्षक अजय सोनी, अनूप गुप्ता, जिला कार्यकारी अध्यक्ष दयाशंकर सिंह, ओम महतो, जिला उपाध्यक्ष अनिल उरांव, प्रदीप साहू,अनुज कुमार, त्रिलोकी प्रजापति, कुमन नायक, देवानंद साहू, श्याम साहू, डॉ हर्ष नाथ, नीरज साहू, कुंवर राम, श्याम नायक, प्रमोद कुमार प्रजापति समेत काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

दादी प्रकाशमणि का 15वां पुण्य स्मृति दिवस मनाया

लातेहार (आजाद सिपाही)। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय बाइपास रोड बीएस एन एल टावर के पांस दादी प्रकाशमणि का 15वां पुण्य स्मृति दिवस मनाया गया। पहले उनके चित्र पर माल्यार्पण किया गया तथा उनके द्वारा किये गये कार्यों को याद कर उनके बताये मार्ग मे चल अपने जीवन को सफल करने का संकल्प लिया गया। लातेहार उप सेवाकेंद्र कि संचालिका बी के अमृता ने बताया कि दादी जी का जन्म 1 सितंबर 1922 मे सिंध हैदराबाद मे हुआ था। उनके बचपन का नाम रमा था और वह बचपन से ही श्री कृष्ण की भक्त थी। ब्रह्मा बाबा के बाद इनको ब्रह्माकुमारी का के मुख्य प्रशासिका बनाया गया। इनके नेतृत्व मे देश के साथ साथ विदेशों में भी सेवा का विस्तार हुआ। इस कार्यक्रम में बीके राजमणि, नवीन विनोद, अनिल बनारसी, अजय, बीके नीलम, ज्योति, सुनीता, अनीता, कंचन, पुष्पा सहित सैकड़ों भाई बहनो ने भाग लिया।

आम आदमी पार्टी का संगठन पूरे झारखंड में होगा: सौरभ श्रीवास्तव

चंदवा (आजाद सिपाही)। चंदवा के पथ निर्माण विभाग के सभागार में आम आदमी पार्टी के तत्वाधान में सदस्यता अभियान चलाया गया। अभियान के माध्यम से चंदवा प्रखंड के कई लोगों ने आम आदमी पार्टी का दामन थाम लिया है। कार्यक्रम का मंच संचालन प्रदेश प्रवक्ता सौरभ श्रीवास्तव ने किया है। वही लातेहार जिला संयोजक परमेश्वर गंझू ने नये लोगों का स्वागत माला और टोपी पहना कर किया है। अपने संबोधन में परमेश्वर गंझू ने कहा कि आम आदमी पार्टी की पहली प्राथमिकता जन समस्याओं का समाधान करना है। आज भी लातेहार जिले के सुदूरवर्ती इलाकों में समस्याओं का अंबार है। जिला में कई ऐसे गांव है जहां बिजली, पानी, आवास, राशन की समस्या है। आम आदमी पार्टी के दिशा-निर्देश पर सर्वप्रथम मूलभूत समस्याओं का समाधान करना पहली प्राथमिकता है। इधर प्रदेश प्रवक्ता ने अपने संबोधन में कहा कि दिल्ली के तर्ज पर झारखंड का विकास होना चाहिए। यह तभी होगा जब झारखंड में आम आदमी पार्टी की सरकार बनेगी। दिल्ली में शिक्षा व्यवस्था की चर्चा पूरे विश्व में है। वहां पर आम आदमी पार्टी ने पूरी तन्मयता से जनता का सेवा किया है। नि:शुल्क बिजली एवं अन्य सुविधायें बहाल किया है। अगर झारखंड में आम आदमी पार्टी की सरकार बनती है तो जन समस्याओं को लेकर सरकार उनके द्वार पर जायेगी। इधर पार्टी ने सर्वसम्मति से युवा प्रकोष्ठ में अध्यक्ष पद पर प्रखंड चंदवा से कालेश्वर कुमार, दामोदर उपाध्यक्ष पद पर संजय गंझू लटडाग तथा अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ पर अख्तर अंसारी बोदा उपाध्यक्ष पद मोहम्मद इरफान उर्फ सज्जू को बनाया है। सभी ने पद धारियों का स्वागत जिला संयोजक ने माला पहनाकर किया है। **इन्होंने किया सदस्यता ग्रहण:** गुड्डू अखा, राजकुमार जयसवाल, गणेश लोहरा, अशोक लोहरा, मनोज लोहरा, महेंद्र गंझू, नरेश गंझू, राहुल नायक, पंकज अफरोज खान, वसी अहमद, मोहमद सकील, मोकिम आलम दिनेश प्रसाद, नागेश्वर गंझू, सुमन भगत, सुनीता देवी।

बीडीओ सह सीओ ने जाति प्रमाण पत्र बनाने को लेकर प्राइवेट स्कूल के संचालकों के साथ की बैठक

बरवाडीह (आजाद सिपाही)। बरवाडीह प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय की अध्यक्षता मे प्राइवेट स्कूल के संचालक और प्रधानाध्यापको के साथ अंचल कार्यालय में जाति प्रमाण पत्र बनाने को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक में अंचल निरीक्षक रमेश प्रसाद गुप्ता विद्यालय के प्रधानाध्यापक सूरज कुमार फिरोज अहमद समेत विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक मौजूद रहे। इस दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी सह सीओ राकेश सहाय ने सभी स्कूल के संचालक को एवं प्रधानाचार्य को छात्र छात्राओं का जाति प्रमाण पत्र बनाने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिये। वही बच्चों का जाति प्रमाण पत्र झारखंड सरकार की गाइड लाइन पर बनाने की बात कही। साथ ही साथ सभी संचालकों और प्रधानाध्यापक निर्देश को दिया कि 2 दिनों के अंदर सभी छात्र-छात्राओ का डॉक्यूमेंट जमा ले ताकि जाति प्रमाण पत्र जल्द निर्गत किया जा सके।

नेशनल इंश्योरेंस कंपनी गुमला शाखा में राजीव सहित चार अभिकर्ता हुए सम्मानित

गुमला (आजाद सिपाही)। स्थानीय नेशनल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड मेन रोड गुमला शाखा में गुरुवार को रांची क्षेत्रीय कार्यालय से मुख्य क्षेत्रीय प्रबंधक रवि अय्यर मंडल प्रबंधक विशाल का आगमन हुआ। जिसमें अभिकर्ताओं के लिए सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इसमें स्टार एजेंट क्रमशः मनोज कुमार मिश्रा, राजीव कुमार, दिलीप अग्रवाल एवं अन्य सभी अभिकर्ताओं को प्रशस्ति पत्र एवं उपहार देकर सम्मानित किया गया। नेशनल इंश्योरेंस कंपनी गुमला में एवं सिमडेगा में एकमात्र सार्वजनिक क्षेत्र की साधारण बीमा कंपनी है, जो दुकान, मकान, वाहन बीमा और स्वास्थ्य बीमा के क्षेत्र में अपनी सेवाएं दे रही है। इस आयोजन में शाखा प्रबंधक अब्दुल हादी, प्रशासनिक अधिकारी प्रियंका कुमारी एवं राजीव विल्सन, अन्य अधिकारी के अलावे अभिकर्ता मनोज कुमार, मुन्ना ठाकुर, अभय गुप्ता, अजय जयसवाल, किशोर साहू, अभिजीत कुमार, शुभम कुमार, अमरेश पाठक, दुर्गा राम आदि उपस्थित थे।

मिशन बदलाव के अर्जुन उरांव ने चार वर्षीय बालक के लिए किया रक्तदान

गुमला (आजाद सिपाही)। मिशन बदलाव सदस्य अर्जुन उराव के द्वारा एक यूनिट रक्त ओ पोजटिव दान किया गया। अर्जुन उरांव ने बताया कि बिशुनपुर प्रखण्ड के सखुवापनी गुरदारी माइन्स निवासी दिलचन्द उरांव का चार वर्षीय बेटा आदित्य उरांव सदर हॉस्पिटल गुमला में भर्ती है। इस बच्चे को रक्त की जरूरत थी। रक्तदान देने के लिये गांव का एक युवा आने वाला था लेकिन दूरी एवं मौसम खराब होने की वजह से रक्तदान के लिए कोई नहीं पहुंच पाया। उनके परिजनों ने उनसे संपर्क किया, समय की नजाकत को देखते हुए उन्होंने खुद ब्लड बैंक में जाकर रक्तदान किया। अर्जुन उरांव ने कहा कि हमारे रक्तदान से कई लोगों की जिंदगी बचती है। रक्तदान का कितना महत्व है इसका अहसास हमें तब होता है जब हमारा कोई निकटतम व्यक्ति जिंदगी और मौत के बीच जूझ रहा होता है। रक्तदान कर हम जहां एक ओर किसी की जान बचाते हैं वहीं दूसरी ओर इससे जबर्दस्त आत्म संतुष्टि मिलती है। कई लोग रक्तदान को लेकर फैली भ्रांतियों के कारण रक्तदान करने से कतराते हैं जबकि इससे कोई हानि नहीं होती बल्कि कई प्रकार लाभ होते हैं। अतः हम सभी को रक्तदान के लिए आगे आना चाहिए।

अहीर यादव समाज टोटो झरगांव ने मनाया श्रीकृष्ण छठी महोत्सव

गुमला (आजाद सिपाही)। अहीर यादव समाज टोटो झरगांव द्वारा कृष्ण जन्ममाष्टमी के बाद कृष्ण छठी महोत्सव का अयोजन किया। इस अवसर पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बतौर मुख्य अतिथि पूर्व विधायक शिवशंकर उरांव व विशिष्ट अतिथि भाजपा एसटी मोर्चा प्रदेश कार्यसामिति सदस्य भिखारी भगत, एसटी मोर्चा जिला अध्यक्ष देवेन्द्र लाल अहीर यादव समाज के अगुवा गौरी शंकर यादव केशव चन्द्र साय, सनोज वर्मा, दिनेश लकड़ा अध्यक्ष भुनेश्वर ,राजा दशरथ गोप,सचिव अशोक यादव,भैरवनाथ गोप शुभम गोप चन्दन गोप आदि ने संयुक्त रुप से फीता काटकर संस्कृतिक कार्यक्रम का उदघाटन किया। मौके पर गायक पवन गोप, पवन राय कवि किशन आदि ने अपने गीतों से सबको खूब झुमाया रिझाया। मुख्य अतिथि शिवशंकर उरांव ने कहा कि कृष्ण जी के जन्म से हमें ये सन्देश मिलता है कि हर व्यक्ति को दुनिया में जन्म लेकर एक दिन विदा हो जाना है। और इसी छोटी सी जिंदगी में हमे अच्छे कार्य करना है। उन्होने सभी श्रद्धालुंओं को जन्माष्टमी व कृष्ण छठी की बधाई दी। कार्यक्रम का लुत्फ लेने के लिए आज पास के सैंकड़ों गांव के ग्रामीण मौजूद थे।

कार्यक्रम : प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन ने स्कूली बच्चों के बीच किया टैब का वितरण

अभिभावक बच्चों को रोज भेजें विद्यालय : शीला तिर्की

प्रखंड के चार विद्यालयों के कक्षा 6-8 में पढ़ने वाले सभी बच्चों के बीच 154 टैब बांटा जायेगा : सुनील कुमार वर्मा

आजाद सिपाही संवाददाता

गुमला। प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन गुमला के तत्वावधान में गुमला प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय टैंसेरा में ग्रामीणों के साथ डिजिटल शिक्षा को लेकर टैब डिस्ट्रिब्यूशन-सह-पेरेंट्स टीचर मीटिंग का आयोजन किया गया। इस बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी शीला कुमारी तिर्की तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी ओमप्रकाश दास एवं वृदा पंचायत की मुखिया सत्यवती कार्यक्रम में मौजूद थे।

बैठक में बच्चों की लर्निंग को लेकर बातचीत की गई। संस्था के जिला प्रभारी सुनील कुमार वर्मा ने बताया कि प्रखंड के चार विद्यालयों उत्क्रमित मध्य विद्यालय टैंसेरा, उत्क्रमित मध्य विद्यालय कुम्हारिया, उत्क्रमित मध्य विद्यालय तर्री एवं उत्क्रमित मध्य विद्यालय सिलाफारी के कक्षा 6-8 में पढ़ने वाले सभी बच्चों का समूह निर्माण किया गया। इन सभी विद्यालयों के बच्चों के बीच 154 टैब बांटा जायेगा। जिससे गांव के बच्चे रूचि के साथ टैब के माध्यम से डिजिटल पढ़ाई-लिखाई कर पायेंगे। प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी शीला कुमारी तिर्की ने शिक्षा के महत्व को समझते हुए ग्रामीणों से अपने बच्चों को प्रतिदिन स्कूल भेजने एवं अपने-अपने बच्चों का खाता खोलवाने की बात कही। प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी ओमप्रकाश दास ने प्रथम संस्था के द्वारा किए गए कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि प्रथम जैसी संस्थाओं के सहयोग से अब गांव के बच्चे आसानी से डिजिटल शिक्षा प्राप्त कर पायेंगे। पंचायत की मुखिया सत्यवती देवी ने सभी ग्रामीणों एवं अभिभावकों से प्रतिदिन विद्यालय अवधि के बाद अपने बच्चों को ग्रुप में पढ़ने एवं स्वयंसेवक कक्षा में भेजने को कहा।

बैठक में संस्था के कोमल कुमारी, अजय वर्मा, सस्था द्वारा चयनित सभी स्वयंसेवक, वार्ड सदस्य मोनिका देवी, सुगनी देवी, विद्यालय प्रबंधन समिति के सभी सदस्य तथा दर्जनों ग्रामीण एवं अभिभावक मौजूद थे।

राजेश ठाकुर के रूप में झारखंड के कांग्रेसियों को मिला है कुशल नेतृत्व : रमेश चीनी

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर के कार्यकाल का एक वर्ष पूर्ण होने पर रमेश कुमार ने मिलकर दी शुभकामनायें

आजाद सिपाही संवाददाता

गुमला। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर के कार्यकाल का एक वर्ष पूर्ण होने पर गुमला के वरीय उपाध्यक्ष रमेश कुमार चीनी ने उनसे मुलाकात कर शुभकामनाएं दी। साथ ही उनके कुशल नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी के सफल संचालन हेतु बधाई देते हुए कहा कि राजेश ठाकुर के नेतृत्व में पूरे प्रदेश में कांग्रेसी एकजुट होकर जमीनी स्तर पर काम कर रहे हैं। इसका सार्थक परिणाम भी नजर आ रहा है। जनता का भरोसा कांग्रेस के प्रति बढ़ा है। राज्य की जनता आशा भरी नजरों से कांग्रेस की ओर देख रही है। आने वाले समय में कांग्रेस पुनः मजबूती के साथ उभरेगी और केंद्र में सरकार बनाएगी। साथ ही राहुल गांधी को प्रधानमंत्री बनाने का सपना पूरा करेगी।

उन्होंने कहा कि राजेश ठाकुर कर्त्तव्यनिष्ठा की प्रतिमूर्ति हैं। पूरी निष्ठा और तन्मयता के साथ पार्टी हित का काम कर रहे हैं। जो कार्यकर्ताओं में उर्जा का संचार करता है।

रमेश कुमार ने यह भी कहा कि राजेश ठाकुर का नेतृत्व झारखंड के कार्यकर्ताओं में ऊर्जा भरने का काम कर रहा है। निराश हो चुके पुराने कांग्रेसियों में भी इन दिनों काफी जोश दिखाई दे रहा है। साथ ही कांग्रेस में नये लोगों का जुड़ाव कुशल नेतृत्व का नतीजा है।

बारिश से बिजली का खंभा गिरने के कगार पर, ग्रामीण भयभीत

डुमरी (आजाद सिपाही)। दो दिन पूर्व लगातार बारिश होने से डुमरी से नवाडीह चौक के बीच तालाब के समीप 11 हजार वोल्ट लगे बिजली का खंभा गिरने के कगार पर आ गया है। जो एक बड़ी दुर्घटना को आमंत्रित कर रहा है। ग्रामीणों के कहने के बाद उस बिजली के खंभे या गड्ढे में मिट्टी भरकर गिरने से बचाने का कोशिश की जा रही है। मगर बारिश होते ही बिजली खंभा गिरने की आशंका ग्रामीणों में बनी रहती है। ज्ञात हो कि डुमरी से बड़ाकटरा तक बीके जैन कंट्रक्सन द्वारा सड़क निर्माण कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में तालाब के दूसरे साइड में गार्डवाल बनाने के लिए दो माह पूर्व गड्ढा खोदकर छोड़ दिया गया था।

अपनी जान की बाजी लगाकर मां ने बच्चे को पागल कुत्ते के जबड़े से निकाल लिया

सदर अस्पताल में चल रहा मां और बच्चे का इलाज

आफताब अंजुम

गुमला/रायडीह। मां आखिर मां होती है। जैसे ही बच्चा किसी संकट में होता है, मां को इसका आभास हो जाता है, और अपने बच्चे को बचाने के लिए मां अपनी जान की बाजी लगा देती है। जब जानवरों में यह फितरत होती है कि अपने बच्चों की जान बचाने के लिए अपने से अधिक बलशाली व विशालकाय जानवरों से उलझ पड़ते हैं तो यहां मामला इंसान का है। गुमला जिला के रायडीह थाना स्थित मोकरा गांव में एक बार फिर ममता ने अपने बच्चे को पागल कुत्ते के जबड़े से निकाल लिया। हुआ कुछ यूं कि मोकरा गांव निवासी पांच वर्षीय आयुष नगेसिया अपने घर के बाहर खेल रहा था। इसी दौरान कहीं से एक पागल कुत्ता उसके घर के आस-पास भटकता हुआ पहुंच गया। पागल कुत्ते ने आयुष पर हमला कर दिया। अब कहां पागल कुत्ता और कहां पांच वर्षीय बालक आयुष। बच्चे को पागल कुत्ते ने काटना शुरू कर दिया। और उसे घायल करने लगा। इस हमले से घबराया बालक आयुष जोर जोर चिल्लाने लगा। आसपास दूर-दूर तक कोई भी मौजूद नहीं था, जो बालक आयुष को कुत्ते से बचा पाता। लेकिन अचानक उसकी मां गौरी देवी को यह आभास हुआ कि कहीं न कहीं उसका बच्चा मुसीबत में है। जब वह घर से बाहर निकलने लगी तो बच्चे की चीखने की आवाज उसके कानों से टकराई। फिर क्या था वह दौड़ती हुई घर से बाहर निकली, तो देखा कि कुत्ता बालक आयुष को अपने जबड़े में दबोचे हुए हैं। यह देखते हैं अपनी जान की परवाह किये बगैर गौरी देवी उस कुत्ते पर झपट पड़ी। अपने ऊपर हमला होता देख पागल कुत्ता बच्चे को छोड़ गौरी देवी से भिड़ गया। पागल कुत्ते ने गौरी देवी को भी नहीं बख्शा। उसके शरीर को भी कुत्ते ने काट कर घायल कर दिया। लेकिन गौरी देवी ने अपने पांच वर्षीय बालक को कुत्ते के जबड़े से निकाल लिया, और इलाज के लिए नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पहुंची।

प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उसे सदर अस्पताल गुमला रेफर कर दिया, जहां फिलहाल मां और बच्चे दोनों का इलाज चल रहा है।

बैठक : कोल इंडिया के स्वतंत्र निदेशक सह भाजपा नेता डॉ अ०ण उरांव ने कार्यकर्ताओं से ली संगठन के कार्यकलापों की जानकारी, कहा

जल जंगल जमीन के मुद्दे पर सत्ता में आयी गठबंधन सरकार में हुई है सबसे ज्यादा लूट

संगठन को सर्वोपरि बताते हुए समाज हित और देश हित में काम करने के लिय कार्यकर्ताओ को किया प्रेरित

आजाद सिपाही संवाददाता

गुमला। कोल इंडिया के स्वतंत्र निदेशक पूर्व आई.जी भाजपा नेता डॉ अरूण उरांव ने सर्किट हाउस गुमला में भाजपा कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर कार्यकर्ताओं का हाल-चाल जाना व संगठन के किर्याकलापों की जानकारी ली। उन्होंने संगठन को सर्वोपरि बताते हुए समाज हित और देश हित में काम करने के लिय कार्यकर्ताओं को प्रेरित किया।

उन्होंने कहा वर्तमान राज्य सरकार आदिवासी, मूलवासियों के नाम पर सत्ता में आयी थी। लेकिन मौजूदा सरकार में सबसे ज्यादा यहां के स्थानीय लोग ही शोषित हो रहे हैं। जल-जंगल-जमीन की लूट इस सरकार में रिकॉर्ड स्तर पर हुई है। शासन प्रशासन पूरी तरह निरंकुश हो गया है। सरकार परिवारवाद व भ्रष्टाचार के दलदल में डूब गई है। जिससे पूरे राज्य की बदनामी राष्ट्रीय स्तर पर हो रही है।

उन्होंने कहा सबका साथ सबका विकास ही राजनीति का मूल मंत्र है। भाजपा ही जन भावना का सम्मान कर सकती है।

मौके पर जिला अध्यक्ष अनूप चंद अधिकारी, उपाध्यक्ष सुजीत नंदा, जिला मीडिया प्रभारी अरविंद मिश्रा, जनजाति मोर्चा अध्यक्ष देवेंद्र लाल उरांव, वालकेश्वर सिंह, कौशलेंद्र जमुआर, शंभू सिंह, चितरंजन मिश्रा, संजय गुप्ता आदि प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित थे।

घाघरा में मां महामाया मंदिर में पूजा-अर्चना कर की क्षेत्र की शांति के लिए प्रार्थना

घाघरा (आजाद सिपाही)। कोल इंडिया लिमिटेड के स्वतंत्र निदेशक पूर्व आईजी सह भाजपा नेता अरुण उरांव ने हापामुनि स्थित मां महामाया मंदिर में गुरुवार को दर्शन किया और मां महामाया का दर्शन कर क्षेत्र में शांति के लिए प्रार्थना की। इस दौरान मंदिर के पुजारियों से मंदिर से संबंधित कई जानकारियां ली। दर्शन के उपरांत भाजपा कार्यालय घाघरा पहुंच कार्यकरताओं से मुलाकता की। साथ ही पार्टी संगठन की मजबूती पर चर्चा की। इस क्रम में भाजपाइयों ने कई मुद्दों पर अपनी बातों को रखा। वहीं श्री उरांव ने भाजपा कार्यकर्ताओं से कहा कि आप सभी पार्टी संगठन की मजबूती और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने का काम करें। बूथ स्तर पर भाजपा कार्यकर्ता मजबूती के साथ काम करें, ताकि पार्टी संगठन मजबूत हो सके। कार्यकर्ताओं के कारण ही संगठन की नींव और मजबूत हुई है। जिसके बदौलत आज देश में भाजपा की सरकार है। मौके पर तेम्बू उरांव, बिपिन बिहारी सिंह, आशीष सोनी, अमित ठाकुर, श्याम किशोर पाठक, अनिल प्रसाद सहित कई भाजपाई उपस्थित थे।

महत्वपूर्ण न्यूज

डुमरी में विद्यार्थियों और अभिभावकों के बीच चलाया गया जागरूकता कार्यक्रम

डुमरी (आजाद सिपाही)। प्रखंड अंतर्गत प्लस टू उच्च विद्यालय डुमरी टांगरडीह में गुरुवार को विद्यालय आपके घर कार्यक्रम के तहत जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान में राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी संस्थान (एनआइओएस) के क्षेत्रीय केंद्र रांची के मुख्य अतिथि के रूप में संस्थान के क्षेत्रीय नामांकन प्रभारी कुमार गौरव शामिल हुए। वहीं श्री गौरव ने कहा कि राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी संस्थान लोगों का शैक्षणिक योग्यता बढ़ाने में काफी सहायक हो रहा है। जिससे जुड़कर विद्यार्थियों को अपनी योग्यता बढ़ाने में सहायता मिलेगी। वहीं मौके पर राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी संस्थान, क्षेत्रीय कार्यालय रांची के प्रतिनिधि संजय कुमार व आगापति टोप्पो, विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सब्जी लाल साहू व उपाध्यक्ष मंजू देवी, शिक्षक विकास कुमार महतो, बरखा रानी पन्ना, समीर मिंज, अभिषेक मिंज, हेमंत खलखो, नमिता टोप्पो, सुमित्रा मैडम, अब्दुल सलीम सहित अन्य सभी शिक्षक उपस्थित थे।

राजकीयकृत मध्य विद्यालय में शिक्षकों और अभिभावकों की गोष्ठी आयोजित

सिसई (आजाद सिपाही)। राजकीयकृत मध्य विद्यालय सकरौली में गुरुवार को शिक्षकों व अभिभावकों का एक दिवसीय गोष्ठी एचएम मनपुरन साहु की अध्यक्षता में हुई। इस दौरान बालिकाओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों का स्वागत किया। एचएम ने बताया कि विद्यालय की समस्या एवं पठन-पाठन में विद्यार्थियों को होने वाली दिक्कतों से अभिभावकों को अवगत कराने और समस्याओं को दूर करने के लिए राज्य सरकार ने साल में तीन बार गोष्ठी आयोजित करने का निर्देश दिया है। वहीं प्रखंड साधनसेवी अभय मिश्रा ने कहा कि सरकार बच्चों को किताब, कॉपी, ड्रेस के साथ मिड डे मील दे रही है। जिससे गरीब के बच्चे भी बेहतर शिक्षा पा सकते हैं। उन्होंने अभिभावकों से नियमित रूप से बच्चों को विद्यालय भेजने का आग्रह किया। साथ ही उन्होंने स्कूल में साफ सफाई, समुचित पानी एवं शौचालय की व्यवस्था को देखकर विद्यालय प्रबंधन की सराहना की। एचएम ने बेंच की कमी के कारण 5वीं कक्षा के विद्यार्थियों को जमीन पर बैठाने की जानकारी दी। गोष्ठी में कृष्ण कुमार साहू, शिक्षक प्रेम प्रकाश कुजूर, पूनम कुमारी जायसवाल, साधना चौधरी, अर्पणा तिवारी, उर्मिला मिंज, अध्यक्ष चंद्रावती देवी, उपाध्यक्ष बसंत साहू , अभिभावक बजरंग साहू, परमेश्वर साहू, लक्ष्मण लोहरा सहित कई अभिभावक उपस्थित थे।

शिवराजपुर पंचायत सचिवालय में ग्राम पंचायत समन्वय समिति गठन को लेकर की गयी बैठक

घाघरा (आजाद सिपाही)। प्रखंड के शिवराजपुर पंचायत सचिवालय में ग्राम पंचायत समन्वय समिति गठन को लेकर बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता पंचायत के मुखिया विनोद उरांव ने की। बैठक में पंचायत राज विभाग के आदेश संख्या 152 द्वारा निकाली गई चिट्ठी को पढ़कर लोगों के बीच साझा किया। वहीं बैठक में इस तरह का बैठक हर महीने के अंतिम बुधवार में करने का निर्णय लिया गया। जहां मौजूद मुखिया ने सभी विभाग को यह निर्देश दिया कि अगली बैठक से पूर्व उनके द्वारा किये गए कार्यों का लिखित प्रतिवेदन साथ लेकर आयें। साथ ही साथ पंचायत का विजन मिशन का कार्य आगामी 13, 14 सितम्बर को करने का निर्णय लिया गया। साथ ही मुखिया विनोद उरांव ने कहा कि बैठक हर महीने होने से विकास की कई योजनाओं की समीक्षा हो पाएगी और अधूरे कार्य को पूरा करने का प्रयास किया जाएगा। ग्रामीणों की समस्या का भी निपटारा इस समीक्षा से की जा सकेगी। बैठक में मुख्य रूप से उप मुखिया, वार्ड सदस्य, पंचायत समिति सदस्य, ग्राम प्रधान, राशन डीलर, एएनएम, सहिया, कोऑर्डिनेटर, जलसाहिया, आंगनबाडी सेविका, रोजगार सेवक, कृषक मित्र, जेई, स्कूल शिक्षक, प्रदान के सदस्य और कई ग्रामीण उपस्थित थे।

जेएनडी गुमला को रेल लाइन से जोड़ने के लिए तेज करेगा हस्ताक्षर अभियान

गुमला (आजाद सिपाही)। झारखंड नवनिर्माण दल की जिला समिति गुमला को रेल लाइन से जोड़ने के लिए एक बार फिर हस्ताक्षर अभियान चलाएगी। जेएनडी ने इस हस्ताक्षर अभियान को फिर से शुरू करते हुए जिले में तेज करने का निर्णय लिया है। दल द्वारा झारखंड का नवनिर्माण के लिए राज्यव्यापी जागो अभियान से जोड़कर गुमला जिला में रेल लाइन के लिए हस्ताक्षर अभियान को जेएनडी नेताओं द्वारा जिले के हाट बाजार व चौक-चौराहों में चलाने की योजना बनायी गयी है। 27 अगस्त 2022 को गुमला जिला के अंतर्गत सिसई प्रखंड के लरंगो बाजार में आम लोगों के बीच से रेल लाइन से जोड़ने के लिए हस्ताक्षर अभियान शुरू की जाएगी। तत्पश्चात जिले भर में युद्ध स्तर पर हस्ताक्षर अभियान चलाए जाएंगे। विदित हो कि गुमला को रेल लाइन से जोड़ने के लिए हस्ताक्षर अभियान शुरू किया गया है। जिसपर झारखंड नवनिर्माण दल द्वारा गांव से लेकर रांची व दिल्ली तक आंदोलन की रणनीति बनाई गयी है। जिसके तहत रेल लाइन के लिए हस्ताक्षर अभियान के जरिए जनसमर्थन जुटाई जा रही है। झारखंड नवनिर्माण दल, गुमला जिला समिति द्वारा जिला मुख्यालय गुमला में शहीद भगत सिंह की जयंती पर 28 सितंबर से 30 सितंबर तक होनेवाले तीन दिवसीय जन सत्याग्रह कार्यक्रम में भी गुमला को रेल लाइन से जोड़ने का मामला को जोरदार तरीके से उठाने की योजना बनायी गई है। झारखंड नवनिर्माण दल द्वारा गुमला के न्यायप्रिय व गुमला रेल लाइन से जुड़े ऐसा चाहने वाले लोगों से इस अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लेने व मदद करने की अपील की गई है। यह जानकारी जेएनडी के केंद्रीय सदस्य सह महिला मंडल सहयोग संचालन समिति गुमला की सह प्रभारी पुष्पा उरांव ने दी।

हुसैनाबाद के सुदूरवर्ती क्षेत्र महुडंड में उपायुक्त ने लगाया जनता दरबार, लोगों की सुनी समस्याएं

डीसी ने महुडंडवासियों को दी सड़क की सौगात, 6 को करेंगे शिलान्यास

हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। जिले के उपायुक्त आंजनेयुलू दोड्डे व पलामू एसपी चंदन कुमार सिन्हा गुरुवार को हुसैनाबाद के अतिसुदूरवर्ती क्षेत्र महुडंड पहुंचे। यहां उन्होंने महुडंड पंचायत सचिवालय के समीप जनता दरबार लगाकर लोगों की समस्याएं सुनी एवं उन समस्याओं के निष्पादन हेतु पदाधिकारियों को निर्देशित किया। मुख्य अतिथि उपायुक्त ने कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए कहा कि यह कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य प्रशासन और आम जनमानस के बीच की दूरी को खत्म करना है। उन्होंने कहा कि सभी लक्षित समुदायों को उनके लिए चल रही योजनाओं का फायदा मिलना चाहिए । जनता दरबार में स्थानीय लोगों ने उपायुक्त से महुडंड से काला पहाड़ होते हुए हुसैनाबाद प्रखंड तक के लिए सड़क की मांग की इसपर उपायुक्त ने लोगों को जानकारी देते हुए ऐलान किया कि इस सड़क के निर्माण हेतु सारी प्रक्रियाओं को पूर्ण कर लिया गया है टेंडर की प्रक्रिया भी समाप्त हो चुकी है ऐसे में आगामी 6 सितंबर को इस सड़क का शिलान्यास किया जायेगा। जनता दरबार में महुडंड पंचायत अंतर्गत सभी गांव के लोगों ने

उपायुक्त के समक्ष सबसे अधिक नेटवर्क की समस्या रखी। लोगों ने बताया कि नेटवर्क नहीं रहने के कारण पूरे पंचायत में कम्युनिकेशन ठप है जिसके कारण जीवन व्यापम में विभिन्न तरह के समस्याओं का सामना करना पड़ता है सभी लोगों ने उपायुक्त से एक सुर में गांव में मोबाइल नेटवर्क अधिष्ठापन हेतु अनुरोध किया। इसके बाद सभी महिलाओं ने डीसी से पेयजल की समस्या को दूर करने हेतु अनुरोध किया।उन्होंने बताया कि गाँव के अधिकतर चापाकल व जलमिनार खराब पड़े हैं। इसके बाद लोगों ने बिजली, शिक्षा, राशन वितरण से संबंधित शिकायतों से उपायुक्त को अवगत कराया। जनता दरबार में पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा ने लोगों से कहा कि पुलिस आपके सहयोग के लिए हमेशा तत्पर है। उन्होंने कहा कि किसी आमजन को कोई भी विधि-व्यवस्था से संबंधित शिकायत है तो वह निर्भीक होकर स्थानीय ओपी में अपना आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। इस दौरान कई लोगों ने भी विभिन्न मामलों में एसपी के समक्ष अपना आवेदन दिया। मौके पर एसडीओ कमलेश्वर नारायण, एसडीपीओ पूज्य प्रकाश, सीओ नंद कुमार राम,बीडीओ रतन कुमार, जिप सदस्य रिंकी कुमारी, प्रखंड प्रमुख राजकुमारी देवी, मुखिया मीना देवी,पूर्व जिप सदस्य मदन पासवान,समाजसेवी शिव शंकर यादव समेत कई पदाधिकारी व सैकड़ो ग्रामीण मौजूद थे।

बिजली का अवैध ढंग से उपयोग करने वाले 13 लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

हैदरनगर/पलामू (आजाद सिपाही)। हैदरनगर थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों में खइश्ठछ के अभियंताओं ने विशेष छापामारी अभियान चलाया। छापामारी अभियान में अवैध ढंग से बिजली का उपयोग करते 13 लोग पाए गए। सभी के खिलाफ हैदरनगर थाना में बिजली चोरी कर उपयोग करने की प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। जिन लोगों पर प्राथमिकी दर्ज की गई है, उनमें ओमप्रकाश ठाकुर खरडीहा, मो. हनान खान, लुकमान खान, तकसीर खान, नेयाज खान, मकसुद खान, महफूज आलम खान सभी कुड़वा खुर्द, देवचरण शर्मा, अनीस खान नोखिला, शमसाद खान, तौफिक खान, इकबाल खान करीमनडीह व मोकहर कला गांव निवासी जिब्रिल खान का नाम शामिल हैं। इनपर बगैर वैद्य कनेक्शन लिये निजी घरों, व्यवसायिक प्रतिष्ठानों व खेत में तार खींचकर पटवन करने का आरोप लगाया गया है। खइश्ठछ के कनीय अभियंता प्रदीप कुमार सिंह ने उक्त आरोपियों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराते हुए उन पर 1.91 लाख रुपया का जुमार्ना भी लगाया है। उन्होंने बताया कि इस अभियान में सहायक अभियंता संजय कुमार के अलावे मानव दिवसकर्मी जितेन्द्र ठाकुर व मनोज कुमार शामिल थे। उन्होंने ग्रामीणों को वैद्य कनेक्शन लेकर ही बिजली का उपयोग करने की सलाह दी है। इसके लिये उनकी सुविधा अनुसार सभी स्थानों पर निर्धारित दिवस व तिथि को विशेष शिविर का भी आयोहजन किया जाता रहा है। उन्होंने कहा है कि खइश्ठछ का आगे भी छापामारी अभियान जारी रहेगा। इस दौरान अवैध बिजली का उपयोग करते पकड़े जाने पर जुमार्ना के साथ प्राथमिकी भी दर्ज कराई जाएगी।

बालू के अभाव में पीएम आवास सहित विकास कार्य बाधित, मजदूर पलायन को मजबूर

हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। सरकार की अदूरदर्शिता की वजह से विगत कई वर्षों से बालू घाटो की नीलामी नहीं हो रही है। परिणामस्वरूप पीएम आवास ,निजी आवास निर्माण कार्य समेत सभी विकास का कार्य बाधित है। एक तरफ सरकार ने घटो की नीलामी नहीं की दूसरी ओर कोई वैकल्पिक व्यवस्था भी नहीं की। आम लोग बालू के लिए परेशान हैं। एक ओर अधिकारी पीएम आवास के लाभुकों को आवास निर्माण जल्द नहीं कराने पर कार्रवाई करने की धमकी दे रहे हैं तो दूसरी ओर बालू उठाव करने पर पुलिस की कार्रवाई हो रही है। उक्त बातें राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के प्रदेश महासचिव सह इंटक नेता विनय कुमार सिंह उर्फ बीनू सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कही है। उन्होंने कहा कि हुसैनाबाद विधान सभा क्षेत्र में एक भी बालू घाट का टेंडर सरकार ने नहीं किया। जिला प्रशासन ने वैकल्पिक व्यवस्था के तहत जिन डंपिंग प्वाइंट की सूची जारी की है। डंपिंग प्वाइंट पर न बालू है ,और न उनके पास चालान है। अवैध ढंग से कहीं कहीं बालू बेचा जा रहा है।जो चार गुणा महंगा पड़ता है। बालू नहीं मिलने से मजदूर को रोजगार नहीं मिल रहा है। जबकि गृह निर्माण से जुड़े व्यवसाय बंदी के कगार पर है और क्षेत्र के लोग पलायन को मजबूर है।इस संबंध में हुसैनाबाद हरिहरगंज विधायक कमलेश कुमार सिंह ने झारखंड विधानसभा में तीन बार मामला उठाया है। मगर सरकार ने बालू घाटों की नीलामी भी नहीं की और वैकल्पिक व्यवस्था भी नहीं। परिणांस्वरूप विकास के सभी कार्य बाधित होने के साथ साथ मजदूरों का पलायन जारी है। एनसीपी नेता विनय कुमार सिंह उर्फ बीनू सिंह ने राज्य सरकार को 15 दिनों के अंदर बालू घाटों की नीलामी करने या वैकल्पिक व्यवस्था करे। ऐसा नहीं करने पर राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी पलामू जिला मुख्यालय को जाम कर देंगे।

आधार कार्ड को वोटर कार्ड से जोड़वाने को लेकर आयुक्त कार्यालय परिसर में लगा कैंप

मेदिनीनगर(आजाद सिपाही)। आधार कार्ड को वोटर कार्ड से जोड़ने को लेकर गुरुवार को आयुक्त कार्यालय परिसर पलामू में कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में आयुक्त कार्यालय के कर्मियों सहित अन्य लोगों से आधार नंबर, एपिक नंबर एवं मोबाइल नंबर प्राप्त किया गया। कैंप में प्रतिनियुक्त प्राथमिक विद्यालय मोर्या नगर सुदना के सहायक अध्यापक लव कुमार पांडेय एवं राजकीय बुनियादी विद्यालय पोलपोल के सहायक शिक्षक राम उपेंद्र पांडेय ने सभी का आधार नंबर, एपिक नंबर एवं मोबाइल नंबर प्राप्त किया। तत्पश्चात उसे लिंक करने संबंधित कार्य किए। 76-डालटनगंज विधानसभा क्षेत्र के निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह सदर एसडीओ राजेश कुमार साह ने कैंप का जायजा लिया और वहां प्रतिनियुक्ति कर्मियों से कैंप में हो रहे कार्यों की अद्यतन जानकारी ली। कैंप में 40 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें 30 से अधिक मतदाताओं को आधार लिंक करने की कार्रवाई की गयी, बाकी के अन्य मतदाताओं का लिंक पूर्व में किया जा चुका था। एसडीओ ने बताया कि जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह- उपायुक्त पलामू के निदेश पर विभिन्न स्थानों पर कैंप आयोजित किया जा रहा है। सदर अनुमंडल क्षेत्र के लिए तिथि एवं समय का भी निर्धारण भी किया गया है। कैंप में प्रतिनियुक्त कर्मी आधार नंबर, एपिक नंबर, मोबाइल नंबर संबंधित भरे विवरणी प्रपत्र 6बी प्राप्त कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि 26 अगस्त को समाहरणालय भवन, पलामू के ब्लॉक ए के प्रवेश द्वार के समीप कैंप लगाया जाएगा। वहीं 27 अगस्त को समाहरणालय भवन, पलामू के ब्लॉक बी (पुलिस अधीक्षक कार्यालय) के प्रवेश द्वार के समीप एवं 29 अगस्त को समाहरणालय भवन ब्लॉक सी के प्रवेश द्वार के समीप तथा 30 अगस्त को अनुमंडल कार्यालय, सदर मेदिनीनगर परिसर में कैंप का आयोजन किया जाएगा, ताकि अधिकारी, कर्मचारी एवं अन्य मतदाता का अपने आधार कार्ड को वोटर कार्ड से जोड़वा सकें।

विश्व बंधुत्व दिवस के रूप में मनाया गया दादी प्रकाशमणि जी की पुण्य स्मृति दिवस

दादी प्रकाशमणि के पद चिन्हों पर चलकर भारत बनेगा विश्व गुरु : बीके नीलम

हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। डॉ. दादी प्रकाशमणि ने सभी को धैर्य, आशा और उमंग का पाठ पढ़ाया। जिसके बल पर ही हम समाज को आध्यात्मिक नैतिक व मानवीय मूल्यों में बांध दिव्य बना सकते हैं। तभी हमारा भारत देश पुनः विश्व गुरु कहलाएगा। यह उद्गार प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की सद्भावना भवन में दादी प्रकाशमणि जी के 15 वें पुण्य स्मृति दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में सेवा केंद्र प्रभारी ब्रह्माकुमारी नीलम बहन ने व्यक्त किए। इस अवसर पर ब्रह्माकुमार भाई बहनों ने दादी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। ब्रह्माकुमारी नम्रता ने कहा कि दादी के नेतृत्व में भारतीय संस्कृति व मूल्यों को 140 से भी अधिक देशों में फैला समूचे विश्व को अध्यात्म से प्रकाशित किया। ब्रह्माकुमार नीरज भाई ने कहा कि हम अपने जीवन में आध्यात्मिक सामाजिक नैतिक मूल्यों को जीवन में धारण कर समाज को श्रेष्ठ बनाने का दृढ़ संकल्प लें यही उनके लिए सच्ची सच्ची श्रद्धांजलि होगी।मौके पर बी.के. नीरज, लल्लन भाई, मुकेश, आनंद किशोर, रामनरेश यादव, शोभा माता, कृष्णा भाई, मनोज भगत, रंधीर भाई, कुसुम माता समेत भारी संख्या में लोग उपस्थित थे।

हैदरनगर में सौहर व बधाई गीत के साथ छठी का भंडारा संपन्न

हैदरनगर/पलामू (आजाद सिपाही)। गोकुल में बाजेल बधाई, जन्मेला कन्हइया हो., गोकुल की नगरी में मच गया शोर.. जैसे सोहर व बधाई गीतों ने श्रद्धालुओं को भाव बिभोर कर दिया।महिलाओं ने श्रीकृष्ण की छठी पर एक से बढ़कर एक गीत गए।भगवान श्री कृष्ण की छठी के मौके पर हैदरनगर मुख्य बाजार स्थित रामजानकी मंदिर में गुरुवार को भंडारे का आयोजन किया गया।पूजा अर्चना के बाद श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।इसमें मंदिर प्रबंधक के द्वारा कढ़ी चावल का प्रसाद वितरित किया। भंडारे में सैकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।रामजानकी मंदिर में आयोजित भंडारे में डॉ अजय जायसवाल,पवन जायसवाल, रामप्रवेश मेहता, आशीष मोदनवाल, मुकेश मेहता, मणिराज जायसवाल, अमन अग्रवाल, रत्नेश कस्यप, आशीष गुप्ता,राजू गुप्ता, उज्ज्वल पांडे, अजित उपाध्याय, बबलू मोदनवाल व पूजन सोनी सहित सैकड़ों लोग समिलित हुए।मंदिर के पुजारी जयप्रकाश स्वामी ने बताया कि कंस ने पूतना को आदेश दिया कि जितने भी छह दिन के बच्चे हैं। उनको मार दिया जाए। पूतना जब गोकुल पहुंची तो यशोदा ने बालकृष्ण को छिपा दिया। बालकृष्ण को छह दिन हो गए थे। लेकिन उनकी छठी नहीं हुई थी और न नामकरण हुआ था। कालांतर में यशोदा ने कान्हा के जन्म से 364 दिन बाद सप्तमी को छठी पूजन किया। तभी से श्रीकृष्ण की छठी मनाई जाने लगी। तभी से बच्चों की छठी करने की भी परंपरा पड़ी।

पर्यावरणविद ने विलुप्त प्रजाति का लगाया पौधा

गांव में वृक्ष खेती और शहर में आकाश बाग लगाकर प्रदूषण पर पाया जा सकता है काबू : कौशल

मेदिनीनगर(आजाद सिपाही)। छतरपुर अनुमंडल के चिरू पंचायत कार्यालय एवं पटखाही देवी मंदिर परिसर के अलावे मेदिनीनगर के बैरिया प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम के बतौर मुख्य अतिथि विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु वनराखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल ने दुर्लभ प्रजाति के कईं पौधे लगाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने पर्यावरण धर्म के आठ मूल ज्ञान मन्त्रों के साथ उक्त परिसर में दुर्लभ प्रजाति के सिंदूर, रुद्राक्ष, कपूर, चंदन, के पौधा पर्यावरण प्रार्थना के साथ लगाकर दादी प्रकाशमणि जी के पुण्यतिथि पर याद किया। वहीं उन्होंने ग्रामीणों को पर्यावरण धर्म की शपथ दिलाते हुए उनके बीच निशुल्क पौधा वितरित किया। उन्होंने कहा कि पेड़ पौधे भगवान शिव के समान होते हैं । क्योंकि वृक्ष दूसरों के उपकार के लिए ही होते हैं। समाज में यह मान्यता रही है कि जो देता है वह पूजनीय होता है उसे देवता का स्वरूप माना जाता है । इसीलिए तो भारतीय संस्कृति में वृक्षों की पूजा होती आ रही है। पर्यावरण धर्मगुरु कौशल ने कहा कि इतिहास गवाह है कि भगवान बुध का ज्ञान पीपल के वृक्ष के नीचे मिला था। जबकि आँवला को भी महिलाएं देव तुल्य मानकर पूजा करती हैं। वन राखी मूवमेंट के प्रणेता कौशल ने ग्रामीणों से वृक्ष की खेती करने की अपील की। वृक्ष की खेती से सुखाड़ का भय नहीं होता है । पौधे ग्रामीणों के लिए फिक्स्ड डिपॉजिट के समान होते हैं । आज वृक्ष की खेती होती तो लोगों को सुखाड़ की सामना नहीं करना पड़ता। कार्यक्रम की अध्यक्षता सामाजिक कार्यकर्ता प्रमोद यादव, एवं संचालन सचिन कुमार पांडेय ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से चिरू मुखिया सोना मती देवी, डॉ बैजनाथ साव डाली उप मुखिया अफजाल अंसारी, नवीन पासवान, बसंत विश्वकर्मा, मुरली प्रसाद गुप्ता, डॉ आया राम, कर्मा के सुभाष गुप्ता व सरजू विश्वकर्मा, चिरु के विष्णु यादव, पंकज कुमार, असंत पासवान, सहदेव यादव लखराज साव बबलू चंद्रवंशी अनिल रजक, महेंद्र रजक समेत सैकड़ों लोग मौजूद थे।

भांजे के प्यार में पड़कर शौहर के कत्ल की साजिश, प्रेमी के साथ भेजी गयी जेल

मेदिनीनगर(आजाद सिपाही)। शहर के पाराडाइज टेलर मालिक मो. तौहीद आलम पर चली गोली के मामले का पलामू पुलिस ने उदभेदन कर दिया है। घटना में मो. तौहीद की पत्नी गौशिया परवीण, भांजा मो. इरसाद, मो. आरजू के अलावा जुमन, शूटर मंजर, बेलाल की संलिप्तता सामने आई है। पुलिस ने मो. तौहीद की पत्नी गौशिया परवीण,भांजा मो. इरसाद, मो.आरजू को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने तौहीद को लगी एक गोली और चार मोबाइल फोन जब्त किया है। पलामू एसपी चंदन कुमार सिन्हा ने गुरूवार को पत्रकारों को बताया कि 17 अगस्त की रात हुई गोली चालन की घटना के बाद पुलिसिया अनुसंधान तेज किया गया। इसी बीच इस कांड में मो. तौहीद आलम की पत्नी गौशिया परवीण और उसके भांजे मो. इरसाद के बीच प्रेम प्रसंग की जानकारी हुई। उनके कॉल डिटेल खंगाले गए तो पता चला कि दोनों के बीच 1 हजार 40 बार व्हाट्सएप कॉल हुआ है। मामी और भांजे के प्रेम प्रसंग की जानकारी मो. तौहीद को भी थी। तौहीद अक्सर इसका विरोध किया करते थे। तौहीद और गौशिया से दो बच्चे भी हैं। उनके उम्र 12 से 14 वर्ष है। लगातार विरोध झेलने के कारण इरसाद और गौशिया ने मिलकर तौहीद को रास्ते से हटाने की योजना बनाई। इसमें मो.आरजू, जुमन, मंजर, बेलाल आदि को शामिल किया गया है। इरसाद ने कांड करने के लिए 3.50 लाख की सुपारी दी। इसके लिए इरसाद को बुलेट खरीदने के लिए बाजार से कर्ज के तौर पर लिए पैसे सुपारी के रूप में देने पड़े। छानबीन में सामने आया है कि मो. तौहीद की हत्या करने के लिए आठ महीने पहले सुपारी दी गयी थी। पैसे लेने के बाद भी मो.आरजू, जुमन, मंजर, बेलाल कांड नहीं कर रहे थे। इस पर इरसाद वापस पैसे मांग रहा था। नतीजा सभी हत्या करने को तैयार हुए और प्लानिंग के तहत 17 अगस्त की रात दुकान से घर जाने के क्रम में ट्रेनिंग स्कूल के समीप बाइक से पीछा कर पीछे से गोली मार दी। पीठ में गोली लगने के बाद तौहीद घर चले गए वहां उन्हें गोली लगने की जानकारी हुई। इलाज के लिए एमआरएमसीएच में पहुंचे और फिर बाद में शहर के निजी अस्पताल में अपना इलाज कराया। एसपी ने बताया कि मो.तौहीद पर मंजर ने गोली चलाई थी, जबकि बेलाल गाड़ी ड्राइव कर रहा था। घटना में शामिल अन्य अपराधियों की तलाश की जा रही है। इस कार्रवाई टीम में शहर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर अभय कुमार सिन्हा, पुअनि समीर तिर्की, जितेन्द्र कुमार, टीओपी वन प्रभारी रेवाशंकर राणा, सअनि नवी अंसारी, तकनीकी शाखा एवं सशत्रबल के जवान शामिल थे।

टाइल्स मिस्त्री की करंट लगने से हुई मौत

हरिहरगंज (पलामू)। थाना क्षेत्र के सियारभूंका गांव निवासी मो रुस्तम अंसारी के 20 वर्षीय पुत्र टाईल्स मिस्त्री मो महफूज अंसारी की करंट लगने से गुरुवार को असामयिक मौत हो गई।मृतक सीता प्लस टू के सामने एनएच 98 किनारे स्थित कंचन टायर दुकानदार के घर टाईल्स लगा रहा था। इस दौरान बिजली करंट के चपेट में आने से उसकी घटना स्थल पर ही मौत हो गई। इसके तत्काल बाद ही उसे हरिहरगंज सीएचसी लाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस दौरान मृतक के परिजन और आस पास के सैकडों लोग सीएचसी पहुंचे। जहां मृतक के परिजनों का रो-रोकर हाल बुरा देखा गया। मौके पर एनसीपी अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष मो असलम, उपाध्यक्ष सह मीडिया प्रभारी मो आबिद हुसैन, कलीमुद्दीन अंसारी सहित कई लोगों ने प्रशासन से मृतक के आश्रितों के लिए आपदा राहत कोष से नियमानुसार मुआवजा देने की मांग की है।

स्पोर्ट्स

न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया के बीच मंगलवार, 6 सितंबर से केर्न्स में तीन एकदिवसीय मैचों की श्रृंखला होगी शुरू

हांगकांग ने एशिया कप के लिए किया क्वालीफाई, भारत और पाकिस्तान के साथ ग्रुप ए में हुआ शामिल

मस्कट। हांगकांग ने एशिया कप 2022 के लिए क्वालीफाई कर लिया है । श्रीलंका, भारत, पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान के साथ इस टूर्नामेंट में हिस्सा लेने वाला हांगकांग छठा देश बन गया है। हांगकांग ने कल रात संयुक्त अरब अमीरात पर आठ विकेट से जीत के साथ एशिया कप 2022 के लिए क्वालीफाई किया। हांगकांग की टीम एशिया कप क्वालीफायर में तीनों मैच जीतकर अजेय रही। इस मुकाबले में हांगकांग ने टॉस जीतकर क्षेत्ररक्षण का फैसला किया। यूएई की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 19.3 ओवरों में 147 रनों पर ढ़ेर हो गई। यूएई के लिए कप्तान चुडंगापोयिल रिजवान ने सर्वाधिक 49 रन बनाए। रिजवान के अलावा जवार फरीद ने 41 रन बनाए। यूएई के सात बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा भी नहीं पार कर सके। हांगकांग के लिए एहसान खान ने 4 ओवर में 24 रन देकर 4 विकेट लिए। एहसान के अलावा आयुष शुक्ला ने तीन, एजाज खान ने दो व यासिम मुर्तजा ने 1 विकेट लिया। जवाब में हांगकांग ने 19 ओवर में 2 विकेट पर 149 रन बनाकर जीत हासिल की। हांगकांग के लिए यासिम मुर्तजा ने बेहतरीन अर्धशतकीय पारी खेलते हुए 58 रन बनाए, वहीं, कप्तान निजाकत खान ने 39 और बाबर हयात ने नाबाद 38 रन बनाए। हांगकांग के कप्तान निजाकत खान ने मैच के बाद कहा, ₹मेरे पास यह बताने के लिए शब्द नहीं हैं कि मैं कैसा महसूस कर रहा हूं। मैं हांगकांग क्रिकेट को उनके सभी समर्थन के लिए धन्यवाद देना चाहता हूं। हमें पता था कि एशिया कप के लिए क्वालीफाई करने के लिए हमें तीनों मैच जीतने होंगे और हमने यही किया। हमने इसे खेल के हिसाब से लिया और लड़कों ने वास्तव में अच्छा मुकाबला किया। यह हमारी प्रतिभा दिखाने के लिए एक बड़ा टूर्नामेंट है, और इस टीम में सभी के लिए यह एक शानदार अवसर है।

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एकदिनी श्रृंखला के लिए न्यूजीलैंड की टीम घोषित, मैट हेनरी की वापसी

वेलिंगटन । ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला के लिए न्यूजीलैंड ने अपने टीम की घोषणा कर दी है। टीम में मैट हेनरी की वापसी हुई है। हेनरी का शामिल होना 15 सदस्यीय टीम में एकमात्र बदलाव है जिसने इस सप्ताह के शुरू में वेस्टइंडीज के खिलाफ एकदिवसीय श्रृंखला में जीत दर्ज की थी। न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया के बीच मंगलवार, 6 सितंबर से केर्न्स में तीन एकदिवसीय मैचों की श्रृंखला शुरू होगी, जो 11 सितंबर को समाप्त होगी। न्यूजीलैंड के कप्तान केन विलियमसन ने कहा, ऑस्ट्रेलिया के साथ हमारी बड़ी प्रतिद्वंद्विता है; यह हमेशा प्रशंसकों के लिए एक बड़ा अवसर होता है, और टीम वास्तव में इसके लिए तत्पर रहती है। हम जानते हैं कि ऑस्ट्रेलिया को अपनी परिस्थितियों में हराना कितना मुश्किल है और हम चुनौती का इंतजार कर रहे हैं। मैट का वापस स्वागत करना बहुत अच्छा है। वह पिछले कुछ वर्षों से हमारे अग्रिम पंक्ति के गेंदबाजों में से एक रहे हैं। न्यूजीलैंड की वनडे टीम इस प्रकार हैः केन विलियमसन (कप्तान), फिन एलन, ट्रेंट बोल्ट, माइकल ब्रेसवेल, डेवोन कॉनवे, लॉकी फर्ग्यूसन, मार्टिन गप्टिल, मैट हेनरी, टॉम लैथम (विकेटकीपर), डेरिल मिशेल, जिमी नीशम, ग्लेन फिलिप्स, मिशेल सेंटनर, बेन सियर्स, टिम साउथी।

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 26 अगस्त, 2022
www.azadsipahi.com
11

केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी आज आयेंगी चिटाहीधाम

धनबाद (आजाद सिपाही)। भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी शुक्रवार की सुबह 9.30 बजे चिटाही धाम के राम राज मंदिर पूजा करने पहुंचेंगी। इससे पहले तोपचांची में चारपहिया वाहन और हरिणा चौक में बाइक पर सवार सैकड़ों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा जोरदार स्वागत किया जाएगा। इसके बाद चारपहिया व बाइक जुलूस के साथ केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी रामराज मंदिर पहुंचेंगी। पूजा अर्चना के बाद मंत्री चिटाही में स्थित बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो के आवास पहुंचेंगी। विधायक की अगुवाई में उनके स्वागत की तैयारी की गई है। केंद्रीय मंत्री यहां भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगी। इस बात की जानकारी बाघमारा विधायक प्रतिनिधि शत्रुघ्न महतो एवं बाघमारा मंडल भाजपा अध्यक्ष बच्चू कुमार राय ने दी।

झरिया में नहीं हो पायी जलापूर्ति, लाखों की आबादी परेशान

पूरे झरिया में 27 अगस्त तक सामान्य हो पायेगी जलापूर्ति

झमाडा एसडीओ ने गुरुवार की देर रात तक काम पूरा कर लिए जाने का दिया आश्वासन

आजाद सिपाही संवाददाता

धनबाद/झरिया। झरिया विधानसभा क्षेत्र की लाखों की आबादी को गुरुवार को भी पानी नहीं मिल पाया। शुक्रवार तक लोगों को इंतजार करना पड़ेगा। झमाडा के जामाडोबा जलसंयंत्र केंद्र परिसर में 30 इंच पाईप के लीकेज की मरम्मत कार्य गुरुवार को भी किया गया। पूर्व में हुए ढ़लाई कार्य को मजदूरों द्वारा तोड़ा गया। उसके बाद लोहे का कवर देकर उसे कंक्रिट से पैक करने का काम भी शुरू कर दिया गया है। रात में भी प्रकाश की व्यवस्था कर काम किया जायेगा। पाईप मरम्मत का कार्य जेई आशुतोष राणा की देख रेख में हो रहा है। उन्होंने बताया कि पाईप मरम्मत के साथ ही 12 एमजीडी प्लांट के क्लेरिफायर की भी सफाई की जा रही है। तीन फिट तक गाद जमा हो गया है। जिसकी सफाई कर लोहे के एंगल का पेंटिंग भी किया जायेगा। उसके बाद ही जल भंडारण कर सप्लाई शुरू की जायेगी। वहीं पाईप मरम्मत कार्य को लेकर 18 इंच पाईप की सप्लाई भी रोक दी गई है। जिससे डिगवाडीह, जामाडोबा, पाथरडीह क्षेत्र की भी जलापूर्ति ठप हो चुकी है। झरिया विधानसभा में पूर्ण रूप से झमाडा की सप्लाई ठप है। झमाडा एसडीओ पंकज झा ने बताया कि गुरुवार की देर रात तक काम पूरा हो जायेगा। उसके बाद ही झरिया सहित अन्य क्षेत्रों में जलापूर्ति शुरू हो पायेगी। शनिवार तक झरिया के हर क्षेत्र में जलापूर्ति हो पायेगी।

डिगवाडीह, जामाडोबा, पाथरडीह में भी पानी की किल्लत

क्षतिग्रस्त पाइप लाइन की मरम्मति में जुटे कर्मचारी।

आइआइटी धनबाद में शुरू हुआ स्मार्ट इंडिया हैकथॉन

धनबाद (आजाद सिपाही)। आइआइटी आइएसएम धनबाद में गुरुवार को स्मार्ट इंडिया हैकथॉन का ग्रैंड फिनाले शुरू हुआ। देश के 19 तकनीकी संस्थानों के 113 छात्र-छात्राएं (69 छात्र व 44 छात्रा) हिस्सा ले रहे हैं। संस्थान के गोल्डन लेक्चरर हॉल में कार्यक्रम का उद्घाटन हुआ। जिसके बाद आयोजन स्थल सेंट्रल लाइब्रेरी के चौथे मंजिल पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इंजीनियरिंग के छात्रों को संबोधित किया। देश में आइआइटी धनबाद समेत 75 नोडल सेंटर पर स्मार्ट इंडिया हैकथॉन का ग्रैंड फिनाले का आयोजन हो रहा है। 36 घंटे तक छात्र-छात्राएं समस्याओं के साफ्टवेयर समाधान पर काम करेंगे।

धनबाद पहुंचे परिवहन विभाग के सचिव अव्यवस्थित ट्रैफिक देख खुद सड़क पर उतरे

आजाद सिपाही संवाददाता

धनबाद। परिवहन विभाग के सचिव (रिजनल ट्रॉसपोर्ट अथॉरिटी हजारीबाग) रविराज शर्मा गुरुवार को धनबाद पहुंचे। वह डीटीओ ऑफिस का निरीक्षण करने पहुंचे थे, लेकिन शहर में ट्रैफिक की अव्यवस्था देख बिफर पड़े। परिवहन सचिव खुद सड़क पर उतर गए और जांच करने लगे। आंबेडकर चौक (डीआरएम मोड़) के पास धनबाद डीटीओ राजेश कुमार सिंह के साथ ऑटो जांच करने करने लगे, जिसकी सूचना पाकर पूरे विभाग में अफरातफरी मच गई। डीटीओ ऑफिस के कर्मचारी, ट्रैफिक डीएसपी दलबल के साथ मौके पर पहुंच गए। सूचना पाकर सार्जेंट और ट्रैफिक प्रभारी अरुण किशन भी पुलिस लाइन से पहुंचे। डीआरएम चौक से लेकर पूजा टॉकिज तक एक-एक ऑटो की जांच की गई। वाहन जांच अभियान चलाया गया। कागजात नहीं मिलने पर कुछ से जुमार्ना वसूला गया तो कुछ के वाहन जब्त कर लिए गए। बतातें चलें कि रविराज शर्मा धनबाद में डीटीओ रह चुके हैं। गुरुवार को डीटीओ कार्यालय निरीक्षण को पहुंचे थे, जहां डीटीओ के साथ बैठक कर विभाग की अद्यतन रिपोर्ट ली। साथ ही मैन पॉवर, तकनीकी खामियां व कर्मचारियों की परेशानियों को भी सुना।

कार्यालय जिला पशुपालन पदाधिकारी, पलामू

-: पशुपालकों के लिए आम सूचना :-

सरकार के सचिव, कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (पशुपालन प्रभाग), झारखण्ड, राँची द्वारा निर्गत राज्यादेश संख्या 07 रा0 दिनांक 15.06.2022 के तहत पंचायत स्तरीय दो दिवसीय विशेष पशु स्वास्थ्य शिविर का आयोन किया जा रहा है, जिसमें विभागीय योजनाओं की जानकारी/संक्रामक रोगों से बचाव हेतु जानकारी/बिमार पशुओं की चिकित्सा, कृत्रिम गर्भाधान, टिकाकरण एवं मल, मूत्र रक्त आदि की जाँच की जायेगी। पशुपालकों भाईयों से अनुरोध है कि उक्त कार्यक्रम में भाग लेकर इसका लाभ उठायेंगे।

शिविर दिनांक 29.08.2022 से 22.10.2022 तक आयोजित है।

भाग – 1

क्र0 सं0	प्रखण्ड का नाम	पंचायत का नाम	ग्राम का नाम	शिविर की तिथि		पदाधिकारी/कर्मचारियों का नाम
1	2	3	4	5	6	7
1	विश्रामपुर	कामनवा	कौरटिया	23.09.2022	24.09.2022	01. डॉ0 दीनबन्धु गुप्ता, आदर्श ग्राम पदाधिकारी, पलामू। 02. श्री सुनील दुबे (अनुसेवक) 03. मैत्री कृत्रिम गर्भाधान कार्यकर्ता
2		घासीदाग	कौड़िया	23.09.2022	24.09.2022	
3		सिगसिगी	हॉलगा	23.09.2022	24.09.2022	
4		केतात कला	कनाग	23.09.2022	24.09.2022	
5		तोलरा	कपान	27.09.2022	28.09.2022	
6		गुरी	पिपरा	27.09.2022	28.09.2022	
7		भण्डार	भण्डार	27.09.2022	28.09.2022	
8		पंजरीकला	अनवा	29.09.2022	30.09.2022	
9		लालगढ़	लालगढ़	29.09.2022	30.09.2022	
10		मुरमाकला	मुरमा कला	29.09.2022	30.09.2022	
11	पाण्डू	कुटमु	कुटमु	07.10.2022	08.10.2022	01. डॉ0 दीनबन्धु गुप्ता, आदर्श ग्राम पदाधिकारी, पलामू। 02. श्री सुनील दुबे (अनुसेवक) 03. मैत्री कृत्रिम गर्भाधान कार्यकर्ता
12		कुतिया	लोहरा	07.10.2022	08.10.2022	
13		तिसीबार	तिसीबार खुर्द	07.10.2022	08.10.2022	
14		डाला कला	डाला कला	07.10.2022	08.10.2022	
15		महुगॉवा	भटवलिया	10.10.2022	11.10.2022	
16		पाण्डू	करमडीह	10.10.2022	11.10.2022	
17		सिलदिली	नेवरी	10.10.2022	11.10.2022	
18		मुसीखाप	मुसीखाप	12.10.2022	13.10.2022	
19		कजरू कला	कजरूकला	12.10.2022	13.10.2022	
20		रातनाग	निमिया	12.10.2022	13.10.2022	
21	ऊँटारी रोड	मुरमा खुर्द	पाण्डेय पुरा	14.10.2022	15.10.2022	01. डॉ0 दीनबन्धु गुप्ता, आदर्श ग्राम पदाधिकारी, पलामू। 02. श्री सुनील दुबे (अनुसेवक) 03. मैत्री कृत्रिम गर्भाधान कार्यकर्ता
22		मुरमा कला	सेमरी	14.10.2022	15.10.2022	
23		करकट्टा	जमडीहा	14.10.2022	15.10.2022	
24		जोगा	नौकाडीह	17.10.2022	18.10.2022	
25		लहरबंजारी	सिहरा	17.10.2022	18.10.2022	
26		लुम्बा सतबहनी	नवगढ़	17.10.2022	18.10.2022	
27	लेस्लीगंज	जुरू	तुरकाडीह	29.08.2022	30.08.2022	01. डॉ0 दिलीप कुमार महतो, प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी, लेस्लीगंज 02. अनिल कुमार पाठक (दुग्ध अभिलेखक) 03. मैत्री कृत्रिम गर्भाधान कार्यकर्ता
28		पूर्णाडीह	बसौरा	29.08.2022	30.08.2022	
29		हरतुआ	हरतुआ	29.08.2022	30.08.2022	
30	लेस्लीगंज	दारूडीहा	दारूडीह	02.09.2022	03.09.2022	
31		कोटखास	गोपालगंज	02.09.2022	03.09.2022	
32		लेस्लीगंज	बाबुदुमी	02.09.2022	03.09.2022	
33		सांगबार	सांगबार	05.09.2022	07.09.2022	
34		औरियाकला	औरिया कला	05.09.2022	07.09.2022	
35		कुन्दरी	कमले केडिया	05.09.2022	07.09.2022	
36		नौडिहा बाजार	धनगॉव	08.09.2022	09.09.2022	01. डॉ0 दिलीप कुमार महतो, प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी, लेस्लीगंज 02. अनिल कुमार पाठक (दुग्ध अभिलेखक) 03. मैत्री कृत्रिम गर्भाधान कार्यकर्ता
37		राजहरा	राजहरा	08.09.2022	09.09.2022	
38		कुराईन पतरा	कठौथा	08.09.2022	09.09.2022	
39		पीपरा खुर्द	पीपरा खुर्द	10.09.2022	12.09.2022	
40		जामुनडीह	अगवा खुर्द	10.09.2022	12.09.2022	
41		चौरा	हरसगरा	13.09.2022	14.09.2022	
42		डबरा	नवाडीह तेनार	13.09.2022	14.09.2022	
43	नौडिहा बाजार	डगरा	जमुना	15.09.2022	16.09.2022	01. डॉ0 दिलीप कुमार महतो, प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी, लेस्लीगंज 02. अनिल कुमार पाठक (दुग्ध अभिलेखक) 03. मैत्री कृत्रिम गर्भाधान कार्यकर्ता
44		करकट्टा	सलैया	15.09.2022	16.09.2022	
45		शाहपुर	हरिया	19.09.2022	20.09.2022	
46		सराईडीह	खरडीहा	19.09.2022	20.09.2022	
47		सौरादोहर	सिलदा खुर्द	21.09.2022	22.09.2022	
48		नामुदाग	नामुदाग	21.09.2022	22.09.2022	
49		तरीडीह	डुमरी	23.09.2022	24.09.2022	
50		बेलाई – 2	परांई	23.09.2022	24.09.2022	
51		लक्ष्मीपुर	पोखराहा	27.09.2022	28.09.2022	
52		नावाटांड	नीमा	27.09.2022	28.09.2022	
53		बिशुनपुर	मायापुर	29.09.2022	30.09.2022	
54		लालगड़ा	कौवल	29.09.2022	30.09.2022	
55	चैनपुर	पथरा	पथरा	29.08.2022	30.08.2022	01. डॉ0 दीनबन्धु गुप्ता, आदर्श ग्राम पदाधिकारी, पलामू। 02.संजय कुमार पाठक (प्राविधिक सहायक) 03. गोरख नाथ दुबे (अनुसेवक) 04. मैत्री कृत्रिम गर्भाधान कार्यकर्ता
56		कोशियारा	कोशियारा	29.08.2022	30.08.2022	
57		तलैया बभण्डी	बभण्डी	29.08.2022	30.08.2022	
58		महुगॉवा	महुगॉवा	29.08.2022	30.08.2022	
59		बॉसडीह	बॉसडीह	02.09.2022	03.09.2022	
60		करॉव	खजुरीया	02.09.2022	03.09.2022	
61		ओरनार	ओरनार	02.09.2022	03.09.2022	
62		बुढ़ीवीर	बुढ़ीवीर	02.09.2022	03.09.2022	
63		रबदा	रबदा	05.09.2022	07.09.2022	
64		खुरा कला	खुरा कला	05.09.2022	07.09.2022	
65		पूर्वडीहा	केकरगुआ	05.09.2022	07.09.2022	
66		पतरिया	बोकया खुर्द	05.09.2022	07.09.2022	
67		मझिगॉवा	नगवा	08.09.2022	09.09.2022	
68		सेमरा	सेमरा	08.09.2022	09.09.2022	
69		सलतुआ	सलतुआ	08.09.2022	09.09.2022	
70		करसो	करसो	08.09.2022	09.09.2022	
71		बोढ़ी	बोढ़ी	10.09.2022	12.09.2022	
72		नेउरा	नेउरा	10.09.2022	12.09.2022	
73		झरीवा	झरीवा	10.09.2022	12.09.2022	
74	चैनपुर	भड़गॉवा	भड़गॉवा	10.09.2022	12.09.2022	01. डॉ0 दीनबन्धु गुप्ता, आदर्श ग्राम पदाधिकारी, पलामू। 02.संजय कुमार पाठक (प्राविधिक सहायक) 03. गोरख नाथ दुबे (अनुसेवक) 04. मैत्री कृत्रिम गर्भाधान कार्यकर्ता
75		कोकारी	कोकारी	13.09.2022	14.09.2022	
76		बसरीया कला	बसरीया कला	13.09.2022	14.09.2022	
77		अबसाने	अबसाने	13.09.2022	14.09.2022	
78		चॉदो	चॉदो	13.09.2022	14.09.2022	
79		शाहपुर (प0)	सेमर टोड़	15.09.2022	16.09.2022	
80		शाहपुर (उ0)	पनेरी बॉध	15.09.2022	16.09.2022	
81		बन्दुआ	कराकाट	15.09.2022	16.09.2022	
82		चैनपुर	चैनपुर	15.09.2022	16.09.2022	
83		रामगढ़	रामगढ़	19.09.2022	20.09.2022	
84		उलडण्डा	उलडण्डा	19.09.2022	20.09.2022	
85		चोरहट	चोरहट	19.09.2022	20.09.2022	
86		नावाडीह	नावाडीह	19.09.2022	20.09.2022	
87		बेड़मा बभण्डी	बभण्डी	21.09.2022	22.09.2022	
88		बॉसडीह खुर्द	बॉसडीह खुर्द	21.09.2022	22.09.2022	
89		टेटार	टेटार	21.09.2022	22.09.2022	
90	मनातू	चक	उरूर	29.08.2022	30.08.2022	01. डॉ0 शशि सिन्हा (प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी/भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी), मनातू 02. अमरेश मांझी (मिश्रक) 03. मैत्री कृत्रिम गर्भाधान कार्यकर्ता
91		रंगीया	नाना	02.09.2022	03.09.2022	
92		डुमरी	डुमरी	05.09.2022	07.09.2022	
93		पदमा	तिलियादोहर	08.09.2022	09.09.2022	
94		नवडीहा	टीलहा	08.09.2022	09.09.2022	
95		मझौली	बिहरा	10.09.2022	12.09.2022	
96		बंशी खुर्द	जगरहा	10.09.2022	12.09.2022	
97	तरहसी	सेलारी	सेलारी	13.09.2022	14.09.2022	01. डॉ0 शशि सिन्हा (प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी/भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी), मनातू 02. अमरेश मांझी (मिश्रक) 03. मैत्री कृत्रिम गर्भाधान कार्यकर्ता
98		अरका	सेवती	15.09.2022	16.09.2022	
99		टरिया	टरिया	15.09.2022	16.09.2022	
100		उदयपुरा – 1	उदयपुरा – 1	19.09.2022	20.09.2022	
101		उदयपुरा – 2	उदयपुरा – 2	19.09.2022	20.09.2022	
102		तरहसी	तरहसी	21.09.2022	22.09.2022	
103		गुरहा	धुमा	21.09.2022	22.09.2022	
104		मझौली – 2	मझौली – 2	23.09.2022	24.09.2022	
105		सोनपुरा	सोनपुरा	23.09.2022	24.09.2022	
106		पाठकपगार	पाठक पगार	27.09.2022	28.09.2022	
107		नवगढ़	नवगढ़	27.09.2022	28.09.2022	
108		कसमार	कसमार	29.09.2022	30.09.2022	
109		गोईंदी	गोईंदी	29.09.2022	30.09.2022	
110	नावा बाजार	सोहदाग खुर्द	सोहदाग खुर्द	19.10.2022	20.10.2022	01. डॉ0 दीनबन्धु गुप्ता, आदर्श ग्राम पदाधिकारी, पलामू। 02. राजेन्द्र राम (अनुसेवक) पाटन 03. मैत्री कृत्रिम गर्भाधान कार्यकर्ता
111		कुम्भी कला	महुगाई	19.10.2022	20.10.2022	
112		इटको	इटको	19.10.2022	20.10.2022	
113		कजरा	कजरा	19.10.2022	20.10.2022	
114		रबदा	रबदा	21.10.2022	22.10.2022	
115		तुकबेरा	तुकबेरा	21.10.2022	22.10.2022	
116		राजहरा	सोनिया	21.10.2022	22.10.2022	
117		बसना	बसना	21.10.2022	22.10.2022	

निवेदनक जिला पशुपालन पदाधिकारी, पलामू।

जिला पशुपालन पदाधिकारी, पलामू

PR276430 (Animal Husbandry)22-23*D

महत्वपूर्ण न्यूज

सांसद और विधायक के हाथों शिलान्यास की गयी सड़कों की अधिवक्ता ने की मुख्यमंत्री से जांच की मांग

महुदा (आजाद सिपाही)। बाघमारा प्रखंड के हाथुडीह पंचायत के कचर्रा निवासी अधिवक्ता सह समाजसेवी निर्मल रवानी ने दिनांक बुधवार को गिरिडीह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी द्वारा ग्रामीण कार्य विभाग की ओर से तेलमोचो से लाल बंगला भाया कुंजी, कांड्रा, नागदा, तेतुलिया, पदुगोड़ा होते हुए लाल बंगला तक प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना मद से दर्जनों गांव से होकर गुजरने वाले 13.60 किलोमीटर ग्रामीण सड़क निर्माण के लिए किये गए शिलान्यास पर आपत्ति जताई है। साथ ही मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र के माध्यम से सरकारी पैसों का दुरुपयोग करने का आरोप लगाते हुए शिकायत कर जांच की मांग की हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री को दिये पत्र में कहा कि तेलमोचो से लाल बंगला तक सड़क निर्माण कार्य में कई गांव पड़ेंगे जिसमें अधिकांश में हाल ही में ग्रामीण कार्य विभाग द्वारा सांसद, विधायक, मुखिया के फंड द्वारा सड़क निर्माण कार्य किया जा चुका है। यदि एक-दो गांव कार्य से बंचित है तो जाचों उपरांत मुखिया के फंड से ही मरम्मत किया जा सकता है। इसके लिए करोड़ो रुपये की योजना बनाकर सरकारी पैसों का दुरुपयोग करना सोची-समझी साजिश हो सकती है। वहीं एक साजिश के तहत बाघमारा के दबंग विधायक ढुल्लू महतो द्वारा सांसद को मोहरा बनाकर अपने संवेदक को कार्य देने का आरोप लगाया है। उन्होंने बताया कि ढुल्लू महतो जनता एवं सरकार को अंधेरे में रखकर सरकारी पैसों की खानापूर्ति कर सिर्फ अपनी जेब भरने की आदत बना चुके हैं। विधायक करोड़ों की कमाई कर क्षेत्र में दबंगई कर सिर्फ अपने जनाधार को बढ़ा रहे है।

डीवीसी कर्मचारी संघ मैथन इकाई का चुनाव संपन्न, सुभाष चंद्र बने अध्यक्ष

चिरकुंडा (आजाद सिपाही)। डीवीसी कर्मचारी संघ के मैथन शाखा कार्यालय में गुरुवार को मैथन ईकाई के पदाधिकारियों का चुनाव हुआ। जिसकी अध्यक्षता संघ के महासचिव सुब्रतो मित्रा ने की। इस चुनाव में सुभाष चंद्र झा अध्यक्ष, अर्जुन सिंह, एसएन प्रसाद, राकेश कुमार सिंह उपाध्यक्ष, सचिव मदन मोहन मेहता, संयुक्त सचिव भगवान रवानी, संगठन सचिव जयराम चौधरी, सहायक सचिव क्रमसः एसएन कुमार एवं सुरेश कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष गुरुप्रकाश के अलावे आठ कार्यकारी सदस्य चुने गए। इसकी सूचना महासचिव द्वारा पत्र देकर संघ के अध्यक्ष जयमंगल सिंह, परियोजना प्रमूख मैथन, वरीय मुख्य अभियंता (उत्पादन), उपमहाप्रबंधक प्रशासन, मुख्य अभियंता पनविजली, वरिष्ठ वित्त पदाधिकारी, मैथन ओपी प्रभारी व मैथन के पदाधिकारियों आदि को दिया गया है।

रैयत ग्रामीणों ने बांसजोड़ा कोलियरी कार्यालय के समक्ष किया धरना प्रदर्शन

लोयाबाद (आजाद सिपाही)। बांसजोड़ा के रैयत ग्रामीणों ने गुरुवार को बीसीसीएल प्रबंधक के खिलाफ कोलियरी कार्यालय प्रांगण में धरना प्रदर्शन किया।रैयतो ने बीसीसीएल पर जमीन बर्बाद करने का आरोप लगाया। रैयत कोकिल महतो, रामप्रवेश गुप्ता, जय सिंह, सुरेश सिंह, बिनोद सिंह, महेश सिंह, महेश दास, राजू रवानी, नरेश सिंह, रमेश सिंह, हरि सिंह आदि ने बताया कि उनकी कुल 272 एकड़ जमीन बांसजोड़ा मौजा में है। जहां बिना नियोजन और मुआवजे के कोयले का माइंस चलाकर तकरीबन आधे से ज्यादा जमीन को बर्बाद कर दिया गया है।बीसीसीएल सभी जमीन को अपना होने का दावा करती है। लेकिन जमीन के कागजात नहीं दिखाती है। बांसजोड़ा में जबरन रैयतों की जमीन हड़पा जा रहा है। कुछ लोग अदालत में केस भी किए हैं। फिर भी माइंस चलाया गया, जो अन्याय है। अब हम रैयत काम का विरोध करेंगे। एक इंच जमीन पर भी परियोजना नहीं चलने देंगे। रैयतों की मानें तो डीजीएमएस को जमीन विवरण के साथ शिकायत भी की गई है। बांसजोड़ा परियोजना पदाधिकारी को दिए गए पत्र में रैयतो ने साफ लिखा है कि अब माइंस नहीं चलने देंगे। दूसरी ओर, प्रबंधन द्वारा लिखित रूप से 29 अगस्त को वार्ता के लिए दिए गए आश्वासन के बाद धरना समाप्त हो गया। इस मौके पर मुकेश सिंह, बिनोद पासवान, जीतू वर्णवाल, सिविल सिंह आदि थे।

बोकारो के निजी क्षेत्रों में 75 फीसदी स्थानीय लोगों को रोजगार देना सुनिश्चित हो : सचिन

आजाद सिपाही संवाददाता

बोकारो। बोकारो में स्थापित निजी क्षेत्र के सभी संस्थानों में बहाली में 75 फीसदी स्थानीय लोगों को अवसर देने का प्रावधान है। लेकिन अभी तक किसी भी संस्थान में इसे लागू नहीं किया गया है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है। उक्त बातें आजसू के जिलाध्यक्ष सचिन महतो ने कही। गुरुवार को उनके नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल बोकारो डीसी से मिलकर ज्ञापन भी सौंपा। उन्होंने कहा कि झारखंड के श्रम नियोजन एवं प्रशिक्षण विभाग द्वारा निजी क्षेत्र में स्थानीय उम्मीदवार का नियोजन नियामवली 2022 की गजट की अधिसूचना जारी कर दी है। नियमावली 29 जुलाई 2022 से लागू है। लेकिन अभी तक बोकारो जिले के निजी क्षेत्र के नियोक्ताओं ने इसमें रूचि नहीं दिखाई है। जबकि यह बाध्यकारी है। 40 हजार रुपये के वेतन वालें कामों में 75 फीसदी स्थानीय को अवसर देने का प्रावधान है, इसके लिए हर नियोक्ता को 30 दिन के भीतर निबंधन करना होगा। उन्होने कहा कि 29 अगस्त को बोकारो उप श्रमायुक्त से मिलकर ज्ञापन सौंपा जाएगा। इसके अलावा आठ सितंबर को इसी मुद्दे पर आजसू बोकारो जिला में एक दिवसीय धरना देंगे। अगर हमारी मांगों पर जिला प्रशासन ने गंभीरता नहीं दिखाई तो चरणबद्ध आंदोलन होगा। इस मौके पर प्रधान सचिव तपन सिंह चौधरी, कार्यकारी अध्यक्ष अशोक महतो, जिला प्रवक्ता प्रकाश शर्मा, उपाध्यक्ष अनिल झा, जिला सचिव नरेंद्र महतो, कोषाध्यक्ष इन्द्रनाथ महतो आदि उपस्थित थे।

बाइक चोर गिरफ्तार, तीन बाइक जब्त

आजाद सिपाही संवाददाता

बोकारो थर्मल। थाना क्षेत्र में लगातार हो रहे बाइक चोरी की घटना का पुलिस को उद्भेदन करने में सफलता मिली है। पुलिस ने बाइक चोरी के आरोप में एक युवक को चोरी की बाइक के साथ लाल चौक मुख्य सड़क से रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। उसकी पहचान चंद्रदेव हेमरोम के रूप में हुई है। उससे सख्ती से पूछताछ के बाद उसकी निशानदेही पर पेंक थाना क्षेत्र के उपरघाट स्थित कुंभियाबेड़ा गांव निवासी चंदरू मांझी के घर से चोरी के दो और बाइक भी बरामद की है। हालांकि घर का मालिक चंदरू मांझी पुलिस को देखकर मौके से फरार हो गया। इस बाबत बोकारो थर्मल थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर शैलेश कुमार चौहान ने बताया कि बोकारो थर्मल फुटबॉल ग्राउंड के समीप खड़े डीवीसी कर्मी चैयन चक्रवर्ती की बाइक गत बुधवार की शाम चोरी कर चंद्रदेव हेमरोम भाग रहा था। जिसे गुप्त सूचना के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए लालचौक मुख्य सड़क से पकड़ लिया गया। तीसरी बाइक गोमिया से चोरी हुई थी। इस अभियान में पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी बोकारो थर्मल शैलेश कुमार चौहान के अलावे पुलिस अवर निरक्षक अमित कुमार सिंह, पुलिस अवर निरक्षक आशीष कुमार, सहायक अवर निरक्षक अनूप सिंह, सहायक अवर निरक्षक विनोद मुंडा, पुलिस अवर निरक्षक विक्रांत मुंडा आदि शामिल थे।

भाजयुमो की बैठक में शामिल हुए प्रदेश अध्यक्ष

अगली बार झरिया में खिलेगा कमल : किसलय

आजाद सिपाही संवाददाता

भाजयुमो की बैठक में उपस्थित वरिष्ठ पदाधिकारी।

झरिया। झरिया भाजपा कार्यालय में गुरुवार को भाजयुमो धनबाद महानगर अध्यक्ष अमलेश सिंह की अध्यक्षता में बैठक हुई। जिसमें भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष किसलय तिवारी भी शामिल हुए। उन्होंने कहा कि संगठन को नई मजबूती प्रदान करने के लिए बैठक बुलाई गई है। हर्ष की बात है कि कि धनबाद महानगर भाजयुमो संगठन को सशक्त कर रही है। अगली बार झरिया में युवा मोर्चा की मेहनत के कारण कमल खिलाया जाएगा। वहीं, जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर सिंह ने कहा कि संगठन जिस मजबूती से काम कर रहा है उसे देखते हुए निसंदेह कहा जा सकता है कि झरिया विधानसभा अब भाजपा की झोली में ही गिरेगी। युवा मोर्चा धनबाद महानगर की कार्यशैली से यह तो साफ है कि भजपा एक प्रचंड बहुमत की ओर बढ़ रही है। इसके लिए झरिया के सभी तीन मंडलों के सभी कार्यकर्ताओं को शुभकामनाएं व बधाई। जबकि भाजयुमो जिला अध्यक्ष अमलेश सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दिए दिशा-निर्देशों के अनुसार हम अपने कार्यों का अनुपालन कर रहे हैं। इस मौके पर भाजपा महानगर के जिला अध्यक्ष चंद्रशेखर सिंह, प्रदेश महामंत्री रुपेश सिन्हा, उमेश यादव, स्वरूप भट्टाचार्य, मानस प्रसून, अभिषेक सिंह, जयंत सिंह चौधरी, अवध बिहारी राम, अवधेश शाह, सुमित प्रमाणिक, राहुल सोनी, रजनीश सिंह, प्रेम प्रकाश नोनिया, राहुल नोनिया, यस जीत सोनी आदि थे।

मुख्य प्रशासनिक सचिव, मुख्यमंत्री के सचिव ने किया संबलपुर का दौरा, कहा

वीएसएसयूटी इंजीनियरिंग शिक्षा में उत्कृष्टता के केंद्र के रूप में होगा विकसित

आजाद सिपाही संवाददाता

भुवनेश्वर। मुख्यमंत्री नवीन पटनायक के निर्देश पर मुख्य प्रशासनिक सचिव सुरेश चंद्र महापात्र, मुख्यमंत्री के सचिव (5टी) वीके पांडियन, प्रमुख सचिव कौशल विकास एवं तकनीकी शिक्षा हेमंत शर्मा ने आज संबलपुर का दौरा किया और बुर्ला में वीर सुरेंद्र साई प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, मां समलेश्वरी मंदिर और अन्य रूपांतरण कार्यों की प्रगति की बारे मे समीक्षा की। वीएसएसयूटी राज्य के प्रमुख इंजीनियरिंग कॉलेजों में से एक है और पूरे देश में इसकी एक बड़ी ख्याति है। मुख्य प्रशासनिक सचिव सुरेश चंद्र महापात्र, मुख्यमंत्री के सचिव (5टी) वीके पांडियन, प्रमुख सचिव कौशल विकास और व्यावसायिक शिक्षा हेमंत शर्मा ने वीएसएसयूटी का दौरा किया और विश्वविद्यालय के अकादमिक ब्लॉक, कक्षाओं और प्रयोगशालाओं, विश्वेश्वरैया सभागार, पुलह और बड़ा हॉल का दौरा किया और कुलपति शिक्षकों और छात्रों के साथ विभिन्न समस्याओं के बारे में उपलब्ध सुविधाओं और भविष्य की विकास योजनाओं के संबंध पर चर्चा की। देश में तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में वीएसएसयूटी के महत्व को देखते हुए मुख्यमंत्री के अनुमोदन से इसे इंजीनियरिंग शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता केंद्र के रूप में विकसित किया जायेगा और इसके लिए एक मास्टर प्लान तैयार किया जायेगा एवं अगले 15 दिनों के भीतर मुख्यमंत्री को मास्टर प्लान सौपा जायेगा। छात्र, शिक्षकों, उद्योग, पुराने छात्रों और स्थानीय प्रशासन के साथ व्यापक विचार-विमर्श के बाद मास्टर प्लान तैयार किया जायेगा। यह मास्टर प्लान इस तरह से बनाया जायेगा कि वीएसएसयूटी को आइआइटी और अन्य राष्ट्रीय संस्थानों से मुकाबला किया जा सके। श्री पांडियन ने 5टी सचिवों की प्रशंसा की और उद्योग लिंकेज पर जोर दिया। मुख्य सचिव और 5टी सचिवों ने इस एकीकृत परियोजना की प्रगति पर संतोष व्यक्त किया और समयबद्ध कार्यक्रम अपनाने का सुझाव दिया। प्रमुख सचिव और वरिष्ठ अधिकारियों ने लेडी लुइस गर्ल्स हाइ स्कूल का दौरा किया, जो स्कूल रूपांतरण कार्यक्रम में शामिल हुए और शिक्षकों, छात्रों और पूर्व छात्रों के साथ परिवर्तन कार्यक्रम के प्रभाव पर चर्चा की।

परियोजना की प्रगति से अवगत कराया

वरिष्ठ अधिकारियों ने पहले मां समलेश्वरी के मंदिर में जाकर मां की पूजा की। इस कार्यक्रम की प्रगति के संबंध में मुख्य सचिव एवं 5टी सचिवों ने सेवायत एवं जनसाधारण से विचार-विमर्श किया। ओबीसीसी अधिकारियों ने मुख्य प्रशासनिक सचिव और 5टी सचिवों को परियोजना की प्रगति से अवगत कराया। 5टी सचिवों ने परियोजना के तहत सभी कार्यों में तेजी लाकर उसे जल्द पूरा करने के आदेश दिये।

एसयूएम अस्पताल ने किया लार ग्रंथि के ट्यूमर पर सीएमइ का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

भुवनेश्वर। यहां के आयुर्विज्ञान संस्थान और एसयूएम अस्पताल में शनिवार को 'लार ग्लैंड ट्यूमर के लिए नैदानिक दृष्टिकोण' विषय पर एक 'सतत चिकित्सा शिक्षा' कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें लगभग 200 प्रतिभागियों ने भाग लिया। अस्पताल के पैथोलॉजी विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन एसओए के कुलपति प्रो अशोक कुमार महापात्रा ने किया। टाटा मेमोरियल हॉस्पिटल, मुंबई के हेड एंड नेक

पैथोलॉजिस्ट डॉ असावरी पाटिल, जिपमर, पुडुचेरी में अतिरिक्त प्रोफेसर डॉ देबाशीष गोचायत और आईएमएस और एसयूएम अस्पताल में ऑन्कोसर्जन डॉ प्रद्युम्न साहू रिसोर्स पर्सन थे।

कार्यक्रम को आईएमएस एवं एसयूएम अस्पताल के डीन प्रो (डॉ) संघमित्रा मिश्रा, चिकित्सा अधीक्षक प्रो (डॉ) पुष्पराज सामंतसिंहर और अस्पताल के पैथोलॉजी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ देबाहुति महापात्र ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। इस कार्यक्रम के दौरान एक प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम सुर्खियों में रहा, जिसमें सात अलग-अलग मेडिकल कॉलेजों के 14 प्रतिभागियों ने भाग लिया। क्विज मास्टर डॉ प्रीतिनंद मिश्रा थे। सीएमइ की आयोजन सचिव डॉ निवेदिता साहू और सह-संगठन सचिव डॉ प्रियदर्शिनी देहुरी ने धन्यवाद प्रस्ताव रखा।

पूर्व मध्य रेल

ई-निविदा सूचना

मंडल रेल प्रबंधक (अभियंत्रण)/पूर्व मध्य रेल/धनबाद द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है :–

1. ई-निविदा सं. : 120-DHN-2022-23, कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि : सहा. मं. अभि. /रेणुकूट के अधीन सीआईसी सेक्शन में टंग रेल, चाइट एवं क्रासिंग और एसइजे का रि-कंडिशनिंग। 09 (नौ) महीना। कार्य की लगभग लागत (रु में) : ₹20,30,429.40

2. ई-निविदा सं. : 121-DHN-2022-23, कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि : धनबाद मंडल के गोमो–बरकाकाना–गढ़वा रोड सेक्शन में वरीय अनुभाग अभियंता (ब्रिज)/धनबाद के अधीन पुल संख्या 238, 1, 59A, 61A, और 77A के स्टील गिरडर पुल में साइड पाथवे का प्रावधान। 07 (सात) महीना। कार्य की लगभग लागत (रु में) : ₹1,00,43,851.46

3. ई-निविदा सं. : 122-DHN-2022-23, कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि : व. मं. अभि. (2)/धनबाद के अधीन निचितपुर से गोमो तक 160 कि.मी.प्र.घं. तक सेक्शनल स्पीड बढ़ाने के संबंध में 2.25 मी. की ऊँचाई तक वाले चाहरदीवारी का प्रावधान (अवशेष कार्य)। 08 (आठ) महीना। कार्य की लगभग लागत (रु में) : ₹8,42,95,958.49

4. ई-निविदा सं. : 123-DHN-2022-23, कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि : धनबाद मंडल – सहा. मं.अभि./2/गोमो और सहा.मं.अभि. /बरकाकाना के अधीन टीबीआर–108.67 टी.कि.मी. । 18 (अठारह) महीना। कार्य की लगभग लागत (रु में) : ₹4,97,19,485.80

5. ई-निविदा सं. : 124-DHN-2022-23, कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि : धनबाद मंडल में वरीय अनुभाग अभियंता (ब्रिज लाइन)/डाल्टनगंज के अधीन चोपन–शक्तिनगर सेक्शन में पुल संख्या 7, 31, 35 तथा 44 के टॉप फलांग प्लेट के कोरोडेड/ रस्टेड/क्रैक्ड, तलीय मुख्य एंग्ल, गसेट प्लेट, क्रॉस गिरडर के लैटरल ब्रासिंग स्ट्रेथेनिंग को बदलना, रक्षक स्क्रीन प्रावधान तथा डीले रिवेटस का बदलना। 08 (आठ) महीना। कार्य की लगभग लागत (रु में) : ₹1,49,76,680.45

6. ई-निविदा सं. : 125-DHN-2022-23, कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि : सहा. मं. अभि. /गुझंडी के क्षेत्राधिकार में परसाबाद से लारबाद (कि.मी. 367.0 – कि.मी. 388.30) तक 160 कि.मी.प्र.घ तक सेक्शनल स्पीड बढ़ाने के संबंध में डाउन लाइन में 2.25 मी. की ऊँचाई तक वाले चाहरदीवारी का प्रावधान। 12 (बारह) महीना। कार्य की लगभग लागत (रु में) : ₹17,25,44,044.91

7. ई-निविदा सं. : 126-DHN-2022-23, कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि : सहा. मं. अभि. /गुझंडी के क्षेत्राधिकार में आइबीएच10 से बंशीनाला (कि.मी. 431.0 – कि.मी. 444.0) तक 160 कि.मी.प्र.घ तक सेक्शनल स्पीड बढ़ाने के संबंध में डाउन लाइन में 2.25 मी. की ऊँचाई तक वाले चाहरदीवारी का प्रावधान। 09 (नौ) महीना। कार्य की लगभग लागत (रु में) : ₹9,98,58,261.17

8. ई-निविदा सं. : 127-DHN-2022-23, कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि : सहा. मं. अभि. /गुझंडी के क्षेत्राधिकार में बंशीनाला से मानपुर (कि.मी. 444.0 – कि.मी. 462.71) तक 160 कि.मी.प्र.घ तक सेक्शनल स्पीड बढ़ाने के संबंध में डाउन लाइन में 2.25 मी. की ऊँचाई तक वाले चाहरदीवारी का प्रावधान। 09 (नौ) महीना। कार्य की लगभग लागत (रु में) : ₹11,10,95,196.37

9. ई-निविदा सं. : 128-DHN-2022-23, कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि : सहा. मं. अभि. /गुझंडी के क्षेत्राधिकार में लारबाद से आइबीएच 10 (कि.मी. 388.3 – कि.मी. 431.0) तक 160 कि.मी.प्र.घ तक सेक्शनल स्पीड बढ़ाने के संबंध में डाउन लाइन में 2.25 मी. की ऊँचाई तक वाले चाहरदीवारी का प्रावधान। 09 (नौ) महीना। कार्य की लगभग लागत (रु में) : ₹9,96,90,365.98

10. ई-निविदा सं. : 129-DHN-2022-23, कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि : सहा. मं. अभि. /गुझंडी के क्षेत्राधिकार में हजारीबाग रोड से परसाबाद (कि.मी. 344.45 – कि.मी. 367.0) तक 160 कि.मी.प्र.घं तक सेक्शनल स्पीड बढ़ाने के संबंध में डाउन लाइन में 2.25 मी. की ऊँचाई तक वाले चाहरदीवारी का प्रावधान। 09 (नौ) महीना। कार्य की लगभग लागत (रु में) : ₹11,25,83,036.33

11. ई-निविदा सं. : 130-DHN-2022-23, कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि : सहा. मं. अभि. /1/गोमो के क्षेत्राधिकार में चौधरीबांध से हजारीबाग रोड (कि.मी. 327.0 – कि.मी. 344.45) तक 160 कि. मी.प्र.घ तक सेक्शनल स्पीड बढ़ाने के संबंध में डाउन लाइन में 2.25 मी. की ऊँचाई तक वाले चाहरदीवारी का प्रावधान। 09 (नौ) महीना। कार्य की लगभग लागत (रु में) : ₹8,78,07,985/–

12. ई-निविदा सं. : 131-DHN-2022-23, कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि : सहा. मं. अभि. /1/गोमो के क्षेत्राधिकार में धनबाद से निचितपुर (कि.मी. 272.0 – कि.मी. 290.0) तक 160 कि.मी.प्र.घ तक सेक्शनल स्पीड बढ़ाने के संबंध में डाउन लाइन में 2.25 मी. की ऊँचाई तक वाले चाहरदीवारी का प्रावधान। 09 (नौ) महीना। कार्य की लगभग लागत (रु में) : ₹10,43,43,285.97

13. ई-निविदा सं. : 132-DHN-2022-23, कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि : सहा. मं. अभि. /1/गोमो के क्षेत्राधिकार में निचितपुर से निमियाघाट (कि.मी. 290.0 – कि.मी. 310.0) तक 160 कि.मी.प्र.घ तक सेक्शनल स्पीड बढ़ाने के संबंध में डाउन लाइन में 2.25 मी. की ऊँचाई तक वाले चाहरदीवारी का प्रावधान। 09 (नौ) महीना। कार्य की लगभग लागत (रु में) : ₹8,75,07,985/–

14. ई-निविदा सं. : 133-DHN-2022-23, कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि : सहा. मं. अभि. /1/गोमो के क्षेत्राधिकार में निमियाघाट से चौधरीबांध (कि.मी. 310.0 – कि.मी. 327.0) तक 160 कि.मी.प्र.घ तक सेक्शनल स्पीड बढ़ाने के संबंध में डाउन लाइन में 2.25 मी. की ऊँचाई तक वाले चाहरदीवारी का प्रावधान। 09 (नौ) महीना। कार्य की लगभग लागत (रु में) : ₹8,75,07,985/–

15. ई-निविदा सं. : 134-DHN-2022-23, कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि : सहा. मं. अभि. /2/धनबाद के क्षेत्राधिकार में प्रधानखंता से धनबाद (कि.मी. 260.30 – कि.मी. 272.0) तक 160 कि.मी.प्र.घ तक सेक्शनल स्पीड बढ़ाने के संबंध में डाउन लाइन में 2.25 मी. की ऊँचाई तक वाले चाहरदीवारी का प्रावधान। 09 (नौ) महीना। कार्य की लगभग लागत (रु में) : ₹8,75,07,985/–

16. ई-निविदा सं. : 135-DHN-2022-23, कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि : व. मंडल अभियंता (भू-संपदा), पू.म. रेल, धनबाद के अधीन धनबाद मंडल के लिए एसकेवी विधि द्वारा 60के जी /52केजी/60ईआई–आर260 रेल के वेल्डिंग के लिए पोर्सन की आपूर्ति। 12 (बारह) महीना। कार्य की लगभग लागत (रु में) : ₹ 1,35,67,394.77

ब्याने की राशि (रु में) : ब्याने की राशि http://www.ireps.gov.in पोर्टल पर दिखाये राशि के अनुसार लागू। निविदा बंद होने एवं खुलने की तारीख तथा समय : ई–निविदा बंद होने की तारीख 14.09.2022 को 17:00 बजे। ई–निविदा खुलने की तारीख 15.09.2022 को 12:00 बजे से। वेबसाइट का विवरण : http:// www.ireps.gov.in ई–निविदा के तहत मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं की जाएगी।

मंडल रेल प्रबन्धक (अभियंत्रण)/
पुमरे/धनबाद
पीआर/0909/डीएचएन/अभि./टी/22–23/180

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित।
संपादक : हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक* :** विनोद कुमार, ***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**